

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 विपक्ष के पास भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट ...

रोहित ने जायसवाल को मुंबई में ही बनें रहने की... 11



वर्ष : 13 ■ अंक : 120 ■ पटना, शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 www.pratahkiran.com


# 21 तीर्थों की मिट्टी और 31 नदियों के जल से पुनौराधाम में माता जानकी मंदिर का शिलान्यास आज

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सीएम नीतीश रखेंगे आधारशिला

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद बिहार के सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में माता सीता का अद्भुत मंदिर बनने जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज यानी शुक्रवार को मंदिर का शिलान्यास करेंगे। पुनौरा धाम में जानकी मंदिर और कॉरिडोर के शिलान्यास समारोह को भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्यक्रम में अमित शाह और नीतीश कुमार समेत कई बड़े नेता, संत और आम लोग शामिल होंगे। अनुमान है कि इस कार्यक्रम में लाखों लोग शामिल होंगे। मंदिर शिलान्यास के लिए जयपुर से विशेष चांदी के कलश, भारत के 21 प्रमुख तीर्थों की मिट्टी और 31 पवित्र नदियों का जल लाया जाएगा। दक्षिण भारत के बालाजी मंदिर तिरुपति के समान यहां 50 हजार पैकेट लड्डू बनाए जा रहे हैं। लड्डू बनाने के लिए दक्षिण भारत के विशेषज्ञ कारीगर खासतौर पर आए हैं। इन लड्डुओं का संकल्प स्नान गंगा सहित 11 पवित्र नदियों के जल से किया जाएगा, जो कार्यक्रम की दिव्यता को और बढ़ाएगा।



मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए होंगे आधुनिक सुविधाएं मंदिर का निर्माण 67 एकड़ में होगा, जिसमें 151 फीट ऊंचा भव्य मंदिर तैयार किया जाएगा, जिसकी योजना वर्ष 2028 तक पूरा होने की है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए कई सुविधाएं शामिल होंगी। इसमें यज्ञ मंडप, संग्रहालय, ऑडिटोरियम, कैफेटेरिया, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, धर्मशाला, सीता वाटिका, लवकुश वाटिका, भजन संध्या स्थल, यात्री डॉरमेट्री भवन, यात्री अतिथि गृह, ई-कार्ट स्टेशन, मिथिला हाट, पार्किंग, मार्ग प्रदर्शनी समेत अन्य सुविधाएं शामिल हैं। मंदिर परिसर में माता सीता से जुड़े ऐतिहासिक साक्ष्यों, तथ्यों और कहानियों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान भी प्राप्त होगा। इसके अलावा, माता जानकी कुंड का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में कई केंद्रीय,राज्यमंत्री के साथ ही राज्य और देश भर से बड़ी संख्या में साधु-संत तथा हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए उपस्थित होंगे। मंदिर निर्माण परियोजना पर लगभग 882 करोड़ 87 लाख रुपये का खर्च अनुमानित है। जो न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र का पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास भी करेगा। यह परियोजना मिथिला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## सीतामढ़ी - दिल्ली के बीच दौड़ेगी अमृत भारत ट्रेन

पटना। बिहार के सीतामढ़ी जिले को केन्द्र सरकार ने मां जानकी मंदिर निर्माण के साथ एक और बड़ा तोहफा दिया है। सीतामढ़ी से दिल्ली के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आठ अगस्त को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने बताया कि मां जानकी के पावन प्राकट्य पुनौरा धाम में 8 अगस्त को होने वाले भव्य मां जानकी मंदिर के निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली और सीतामढ़ी के बीच इस नई ट्रेन के संचालन को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलेगी। ट्रेन के शुरू होने से न केवल दिल्ली और सीतामढ़ी के बीच यात्रा अधिक सुगम होगी, बल्कि इससे मां जानकी के प्राकट्य स्थल पुनौरा धाम में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है। यह ट्रेन धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 1,03,475 |
| चांदी | 1,25,000 |
| सेंसेक्स | 80,623 |
| निफ्टी | 24,596 |

## सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका खारिज की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार, 7 अगस्त 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस वर्मा ने अपने दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर 14-15 मार्च 2025 को आगजनी की घटना के दौरान कथित तौर पर भारी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद होने के मामले में इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट और पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की महाभियोग सिफारिश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह शामिल थे, ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि जस्टिस वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई और पूर्व मुख्य न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखा गया पत्र असंवैधानिक नहीं था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के वकील कपिल सिब्बल से सवाल किया कि अगर वह जांच प्रक्रिया को गलत मानते थे, तो समिति के सामने पेश क्यों हुए? कोर्ट ने यह भी कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह से नियमों के अनुसार थी और जस्टिस वर्मा का आचरण न्यायिक मर्यादा के अनुरूप नहीं पाया गया। यह मामला न्यायपालिका की पारदर्शिता और जवाबदेही के सवालों को फिर से सामने लाता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायिक प्रक्रिया का पालन किया गया है और इस मामले में आगे की कार्रवाई संसद या संबंधित अधिकारियों पर निर्भर करेगी।

## सीएम नीतीश ने शिक्षकों को दी बड़ी राहत, एक्स पर की महत्वपूर्ण घोषणा

# शिक्षकों को तबादलें मे 3 जिलों का विकल्प

## सीएम की शिक्षकों से अपील- बच्चों की शिक्षा के लिए लगनपूर्वक करें काम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षाबंधन से पहले शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। शिक्षकों के ट्रांसफर संबंधित इस ऐलान से उन शिक्षकों को राहत मिलेगी जो अपने जिले से दूर दूसरे जिले में छात्रों को पढ़ाने जाते हैं। सीएम नीतीश कुमार को शिक्षकों के ट्रांसफर से संबंधित कई सुझाव मिले हैं, जिसके तहत अब अंतर जिला ट्रांसफर से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए नई व्यवस्था लागू की जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि जिन शिक्षकों को ट्रांसफर से संबंधित समस्याएं हैं, उनसे तीन जिलों का विकल्प लिया जाए और उनकी पोस्टिंग उन्हीं जिलों में की जाए। यह निर्णय शिक्षकों की सुविधा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उठाया गया कदम है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, शिक्षा विभाग द्वारा हाल में किए गए शिक्षकों के स्थानान्तरण के बारे में विभिन्न स्त्रोतों से सुझाव प्राप्त हो रहे हैं। इसकी समीक्षा के क्रम में मैंने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निदेश दिया है कि अन्तर जिला स्थानान्तरण संबंधी जिन शिक्षकों की भी समस्या है, उनसे 3 जिलों का विकल्प प्राप्त किया जाएगा, जिसके बाद उन्हीं जिलों में उनका पदस्थापन किया जाएगा। जिलों के अंदर पदस्थापन का कार्य जिला पदाधिकारी की समिति द्वारा किया जाएगा ताकि यथासंभव इच्छित प्रखण्डों या उनके नजदीक उनका पदस्थापन हो सके। सीएम ने आगे लिखा, शिक्षक बच्चों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, इसीलिए मेरा विनम्र आग्रह होगा कि वे इस बारे में चिंतित न होकर बिहार में बच्चों की शिक्षा के लिए लगनपूर्वक काम करें।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय बिएनाले-2025 के प्रतीक चिन्ह का अनावरण एवं विभिन्न देशों द्वारा लगाई गई अस्थाई प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम किया जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों (डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय बिएनाले 2025 के प्रतीक चिन्ह का किया अनावरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय बिएनाले-2025 के प्रतीक चिन्ह का रिमोट के माध्यम से अनावरण किया। बिहार संग्रहालय बिएनाले-2025 के अवसर पर विभिन्न देशों द्वारा लगायी गयी अस्थाई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात अस्थाई प्रदर्शनी में त्योहार और प्रदर्शन, प्रतीकवाद और उत्सव, दीक्षा समारोह, खुदाई में चिरांद, सौंदर्य और सौंदर्य शास्त्र, स्वास्थ्य और कल्याण आदि विषयों पर आधारित थाईलैंड, इंडोनेशिया, जाम्बिया, मैक्सिको, कोरिया, श्रीलंका सहित अन्य देशों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। बिहार संग्रहालय के बहुद्देशीय सभागार में इंडोनेशिया, इथोपिया आदि देशों की संस्कृति, इतिहास और प्राकृतिक सुंदरता पर आधारित लगायी गयी प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बिहार संग्रहालय बिएनाले - 2025 के कार्यक्रम की रूप-रेखा एवं विभिन्न देशों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी के संदर्भ में मुख्यमंत्री के विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान बिहार संग्रहालय बिएनाले - 2025 में इथोपिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका, मैक्सिको, अर्जेंटिना और पेरू से आये एम्बेसडर्स के साथ मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की और सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। बिहार संग्रहालय परिसर स्थित मुक्ताकाश प्रेक्षास्थल में होने वाले सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। वहां उपस्थित लोगों ने हाथ हिलाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय बिएनाले - 2025 में भाग ले रहे कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी, विभिन्न देशों से आये एम्बेसडर, कलाकार एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोलें पीएम

## किसानों का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसानों, मछुआरों और पशुपालकों का हित भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इन वर्गों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए वे व्यक्तिगत रूप से कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत अपने अन्नदाताओं के साथ कभी कोई समझौता नहीं करेगा। प्रधानमंत्री मोदी गुरूवार को नई दिल्ली स्थित आईसीएआर पूसा में आयोजित एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत में कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाने की दिशा में प्रोफेसर स्वामीनाथन के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन ने यह दिखाया कि विज्ञान केवल खोज नहीं बल्कि वितरण का भी माध्यम होना चाहिए।

उन्होंने अपने शोध के माध्यम से किसानों को खेती के आधुनिक तरीकों के लिए प्रेरित किया। उनके विचार आज भी हमारी नीतियों और कृषि विज्ञान में परिलक्षित होते हैं। मोदी ने कहा कि हरित क्रांति के जनक माने जाने वाले डॉ. स्वामीनाथन का योगदान केवल कृषि उत्पादन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने बायोडायवर्सिटी और बायो-हैप्पीनेस जैसे विचारों के माध्यम से स्थानीय समुदायों को भी सशक्त बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन मानते थे कि बायोडायवर्सिटी के जरिए स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डॉ. स्वामीनाथन की स्मृति में एमएस स्वामीनाथन अवॉर्ड फॉर फूड एंड पीस की शुरूआत की गई है, जो विकासशील देशों के उन



वैज्ञानिकों को दिया जाएगा जिन्होंने खाद्य सुरक्षा की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस पुरस्कार के पहले विजेता नाइजीरिया के प्रोफेसर बने हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज चावल, गेहूं, कपास, सब्जियां और मछली उत्पादन में दुनिया में शीर्ष स्थानों पर है। उन्होंने कहा, सोयाबीन, मूंगफली और सरसों जैसी फसलों का उत्पादन भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है। यह हमारे किसानों की मेहनत और सरकार की किसान-केंद्रित नीतियों का परिणाम है।

सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पीएम-किसान सम्मान निधि, पीएम-संपदा योजना, और हाल ही में शुरू की गई पीएम धन-धान्य योजना जैसे कार्यक्रम किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे फूड सिक्योरिटी के साथ-साथ न्यूट्रीशनल सिक्योरिटी पर भी ध्यान दें और प्राकृतिक खेती, क्रॉप डाइवर्सिफिकेशन तथा क्लाइमेट रेजिलिएंट वैरायटीज पर अनुसंधान को बढ़ावा दें। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों को कृषि से जोड़ने का भी सुझाव दिया।

## भाजपा से मिलकर चुनावों में हेराफेरी कर रहा है आयोग : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनावों में हेराफेरी कर रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। उन्होंने पांच प्रकार की गड़बड़ियों का



जिक्र किया, जिनमें डुप्लीकेट वोटर, फर्जी और अमान्य पते, एक पते पर बहुत सारे वोटर, अमान्य फोटो और फॉर्म 6 का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। राहुल गांधी ने कहा कि जनता को पारदर्शिता का पूरा अधिकार है और चुनाव से जुड़ा कोई भी रिकॉर्ड नष्ट नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस की टीम पूरे सिस्टम को समझ चुकी है और जनता के सामने सच लाकर रहेगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान की नींव एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत पर टिकी है। इसलिए जब चुनाव होते हैं तो सबसे जरूरी सवाल यह है कि क्या सही लोगों को वोट डालने की अनुमति मिल रही है? क्या वोटर लिस्ट में फर्जी नाम जोड़े जा रहे हैं? क्या वोटर लिस्ट सटीक है? उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से लोगों में संदेह बढ़ता जा रहा है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कार्यक्रम अधिसूचित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद देश में इस बात को लेकर हलचल तेज हो गई कि आखिर अब भारत का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा? इसके लिए अगले महीने के नौ सितंबर को चुनाव होना है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें बताया गया कि उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग के अनुसार, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 25 अगस्त नाम वापस लेने की आखिरी तारीख होगी। बता दें कि यह चुनाव पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद हो रहा है, जिन्होंने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया था। उनका कार्यकाल अगस्त 2027 तक था। भारतीय संविधान के मुताबिक अगर उपराष्ट्रपति का चुनाव कार्यकाल के बीच में होता है तो नव निर्वाचित व्यक्ति को पूरा 5 साल का कार्यकाल मिलता है।

## ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच रूस पहुंचे डोभाल

### भारत खरीद सकता है अतिरिक्त एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल बुधवार को रूस की यात्रा पर गए हैं। इस यात्रा में भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने पर बात होगी। इसमें एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की अतिरिक्त खरीद और एसयू-57 लड़ाकू विमानों पर बातचीत शामिल है। ऊर्जा आपूर्ति भी एजेंडे में है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीवन



विटकोफ भी मास्को में गए हुए हैं। ट्रंप ने भारत की ओर से रूसी तेल खरीदने पर जो टैरिफ बम फोड़ा है, उसे देखते हुए डोभाल का ये दौरा अहम माना जा रहा है। डोभाल की रूस यात्रा में रक्षा उद्योग के संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। भारत अतिरिक्त एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीद सकता है। साथ ही, एस-400 के रखरखाव की सुविधा भारत में करने पर भी बात हो सकती है। रूस के एसयू-57 लड़ाकू विमानों को खरीदने के विकल्पों पर भी विचार हो सकता है। एस-400 प्रणाली ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सेना को रोकने में अहम भूमिका निभाई थी।

### टैरिफ — भारत ने अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा को अनुचित, तर्कहीन और अकारण बताया

## अमेरिका का 25 प्रतिशत टैरिफ लागू, अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से प्रभावी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल की खरीद जारी रखने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की है। खास बात यह है कि 7 अगस्त से 25 प्रतिशत के प्रारंभिक टैरिफ लागू होने से कुछ घंटे पहले ट्रंप ने 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। 30 जुलाई को अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा की थी जो गुरूवार से प्रभावी हो गया है। बुधवार को घोषित अतिरिक्त टैरिफ 27




अगस्त से प्रभावी होगा। व्हाइट हाउस की तरफ से बुधवार को जारी आदेश में कहा गया कि भारत इस समय रूस से तेल का आयात कर रहा है, इसी आधार पर अमेरिका आने वाले भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का फैसला किया गया है। अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा को भारत ने दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। इन मुद्दों पर भारत पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुका है। जिसमें यह तथ्य शामिल है कि भारत का आयात बाजार की परिस्थितियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य भारत की एक अरब 40 करोड़ आबादी की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त टैरिफ का फैसला किया है, जबकि कई अन्य देश अपने राष्ट्रीय हित में वही काम कर रहे हैं। भारत ने इसे अनुचित, तर्कहीन और अकारण बताते हुए कहा कि अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने के बाद ब्राजील के साथ भारत सबसे अधिक अमेरिकी टैरिफ वाला देश बन गया है। अमेरिका ने दोनों देशों पर 50 फीसदी टैरिफ की घोषणा की है। खास बात यह है कि अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाया गया अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा, उससे पहले 25 अगस्त को अमेरिकी वार्ताकारों की टीम भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के सिलसिले में भारत आने वाली है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल छिनतई मामले में चार बदमाशो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने मोबाइल छिनतई मामले में चार बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस घटना में प्रयुक्त बाइक व छिनी गयी मोबाइल बरामद किया। गिरफ्तार लोगो में चोरी का मोबाइल खरीदने वाला भी शामिल है। बताया जाता कि 22 जुलाई को रूपसपुर के नगरमल के निकट बाइक सवार बदमाश नो सौभाग्यशर्मा पथ निवासी शिवधर चतुर्वेदी से मोबाइल झपट कर भाग निकला था। जिसको लेकर पीडित ने रूपसपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया था। छानबीन में जुटी पुलिस ने मामले में करने रूकनपुरा के सादिकपुर निवासी विशाल कुमार उर्फ भोंदा, मोकामा के कन्हाईपुर के मुल निवासी मंदीप कुमार जो सादिकपुर में रहता है को गिरफ्तार किया। इसके साथ पुलिस ने चोरी का मोबाईल खरीदने वाले बिक्रम के मझौली निवासी प्रदुमन कुमार एवं घटना में प्रयुक्त बाइक के मालिक आनंद कुमार को गिरफ्तार किया। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि मोबाइल छिनतई मामले में चार लोगो को गिरफ्तार किया गया। ये मोबाइल स्नेचिंग चेन स्नेचिंग एवं लूटपाट की घटना का अंजाम देते थे। इनके पास से घटना मे प्रयुक्त बाइक व छिनी गयी मोबाइल बरामद किया गया। पुछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

### युवक ने गले में फंदा डालकर आत्म हत्या कि

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आर्यसमाज रोड में एक युवक ने गले में फंदा डाल आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान दिल्ली के योगेन्द्र सिंह के पुत्र यश कुमार 35 के रूप में किया गया। है। बताया जाता है कि युवक यश राज आर्यसमाज रोड स्थित पार्लर में काम करता था। उसी इलाके में किराये पर अकेले रहता था। उसी मकान में एक और परिवार रहता था। रात में वो सोया। दोपहर बाद तक कमरा नही खुलने पर दूसरे कमरे रहने वाले ने काफी आवाज लगाया। जिसके बाद उसने मकान मालिक को फोन किया। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि लखनऊ से मकान मालिक द्वारा जानकारी मिलने पर जब जाकर देखा तो कमरे में लगे पंखा में फंदा से झुलता युवक मिला। जिसकी पहचान दिल्ली के योगेन्द्र सिंह के पुत्र यश राज के रूप में हुआ है।

### पुनपुन नदी में डूबे 8 दोस्त, 2 लापता

फतुहा। गुरुवार को थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में गौरैया स्थान के आठ दोस्त पुनपुन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखने आए थे। उन्होंने पुनपुन पुल के पास स्थित रेलवे ओवरब्रिज से नदी में छलांग लगा दी। नदी की तेज धारा के कारण सभी डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने अजय, कल्लू, सन्नी, चंदू, गोपा और नीरज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन गौरैया स्थान निवासी संजय पासवान के 20 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार और अयोध्या चौधरी के 15 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार का कुछ पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही फतुहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। लापता युवकों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। रउफ्रफ को भी सूचित किया गया और उनकी दो टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी दोस्त एक साथ स्नान करने आए थे। नदी की धारा इतनी तेज थी की सभी डूबने लगे। छह दोस्त किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। रउफ्रफ दोनों लापता युवकों की तलाश कर रही है।

### मृतक के परिजन से रंजीत यादव ने के मुलाकात

फतुहा। बीते बुधवार को थाना क्षेत्र के सिरपतपुर में एक किशोर अमरजीत पासवान की मौत धोबा नदी में डूब कर मौत हो गई थी। गुरुवार को लोजपा (रा.) के पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने मृतक के परिजन से मिलकर शोक-संवेदना प्रकट किया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। सरकारी लाभ, मुआवजा के लिए संबंधित पदाधिकारियों से मौके पर मोबाइल से बात किया। मौके पर जिला प्रवक्ता अमरदीप पासवान, जिला सचिव बैजनाथ पासवान, जिला सचिव जयपाल पासवान एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# पटना जिला के 17 प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा नाइट ब्लड सर्वे- डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद

## 21 अगस्त से 31 अगस्त तक संचालित किया जाएगा जिला में नाइट ब्लड सर्वे

- जिला मलेरिया कार्यालय में दिया गया लैब तकनीशियन को प्रशिक्षण




प्रात: किरण संवाददाता

पटना- जिला मलेरिया कार्यालय, महेंद्रू में जिला के 17 प्रखंडों से एक एक लैब तकनीशियन को नाईट ब्लड सर्वे की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित तकनीशियन मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने अपने प्रखंड के बाकी लैब तकनीशियन को प्रशिक्षित करेंगे। इस अवसर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि आगामी 10 फरवरी, 2026 को राज्य के सभी जिलों में एमडीए अभियान एक साथ संचालित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि पटना जिला के 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मारूफगंज शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन 17 जगहों पर माइक्रो फाइलेरिया दर जानने के लिए नाइट ब्लड सर्वे आयोजित किया जाएगा. सर्वे 21 अगस्त से 31 अगस्त तक संचालित किया जाएगा. सभी चयनित प्रखंड में 2 साइट, 1 रैंडम और 1 सेंटिनल साइट पर रात 8.30 से 12 बजे तक खून के सैंपल लिए जाएंगे और जांच के बाद माइक्रो फाइलेरिया दर 1 अथवा उससे अधिक आने पर उन प्रखंडों में एमडीए अभियान संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक मुकेश कुमार यादव ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लैब तकनीशियन को माइक्रो फाइलेरिया की पहचान एवं प्रयोगशाला में माइक्रो फाइलेरिया दर के सटीक आकलन पर केन्द्रित है. इसलिए लैब तकनीशियन को इसके लिए खास तौर पर स्लाइड बनाना, उसको स्टेन करना, स्मीयर इकठ्ठा करना एवं जब रक्त स्लाइड पर लें तो उसे अंडाकार बनाना आदि सिखाया गया ताकि माइक्रो फाइलेरिया को पहचानने में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। कार्यक्रम में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद, वेक्टर जनित रोग सलाहकार कल्याणी कुमारी, सिफार की नेहा, पिरामल के प्रतिनिधि एवं 17 प्रखंडों के लैब तकनीशियन शामिल रहे।

# एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर घर लौटे दोनों बहनों का स्वागत



प्रात: किरण संवाददाता

मसौढ़ी !हर दौर में चिकित्सा एक सम्मानित पेशा रहा है ।जिंदगियां बचाने वाले डॉक्टर को लोग भगवान तक का दर्जा दे देते हैं ।इसीलिये युवाओं के बीच डॉक्टर बनने का क्रेज बढ़ा है ।लड़कियां भी लड़कों से कम नहीं हैं ।डॉक्टर बनने का सपना लेकर दोनों बहन अपने घर से दूर रहकर पटना जिले के मसौढ़ी प्रखंड के तारेगाना डीह मुहल्ले निवासी स्वास्थ विभाग से रिटायर्ड दिनेश चंद्रवंशी व गृहणी कांति देवी के पुत्री डॉ साबिया व डॉ सुहाना ने बेतिया कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर गुरुवार को तारेगाना डीह स्थित अपने घर पहुंची, घर पहुंचने पर मां कांति देवी ने अपने दोनों पुत्री कलेजे के टुकड़े को गले से लगा लिया ।मां की आंखों में खुशी के आंसू भी छलक आए ।लाड़ली की आरती उतारी,तिलक किया और उसकी दीघार्यु की कामना की ।खबर फैलते ही उनके आवास में बधाई देने वालों में उनके मामा अरविन्द चंद्रवंशी मामी सोनी प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर ओमप्रकाश अम्बिका प्रसाद चंद्रवंशी वार्ड नंबर 23 के पार्षद प्रतिनिधि मनीष कुमार भाई दीपक कुमार मौजूद थे,

# जिला योगासन चैंपियनशिप में मसौढ़ी के योग ने जीते गोल्ड मेडल




प्रात: किरण संवाददाता

मसौढ़ी !पटना नाला रोड में स्थित आरोग्य मंदिर अस्पताल में जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियन में मसौढ़ी के सब जूनियर सृष्टि कुमारी मधुमिता को जूनियर में दो सिल्वर मेडल मिला ।सीनियर में प्रेम कुमार एक सिल्वर व एक गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ ।वही सीनियर सी में मसौढ़ी के योग गुरु सह नेशनल गोल्ड मेडल चैंपियन डॉ दिलीप कुमार गोल्ड मेडल,आपको बताते चले कि 2024में योग गुरु डॉ दिलीप कुमार ने बैंगलोर में नेशनल गोल्ड मेडल जीतकर पूरे बिहार को गौरवान्वित किया था।

# स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

## बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के पहल पर शिविर का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




पटना- स्वास्थ विभाग के मार्गदर्शन में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के पहल पर आज गुरुवार को क्षेत्रीय अपर निदेशक पटना डॉ आनंद शंकर सरन सिंह द्वारा दुर्गा स्थान, छोटी पहाड़ी पर समेकित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया गया. इस स्वस्थ्य शिविर में मुख्यतः क्षेत्र में एचआईवी संक्रमण के साथ जी रहे लोगों के परिवारजनों, साथी (यौन / सुई साझा करने वाले), उच्च जोखिम पूर्ण व्यवहार करने वाले व्यक्तियों / समूहों जैसे महिला यौन कर्मी, पुरुष यौन कर्मी, अप्रवासी, इंजेक्शन से नशा करने वाले आदि , यौन संक्रमित रोगी, यक्ष्मा, कालाजार मरीज, गर्भवती महिलायें सहित अन्य जोखिम समूहों के बीच एचआईवी/ यौन संबंध जनित संक्रमण, टीबी, हेपाटाईटिस बी एवं सी, मलेरिया, ब्लड शुगर, उच्च रक्तचाप, एनीमिया, कालाजार, डेंगू, मानसिक स्वास्थ्य एवं अन्य का स्क्रीनिंग, उपचार , जागरूकता एवं आवश्यकतानुसार लिंकेज किया गया. भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा समेकित प्रयास किया जा रहा है। इस शिविर में सहायक निदेशक, आईसीटीसी, मिथलेश कुमार पांडेय, सहायक निदेशक, टीआई, राजीव कुमार , शैलेश शुक्ला, लखीसराय के जिला पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार लाल एव सहायक मनोरंजन कुमार उपस्थित थे।

# छात्रवृत्ति के माध्यम से बीड़ी श्रमिकों के बच्चों को सशक्त बनाने के लिए विशेष अभियान किया गया शुरू

- चिकित्सा अधिकारी और मुख्यालय की टीमें छात्रों को शैक्षिक अवसरों तक पहुँचने में सहायता के लिए उच्च-संकेंद्रण वाले क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। कल्याण आयुक्त कार्यालय, पटना ने बिहार में बीड़ी श्रमिकों के बच्चों को शैक्षिक छात्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने और उनमें जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह पहल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन भरने में छात्रों के लिए जागरूकता बढ़ाने और उन्हें व्यावहारिक सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल, एक सरकारी मंच है जो आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों, जिनमें बीड़ी श्रमिक परिवार भी शामिल हैं, को विभिन्न छात्रवृत्ति अवसरों तक पहुँचने में सक्षम बनाता है। फुलवारीशरीफ (पटना), दलसिंहसराय (समस्तीपुर), बाढ़, बछवाड़ा (बेगूसराय), झाझा (जमुई), नवादा आदि के चिकित्सा अधिकारियों ने मुख्यालय की टीमों के साथ मिलकर इस प्रयास में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उन्होंने अधिकतम पहुँच सुनिश्चित करने के लिए बिहार भर में बीड़ी श्रमिकों की उच्च सांद्रता वाले प्रमुख क्षेत्रों और समूहों का दौरा किया है। छात्रों और शैक्षणिक संस्थानों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथियों के बारे में अवगत कराया गया, जो प्री-मैट्रिक कक्षाओं के लिए 31अगस्त और पोस्ट-मैट्रिक कक्षाओं के लिए 31अक्टूबर है, साथ ही विभिन्न कक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति राशि की भी जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पोर्टल पर छात्रवृत्ति फॉर्म भरने में सहायता प्रदान करना है। छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान करके, कल्याण आयुक्त पटना कार्यालय ने चिकित्सा अधिकारियों द्वारा संचालित विभिन्न औषधालयों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित किया है और उन्हें अपने स्तर पर लंबित आवेदनों का तुरंत सत्यापन करने के लिए प्रेरित किया है ताकि पात्र छात्रों, अर्थात बीड़ी के बच्चों को श्रम कल्याण संगठन, पटना, बिहार से वित्तीय सहायता मिल सके।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य का रक्षक: गाँव तक पहुंची सुरक्षित संस्थागत प्रसव की सुविधा

प्रात: किरण संवाददाता

पटनाः पहले डिलीवरी के नाम से डर लगता था, अब विश्वास है कि गांव में ही सब संभव है। ये शब्द हैं वैशाली जिले की सोनी देवी के, जिन्होंने गोरौल प्रखंड के सोंधो एपीएचसी के एल-1 केंद्र में सुरक्षित प्रसव कराया। वह बताती हैं कि उन्हें पूरी सुविधा मिली, नर्सें भी पूरी तरह प्रशिक्षित थीं और बच्चे को भी समय पर देखभाल मिल गई। यह कहानी बिहार के उस परिवर्तन की झलक है, जिसमें अब सुरक्षित संस्थागत प्रसव केवल शहरों तक सीमित नहीं, गांवों तक पहुंच चुका है। राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए एल-1 प्रसव केंद्रों की स्थापना की है। ये केंद्र सामान्य प्रसव से लेकर उच्च जोखिम वाले मामलों के प्राथमिक प्रबंधन में भी सक्षम हैं। वर्तमान में राज्य के 275 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 154 हेल्थ सब सेंटर पर एल-1 प्रसव केंद्र कार्यरत हैं। वर्ष 2024-25 में इन केंद्रों पर क्रमशः 88,267 और 32,616 संस्थागत प्रसव दर्ज किए गए। यह बदलाव मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। सोंधो का उदाहरणः जब गाँव बना सुरक्षा का गढ़ वैशाली जिले के गोरौल प्रखंड स्थित सोंधो एपीएचसी पर पिछले दो वर्षों से एल-1 प्रसव केंद्र 247 संचालन में है। ब्लॉक हेल्थ मैनेजर रेणु कुमारी बताती हैं कि यहाँ हर माह 40 से 50 प्रसव होते हैं। यह केंद्र न केवल पास-पड़ोस की महिलाओं के लिए एक राहत है, बल्कि उन स्थितियों में भी काम आता है जब महिलाएं किसी कारणवश पीएचसी या अस्पताल नहीं पहुंच पातीं। उन्होंने कहा, कई बार सामान्य दिखने वाला प्रसव भी जटिल हो सकता है। ऐसे में हम पहले मरीज को स्थिर करते हैं और आवश्यकता होने पर उसे तत्काल पीएचसी रेफर करते हैं। एल-1 केंद्र पर एक स्थायी एम्बुलेंस की भी व्यवस्था है। संक्रमण मुक्त प्रसव और संसाधनों की चुनौती एम्स पटना की एडिशनल प्रोफेसर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदिरा प्रसाद कहती हैं कि एल-1 केंद्रों की सफलता का संक्रमण मुक्त परिसर, प्रशिक्षित मानव संसाधन, और आवश्यक उपकरण की उपलब्धता सबसे अहम पहलू है। वह कहती हैं कि अगर हर एल-1 केंद्र पर आटोक्लेव मशीन, एलडीआर बेड, रेडिएंट वार्मर, प्रशिक्षित बर्थ अटेंडेंट और फोकस लाइट सुनिश्चित किए जाएं, साथ ही रेफरल लिंक मजबूत हो, तो राज्य में पीएचसी स्तर पर प्रसव के दबाव को 50% तक कम किया जा सकता है। राज्य की रणनीति और गुणवत्ता पर ध्यान राज्य में तीन स्तर के प्रसव केंद्र हैं जिसमें एल-1, एल-2 और एल-3। इसमें एल-1 सबसे प्राथमिक स्तर पर कार्य करता है। वर्तमान में एपीएचसी स्तर पर 112 टइइर, 230 आयुष डॉक्टर, 86 आटोक्लेव मशीन, 71 रेडिएंट वार्मर और 249 स्किल बर्थ अटेंडेंट नर्स कार्यरत हैं। राज्य स्तर पर इन केंद्रों का गैप असेसमेंट किया जा रहा है ताकि जो संसाधन और मानवबल की कमी है, उसे समय रहते दूर किया जा सके। इसके साथ-साथ जच्चा-बच्चा किट का वितरण भी संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने का एक असरदार जरिया साबित हो रहा है। गृह-मुक्त प्रसव की दिशा में ठोस पहल राज्य के 23 प्रखंडों के 80 पंचायतों में गृह-मुक्त प्रसव पंचायत अभियान चलाया गया है। एल-1 केंद्र इन पंचायतों में संस्थागत प्रसव को न केवल सुलभ बना रहे हैं, बल्कि मातृ मृत्यु सर्विलांस में सामने आई पाँच प्रमुख कमियों में से एक पीएचसी तक कठिन पहुंच को भी दूर कर रहे हैं। इसके साथ यह केंद्र उच्च जोखिम वाले प्रसवों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# तिरंगा अभियान को लेकर फतुहा में भाजपा की बैठक

फतुहा। गुरुवार को भाजपा संगठन जिला बाढ़ के सभी मंडल अध्यक्षों की एक बैठक हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के आवास पर भाजपा संगठन बाढ़ के जिलाअध्यक्ष शैलेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश भाजपा के मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी धनराज शर्मा, जिला प्रभारी धमेन्द्र कुमार मौजूद थे ।जिन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया की स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाला जाये एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने -अपने घरों में तिरंगा लगायेगें। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से बूथ सशक्तिकरण के तहत सभी बूथों पर यथा शीध्र बूथ कमिटी बनाने के साथ-साथ सभी मंडलों में मोर्चा अध्यक्ष बनाने का निर्देश दिया। बैठक में उतरी मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, फतेहपुर मंडल अध्यक्ष विपुल सिंह, जल्ला मंडल अध्यक्ष मनीष यादव, खुसरूपुर नगर अध्यक्ष सोनी जायसवाल, खुसरूपुर ग्रामीण अध्यक्ष झुनझुन सिंह, मोकामा अध्यक्ष अविनाश कुमार सहित फतुहा, बखितयारपुर, बाढ, मोकामा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

# सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य अमृत भारत ट्रेन का परिचालन आज से सीतामढ़ी से चलेगी उद्घाटन स्पेशल के रूप में

प्रात: किरण संवाददाता



पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा को लेकर रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-लखनऊ -कानपुर-गाजियाबाद के रास्ते सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । गृह एवं साहकारिता मंत्री, भारत सरकार अमित शाह 08 अगस्त को सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य चलने वाली अमृत भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा । गाड़ी सं. 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल सीतामढ़ी से 14.30 बजे खुलकर 15.15 बजे बैरगनिया, 16.10 बजे रक्सौल, 17.15 बजे नरकटियागंज, 18.20 बजे बगहा, 19.55 बजे सिसिवा बाजार, 20.30 बजे कप्तानगंज, 21.30 बजे गोरखपुर, 22.45 बजे बस्ती, 00.35 बजे गोंडा, 03.40 बजे लखनऊ, 06 बजे कानपुर सेंट्रल, 09.10 बजे टुंडला एवं 12.15 बजे गाजियाबाद रूकते हुए 14 बजे दिल्ली पहुंचेगी ।

# आज सीतामढ़ी से चलेगी उद्घाटन स्पेशल, सिकटा में भी रूकेगी उद्घाटन स्पेशल

प्रात: किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-लखनऊ -कानपुर-गाजियाबाद के रास्ते सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । दिनांक 08.08.2025 को गाड़ी सं. 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल सीतामढ़ी से 14.30 बजे खुलकर 15.15 बजे बैरगनिया, 16.10 बजे रक्सौल के साथ ही सिकटा स्टेशन पर भी 16.35 बजे रूकते हुए आगे प्रस्थान करेगी ।

# पूरे भारतीय रेल में पहली बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने चलाया 4.5 किलोमीटर लंबा रूद्रास्त्र

## एक साथ 6 बॉक्सन रेक को जोड़कर बनी 354 वैगन वाली मालगाड़ी को 07 इंजनों ने चलाया

प्रात: किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर । माल ढुलाई की क्षमता और काम की कुशलता बढ़ाने की दिशा में पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डीडीयू मंडल के गंजख्वाजा स्टेशन से पूरे भारतीय रेल में पहली बार छह खाली बॉक्सन रेक को जोड़कर बनाई गई रूद्रास्त्र नाम की लंबी मालगाड़ी को सफलतापूर्वक चलाया गया। यह मालगाड़ी करीब 4.5 किलोमीटर लंबी रही, जो अब तक भारतीय रेल की सबसे लंबी मालगाड़ी है । आज रूद्रास्त्र द्वारा 05 घंटे में 40 किलोमीटर की औसत स्पीड से गंजख्वाजा स्टेशन से गढ़वा रोड स्टेशन तक की 200 किलोमीटर की दूरी तय की गयी ।रूद्रास्त्र को छह खाली बॉक्सन रेक को जोड़कर तैयार किया गया, जिसमें कुल 354 वैगन शामिल हैं। इस मालगाड़ी को चलाने के लिए 07 इंजन लगाए गए।

गंजख्वाजा स्टेशन से सभी छह रेक को जोड़कर बनी रूद्रास्त्र मालगाड़ी को दोपहर 2:20 बजे गढ़वा रोड के लिए रवाना किया गया। यह मालगाड़ी डीडीयू मंडल के गंजख्वाजा से सोननगर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर और उसके बाद गढ़वा रोड की ओर भारतीय रेल के सामान्य ट्रैक पर चली। पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के सबसे अहम मंडलों में से एक है, जो धनबाद मंडल को कोयला और अन्य सामान लादने के लिये लगातार समय से खाली मालगाड़ी पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। यहां मालगाड़ियों के डिब्बों की जांच और मरम्मत बड़े पैमाने पर की जाती है। जांच के बाद पूरी तरह ठीक डिब्बों को जोड़कर मालगाड़ी तैयार की जाती है, जिसे आगे धनबाद मंडल को भेजा जाता है ताकि वहां सामान लादा जा सके।

रूद्रास्त्र का सफल संचालन डीडीयू मंडल की बेहतर काम करने की क्षमता, विभागों के बीच तालमेल और अच्छे प्रबंधन का उदाहरण है। इससे माल ढुलाई की रफ्तार और क्षमता दोनों बढ़ेंगी। अगर इन मालगाड़ियों को अलग-अलग चलाया जाता तो इन सभी के लिए छह बार अलग-अलग मार्ग और चालक दल की व्यवस्था करनी पड़ती। रुद्रास्त्र के रूप में एक साथ चलने से उल्लेखनीय रूप से समय की बचत होगी तथा और ज्यादा ट्रेन चलाने के लिए मार्ग भी उपलब्ध होगा। 4.5 किलोमीटर लंबी ह्यरूद्रास्त्रह्ण मालगाड़ी का सफल संचालन डीडीयू मंडल की नई सोच और नवाचार की शानदार मिसाल है।

# जिलाधिकारी ने 83 परिवादियों के पास स्वयं जाकर उनकी समस्याएं सुनी

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। समाहरणालय में जिला जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने 83 परिवादियों के पास स्वयं जाकर उनकी समस्याएं सुनी तथा समाधान हेतु पदाधिकारियों को निर्देशित किया। अनेक मामलों का ह्यऑन द स्पॉटह्ण निष्पादन किया गया। आवेदक संजीव कुमार सहाय द्वारा भूमि के आधार सीडिंग में लगातार समस्या आने के संबंध में परिवाद दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी, दानापुर को दूरभाष पर मामले का अविलंब निष्पादन करने का निदेश दिया गया। अंचल अधिकारी ने आधा घंटा के अंदर मामले को विधिवत निष्पादित करते हुए परिवादी को मोबाइल पर सूचना दे दी। आवेदक ने जिला प्रशासन, पटना के त्वरित कार्रवाई पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी के प्रति आभार प्रकट किया। परिवादी सुजीत कुमार द्वारा बीपीसीएल के रिटेल आउटलेट के लिए मौजा दोगड़ा, अंचल बिहटा में अंतिम एनओसी शीघ्र निर्गत करने हेतु आवेदन दिया गया था। जिलाधिकारी द्वारा अपर जिला दंडाधिकारी (सामान्य) को विधिवत कार्रवाई करते हुए मामले को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया। आवेदिका सुनीता देवी द्वारा मौजा विष्णुपुरा, अंचल बिहटा में दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में दो वर्षों से दौड़ लगाने के बावजूद भुगतान नहीं होने की बात कही गई। जिलाधिकारी द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को नियमानुसार अविलंब भुगतान करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र विधिवत कार्रवाई कर कृत कार्रवाई प्रतिवेदन देने का आदेश दिया। उन्होने कहा कि अगर किसी पदाधिकारी द्वारा जान-बूझकर मामले को लंबित रखा जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। पदाधिकारीगण जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ जनझशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

# पूर्व मध्य रेल में स्वतंत्रता दिवस 2025 को ले स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतीय रेल में 01 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक,समस्तीपुर के द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं की शुरूआत की गई। दानापुर मंडल के राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन पर लाउड स्पीकर के माध्यम से जन-जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। बख्तियारपुर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक की गहन साफ-सफाई की गई साथ ही साथ किऊल स्टेशन पर कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान किया गया। समस्तीपुर एवं सोनपुर मंडल के कॉलोनियों में जागरूकता रैली निकाली गई।

## संक्षिप्त खबरें

### एसटीईटी अभ्यर्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज निंदनीय : भाकपा माले

पटना। भाकपा-माले ने आज पटना में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे एसटीईटी अभ्यर्थियों पर बिहार पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज की तीखी निंदा की है। यह लाठीचार्ज न सिर्फ लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, बल्कि भाजपा-जदयू सरकार के छात्र-युवा विरोधी चरित्र को भी पूरी तरह उजागर करता है। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि युवाओं को नौकरियों से वंचित रखने वाली सरकार अब उनके लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को भी बलपूर्वक कुचल रही है। टीआई ए-4 की बहाली प्रक्रिया से पहले एसटीईटी की परीक्षा की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करना दिखाता है कि यह सरकार शिक्षा, रोजगार और लोकतंत्र–तीनों की दुश्मन है। पार्टी ने इस बर्बर लाठीचार्ज के लिए जिम्मेवार पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है तथा घायल छात्रों के इलाज की समुचित व्यवस्था और उनके सभी लोकतांत्रिक अधिकारों की गारंटी की मांग की है। भाकपा-माले ने कहा है कि वह छात्रों युवाओं के न्यायपूर्ण आंदोलन के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ राज्यव्यापी प्रतिवाद आयोजित करेगी।

### पलायन पर झूठा आंकड़ा प्रस्तुत कर रहे तेजस्वी : निहोरा

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बिहार में पलायन को लेकर किए झूठे दावे पर जमकर निशाना साधा है। मीडिया में जारी बयान में उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव हमेशा बिहार में पलायन को लेकर झूठा आंकड़ा पेश करते हैं और उसे साबित करने की कोशिश करते हैं। लेकिन नेता प्रतिपक्ष को बिहार में पलायन की क्या स्थिति है इसको लेकर शायद सच्चाई नहीं मालूम है। तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि बिहार से अबतक 3 करोड़ मजदूरों ने पलायन किया है। यह बयान न सिर्फ तथ्यहीन है, बल्कि पूरी तरह से भ्रामक और जनता को गुमराह करने की कोशिश है। राज्यसभा में 1 अगस्त 2024 को बिहार से मजदूरों के पलायन को लेकर पूछे एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय श्रम राज्य मंत्री ने स्पष्ट रूप से बताया था कि 26 जुलाई 2024 तक देशभर में 29.83 करोड़ असंगठित श्रमिकों ने ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें से 2.9 करोड़ बिहार के हैं। यह आंकड़ा केवल प्रवासी मजदूरों का नहीं, बल्कि बिहार में रहकर काम करने वाले असंगठित मजदूरों को भी शामिल करता है, जैसे खेतिहर मजदूर, दिहाड़ी श्रमिक, घरेलू कामगार आदि। ई-श्रम पोर्टल पर जो आंकड़ा सामने आया है, वह राज्य के भीतर और बाहर काम कर रहे असंगठित श्रमिकों की कुल संख्या को दशार्ता है, न कि केवल पलायन कर चुके मजदूरों की। इसलिए यह दावा करना कि 2.9 करोड़ मजदूरों ने बिहार छोड़ दिया है, सरासर गलत है।

### हम और जाप के नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

पटना।हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्यूलर के युवा नेता सूरज कुमार राय एवं जन अधिकार पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से औरंगाबाद जिला में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस पार्टी में युवाओं, जनप्रतिनिधियों और जमीनी कार्यकताओं की भागीदारी पार्टी को और मजबूत बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में बिहार में कांग्रेस की ताकत को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता। सदस्यता ग्रहण के पश्चात सूरज कुमार राय और सुरेंद्र यादव ने कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई केवल कांग्रेस पार्टी ही लड़ रही है। उन्होंने श्री राहुल गांधी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ,मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, अंबुज किशोर झा, राजकुमार राजन, रौशन कुमार सिंह, शशि रंजन ,राजीव मेहता , बैद्यनाथ शर्मा मौजूद थे।

डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य विभाग में हुआ ऐतिहासिक विकास

# बिहार लगातार 11वें महीने भी दवा आपूर्ति में रहा देशभर में नंबर 1: मंगल

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार के डीवीडीएमएस (ड्रग्स एंड वैक्सिन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के अनुसार बिहार लगातार 11 वें महीने दवा आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर बना हुआ है। यह राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सितंबर 2024 से लगातार अभी तक 11 महीनों में दवा आपूर्ति के क्षेत्र में बिहार का देश में नंबर वन बना रहना सरकार की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दषार्ता है। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ और समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य में निरंतर स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की जा रही है एवं नए अस्पतालों का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की नई उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में संभव हो पाई हैं। सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है और इसमें बिहार लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार 82.13 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। राजस्थान 78.61 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और पंजाब 73.28 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 से राज्य में स्वास्थ्य सुधार की एक नई दिशा की शुरूआत हुई थी।

इसी क्रम में 1 जुलाई 2006 को कैबिनेट की मंजूरी के बाद राज्य में मुफ्त दवा वितरण नीति लागू की गई। 2006 में केवल 47 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थीं, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 611 हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य प्रकार की दवाएं एवं 132 प्रकार के मेडिकल डिवाइसेज/कन्ज्यूमेबल भी मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं। अब प्रदेश में अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि जीवन रक्षक दवाओं से लेकर कैंसर, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, रक्त थक्के और एंटी-एलर्जिक जैसी जटिल बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क मिलें। श्री पाण्डेय ने कहा कि राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सराहनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2005 में मातृ - मृत्यु दर 365 थी, जो अब घटकर 91 पर आ गई है। शिशु - मृत्यु दर घटकर अब 27 है, जो राष्ट्रीय औसत के बराबर है। वहीं पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर 29 है, जो राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। नवजात शिशु मृत्यु दर (0-28 दिन) अब 19 है, जो राष्ट्रीय औसत के समकक्ष है। राज्य में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिला है और गृह प्रसव की दर में कमी आई है। इसके अलावा, टीकाकरण का आच्छादन एचएमआईएस आंकड़ों के अनुसार 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

उपमुख्यमंत्री ने डॉ एमएस स्वामीनाथन जन्मशताब्दी पर दी श्रद्धांजलि

# किसानों की आय बढ़ाने व लागत घटाने को लेकर सरकार लगातार प्रयासरत : विजय

## कृषि मंत्री बोलें- खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर बढ़ने का समय

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने महान कृषि वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन की जन्मशताब्दी के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे केवल वैज्ञानिक नहीं, बल्कि भारतीय कृषि क्रांति के महान मार्गदर्शक थे। उनके वैज्ञानिक योगदान ने न केवल देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया, बल्कि करोड़ों किसानों के जीवन को भी संबल दिया।

श्री सिन्हा ने कहा कि आज जब वैश्विक स्तर पर जैव विविधता की रक्षा की चर्चा हो रही है, तब डॉ. स्वामीनाथन ने उससे भी आगे बढ़ते हुए बायो-हैप्पीनेस की अवधारणा दी- जो किसान, पर्यावरण और समाज के बीच संतुलन का मंत्र है। यह विचार आज की जलवायु चुनौतियों और बदलते कृषि परिदृश्य में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आय बढ़ाने, लागत घटाने और उनके लिए नई आजीविका के अवसर पैदा करने पर लगातार कार्य कर रही है। डॉ. स्वामीनाथन के सिद्धांतों से प्रेरित होकर बिहार में कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पिछली पीढ़ी के वैज्ञानिकों ने खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया, लेकिन अब समय है कि देश पोषण सुरक्षा की दिशा में निर्णायक पहल करे। डॉ. स्वामीनाथन की सोच और दृष्टिकोण आज भी वैज्ञानिकों, नीति निमाताओं और किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने देश के वैज्ञानिक समुदाय से आह्वान किया कि वे इस अवसर पर संकल्प लें कि वे डॉ. स्वामीनाथन के अधूरे कार्य को आगे बढ़ाते हुए समावेशी, सतत और पोषणयुक्त कृषि विकास की नई इबारत लिखें।

# अयोध्या बाद अब पुनौराधाम बनेगा धार्मिक पर्यटन का केंद्र : नितिन

- कहा- राम-जानकी मार्ग से बढ़ेगा बिहार का विकास

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर से भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि एनडीए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया जाए। यही कारण है कि आज 8 अगस्त 2025 का दिन सीतामढ़ी जिले के लिए ऐतिहासिक बनने जा रहा है। इस दिन माता सीता के भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का शिलान्यास केंद्रीय गृह मंत्री आदरणीय अमित शाह करेंगे। इस ऐतिहासिक मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय एवं राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य, गणमान्य नागरिक और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। मां जानकी के मंदिर निर्माण के साथ-साथ केंद्र सरकार की पहल पर रेल मंत्री ने भी सीतामढ़ी जिले के लिए नई रेल सुविधा देने की सहमति जताई है। इससे न केवल जिले के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि बिहार में धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। अयोध्या के बाद अब पुनौराधाम बनेगा धार्मिक पर्यटन का केंद्र और राम-जानकी मार्ग से बिहार का विकास बढ़ेगा। मंत्री नितिन नबीन ने कहा कि एनडीए सरकार लगातार बिहार के विकास के लिए काम कर रही है। नई दिल्ली से लेकर पटना तक हर स्तर पर ऐसी योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे बिहार के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत विपक्षी पार्टियां पूरी तरह बौखलाई हुई हैं। ये पार्टियां न तो बिहार की जनता से कोई सरोकार रखती हैं और न ही राज्य में हो रहे विकास कार्यों से इन्हें कोई मतलब है। इनकी बौखलाहट साफ दिखाती है कि बिहार के तेजी से बढ़ते विकास ने इन्हें बेचैन कर दिया है। शिलान्यास कार्यक्रम और रेल सुविधा शुरू होने के बाद सीतामढ़ी न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी इससे मजबूती मिलेगी। एनडीए सरकार का लक्ष्य है कि बिहार को विकास के हर पैमाने पर ऊँचाई तक पहुँचाया जाए और जनता को इसका लाभ सीधे मिले।

### नौकरी और रोजगार देने के प्रति सरकार गंभीर नहीं : एजाज

पटना। शिक्षक अभ्यार्थियों पर हुए लाठी चार्ज की राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने निंदा करते हुए कहा कि सरकार शिक्षक अभ्यार्थियों पर लाठी चलाने में गौरवान्वित महसूस करती है,लेकिन अपराधियों पर कार्रवाई करने से डरती है। बिहार में सरकार नौकरी और रोजगार देने से डरती है जबकि नफरत फैलाने वाले माहौल को लगातार बढ़ा रही है। बिहार में सरकार नौकरी और रोजगार देने के प्रति गंभीर नहीं है। एजाज ने आगे कहा कि 20 वर्षों की खटारा सरकार सिर्फ घोषणा पर घोषणा कर रही है, जबकि धरातल पर नौकरी और रोजगार देने की जगह लाठी चार्ज की जा रही है।

# विपक्ष के पास भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट विजन नहीं : कुशवाहा

- जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन की बैठक पर कसा तंज

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के नेतृत्व और मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर विपक्षी खेमे में जारी अंदरूनी कलह और खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। निजी स्वार्थों की नींव पर खड़ा इंडी गठबंधन आपसी अविश्वास और टकराव में उलझा हुआ है, जहाँ सहयोगी दल एक-दूसरे को लंगड़ी लगाकर गिराने में लगे हैं। ऐसे में फोटोशूट तक सीमित बैठकों का न तो कोई औचित्य है, और न ही इससे कोई परिणाम निकलने वाला है। साथ ही, श्री कुशवाहा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे राजनीतिक महत्वाकांक्षा में आकंठ डूबे हैं और बार-बार स्वयं को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करते रहे हैं। अनेक अवसरों पर उन्होंने सार्वजनिक मंचों से खुद को मुख्यमंत्री पद का दावेदार बताया है, परंतु यह राजनीतिक विडंबना है या राजद का दुर्भाग्य कहा जाए कि उनके प्रमुख सहयोगी दल कांग्रेस ने अब तक उनके नेतृत्व को लेकर न तो कोई समर्थन जताया है और न ही कोई स्पष्ट रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस ने लंबे समय तक बिहार में शासन किया, लेकिन इसके बावजूद उनके पास ऐसी कोई ठोस उपलब्धि नहीं है जिसे जनता के सामने गिनवाया जा सके। इन अवसरवादी पार्टियों के पास भविष्य को लेकर भी कोई स्पष्ट विजन नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन को भ्रष्टाचार में लिप्त दलों का गठजोड़ करार देते हुए कहा कि इनका उद्देश्य जनता की सेवा नहीं, बल्कि केवल अपनी तिजोरियाँ भरना है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस जैसी पार्टियों के राजनीतिक शब्दकोश में आम जनता के हित और सम्मान के लिए कोई स्थान नहीं है। जिनका पूरा राजनीतिक अतीत जनता के शोषण और सत्ता के दुरुपयोग से भरा रहा हो, उन पर बिहार की जागरूक जनता अब कभी विश्वास नहीं करेगी।

# पर्यटन से सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर बिहार : राजीव

## कहा- नीतीश कुमार का विजन एक मिसाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आज न केवल विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, बल्कि अपनी प्राचीन सांस्कृतिक गौरव को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पटना में बनने वाले देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद बिहार गौरव उद्यान का शिलान्यास इसका उदाहरण है। यह पार्क सिर्फ एक थीम पार्क नहीं, बल्कि बिहार की ऐतिहासिक चेतना, बौद्धिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार की पहचान को फिर से विश्व मानचित्र पर स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, यह परियोजना उसी का एक सशक्त उदाहरण है। इस पार्क में बिहार की महान विभूतियों, आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और दशरथ मांझी जैसे युगपुरुषों की प्रेरणादायक जीवन गाथाएं प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही नालंदा और विक्रमशिला जैसे ऐतिहासिक विश्वविद्यालयों, धार्मिक स्तूपों, मंदिरों, मकबरों एवं स्थापत्य कला के अन्य गौरवशाली प्रतीकों को भी दशार्या जाएगा। यह पार्क, देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी के समाधि स्थल के निकट विकसित किया जा रहा है, जिससे यह स्थल एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सके। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा विजन और सांस्कृतिक जागरण का संकल्प स्पष्ट रूप से झलकता है।

# सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करे चुनाव आयोग: भाकपा माले

- हटाए गए मतदाताओं की सूची विवरण सहित 24 घंटे में पार्टी को दी जाए : कुणाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले के राज्य सचिव कुणाल ने आज एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि चुनाव आयोग को अब तत्काल उन सभी मतदाताओं की पूरी सूची, पूरे विवरण और कारणों सहित सार्वजनिक करनी चाहिए, जिन्हें एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि सूची तो उपलब्ध कराई गई है, लेकिन उसमें मतदाताओं को हटाने के कारणों की जानकारी नहीं दी गई है, जिससे भौतिक सत्यापन में भारी कठिनाई हो रही है। अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट रूप से चुनाव आयोग को यह निर्देश दिया है कि हटाए गए प्रत्येक मतदाता के नाम के साथ हटाने का कारण भी बताया जाए, तो इस कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं की जानी चाहिए। कुणाल ने कहा कि हम मांग करते हैं कि राज्य स्तर पर और हमारे सभी जिला सचिवों को यह विस्तृत सूची अगले 24 घंटे के अंदर दे दी जाए, ताकि हम भौतिक सत्यापन का कार्य पूरी तत्परता से आगे बढ़ा सकें। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पटना को पत्र भी लिखा गया है। उन्होंने बताया कि - बूथ चलो अभियान - के तहत भाकपा-माले के नेता, विधायक और कार्यकर्ता हर बूथ पर जाकर मतदाता सूची की जांच कर रहे हैं। इस दौरान कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि हमने इन गड़बड़ियों को लेकर कई शिकायतें की हैं, लेकिन आयोग का रवैया निराशाजनक है। आयोग आधिकारिक तौर पर इसे स्वीकार नहीं कर रहा क्योंकि वे बीएलए के माध्यम से नहीं की गईं, जो कि एक अजीब तर्क है। इससे आयोग की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं।

# आयोग अपनी गलती के लिए मुझे ठहरा रहा दोषी : तेजस्वी

## बोलें- चुनाव आयोग से कोई नोटिस नहीं मिला

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को निर्वाचन अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने दो ईपीआईसी नंबर रखने के लिए नोटिस भेजकर खुद की गलती के लिए उन्हें दोषी ठहराया है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि पिछले सप्ताह भेजे गए नोटिस का एक अच्छा जवाब तैयार किया जा रहा है, जिससे उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं बचेगा। उन्होंने दो वोटर कार्ड को लेकर नोटिस मिलने पर कहा कि उन्हें चुनाव आयोग से कोई नोटिस नहीं मिला है। पटना जिला निबंधन से नोटिस आया है। उसका हम लोग जवाब तैयार कर रहे हैं और अच्छा जवाब दे रहे हैं। उन्होंने दो-दो वोटर कार्ड बना दिए और जवाब हमसे मांग रहे हैं। मतलब गलती वे खुद करें और जवाब हमसे मांग रहे हैं। ऐसा जवाब मिलेगा कि उन्हें कोई जवाब नहीं सूझेगा। वे अपनी गलती के लिए मुझे दोषी ठहरा रहे हैं। अगर मेरे नाम पर दो ईपीआईसी नंबर जारी किए गए हैं तो यह किसकी गलती है? आखिरकार, मैं एक ही जगह से वोट डालता रहा हूं। पिछले सप्ताह उन्होंने मसौदा मतदाता सूची में अपने ईपीआईसी नंबर को ऑनलाइन ढूंढने की कोशिश की थी, जिसका परिणाम कोई रिकॉर्ड नहीं मिला आया। इंडिया ब्लॉक की डिनर मीटिंग में हिस्सा लेने दिल्ली जाने से पहले तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, आज शाम इंडिया गठबंधन की बैठक है, उसी बैठक के लिए दिल्ली जा रहे हैं। साथ ही रक्षा बंधन भी है। मेरी बहन दिल्ली में रहती है तो वहां रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में सरकार कैसे चल रही है, यह सभी लोग देख रहे हैं। अमेरिका ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। 28 बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोल चुके हैं कि उन्होंने सीजफायर कराया। इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने चुप्पी नहीं तोड़ी है। प्रधानमंत्री अब तक नहीं बोल रहे हैं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार अमेरिका जैसा कह रहा है, वैसे कर रही है। 50 प्रतिशत टैरिफ से देश को कितना नुकसान होने जा रहा है, लेकिन इस पर कोई बात नहीं कर रहा है। इस पर किसी की जुबान नहीं खुलती। ये लोग देश का नुकसान करके बिहार आएंगे और कहेंगे, देखो, विश्व गुरु हो गए। पूर्व विधायक अनंत सिंह के तेजस्वी यादव के 15 सीट पर सिमट जाने के दावे को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे प्रवक्ता बंटू सिंह से पूछ लीजिए, वही इसका जवाब देंगे।

# बदलो सरकार बचाओ बिहार रैली में खेत मजदूर की होगी बड़ी भागीदारी : भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन राज्य परिषद की बैठक बृहस्पतिवार को हुई। बैठक में भूमि संघर्ष तेज करने, खेत मजदूरों के लिए राष्ट्रीय कानून बनाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि 6000 रुपये प्रति महीने करने, मनरेगा के तहत साल में 200 सौ दिन रोजगार देने तथा मजदूरी 700 रुपये प्रति दिन करने, बढ़ते अपराध पर रोक लगाने, भूमिहीनों को दस -दस डिसमिल वास भूमि देने सहित विभिन्न ज्वलंत सवालों को लेकर संघर्ष तेज करने का फैसला लिया गया।

08 सितंबर को पटना में आयोजित बदलो बिहार बचाओ बिहार रैली में बड़ी संख्या में खेत मजदूरों को उतारने की योजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार लगातार खेत मजदूरों के अधिकारों पर हमला कर रही है। मनरेगा के बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। मजदूरों को साल में एक सौ दिन कार्य नहीं मिलता है।

मनरेगा के तहत साल में 200 दिन कार्य और 700 रुपये प्रति दिन मजदूरी दी जाए। खेत मजदूरों की रोजगार की गारंटी सरकार करें। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार की सत्ता से एनडीए को हटाना है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 25 वें राज्य सम्मेलन के मौके पर आठ सितंबर को पटना में बादलो सरकार बचाओ बिहार नारे के साथ रैली आयोजित है। रैली में खेत मजदूर की बड़ी भागीदारी होगी।

# सासाराम से राहुल गांधी का मतदाता अधिकार यात्रा की शुरूआत 17 से : राजेश

## सभी कार्यकर्ता राहुल गांधी की यात्रा में एकजुटता के साथ लगें :कृष्णा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में 17 अगस्त को सासाराम से प्रारंभ होने वाली राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के तैयारी को लेकर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं, मोर्चा संगठन के अध्यक्षों के साथ यात्रा को सफल बनाने हेतु गहन विचार-विमर्श किया। कृष्णा अल्लावारू एवं राजेश राम ने यात्रा के सफलता हेतु सभी नेताओं एवं कार्यकताओं से राय ली। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उपस्थित नेताओं, कार्यकताओं को निर्देश देते हुए 17 अगस्त से होने वाली राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा की सफलता हेतु पुरजोर तरीके से लगकर अद्वितीय यात्रा बनाने का निर्देश दिया। राजेश राम ने कहा कि इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने बैठक उपरांत मीडिया से बात करते हुए कहा कि आने वाले समय में यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। बैठक को बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी की यह यात्रा न्याय, समानता, लोकतंत्र की रक्षा और जनसंवाद को मजबूत करने के लिए की जा रही है। श्री अल्लावारू ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा, समर्पण और अनुशासन के साथ इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुट जायं।

उन्होंने कहा कि राहुल जी की यह यात्रा सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश की आत्मा को जोड़ने का प्रयास है। बैठक में एआईसीसी के सचिव बिहार प्रभारी सुशील पासी, पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेमचन्द्र मिश्रा, राजेश राठौड़ सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# एसआईआर मसौदे पर राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं : चुनाव आयोग

- मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियां मिली

प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा कि बिहार मतदाता सूची के मसौदे के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने दो टूक कहा कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न छोड़ा जाएगा और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाएगा। चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को प्रकाशित बिहार की मतदाता सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए दावे और आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अपील की है।

हालांकि, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चुनाव आयोग ने कहा कि उन्हें आज तक मसौदा सूची के संबंध में मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ मिली हैं। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से मिले फॉर्म 27,517 हैं। नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ/एईआरओ) द्वारा 7 दिनों की समाप्ति के बाद किया जाना है। एसआईआर के आदेश के अनुसार, 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को ईआरओ/एईआरओ द्वारा जांच करने और निष्पक्ष और उचित मौका दिए जाने के बाद स्पष्ट आदेश पारित किए बिना नहीं हटाया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने आरोप लगाया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। वे इस साल के मानसून सत्र की शुरूआत से ही बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से एक गैर सरकारी संगठन की नई अर्जी पर 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा, जिसमें एसआईआर अभियान के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए 65 लाख मतदाताओं के आंकड़ों का खुलासा करने की मांग की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुन्नीसैदपुर- कटरा-केवटसा पथ राज्य उच्च पथ में होगा अपग्रेड

मुजफ्फरपुर ।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने पथ निर्माण विभाग के सचिव को पत्र भेजकर रुन्नीसैदपुर-कटरा-क्वेटसा पथ को राज्य उच्च पथ में अपग्करेड रने का अनुरोध किया है। यह मार्ग न केवल क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाएगा, बल्कि तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों – एनएच-22 , एनएच-527सी और एनएच-27 के बीच सीधी कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा ।इस मार्ग की कुल लंबाई 37.505 किलोमीटर है, जो दो खंडों में विभाजित है – प्रथम खंड 24.180 किलोमीटर और द्वितीय खंड 13.325 किलोमीटर का है। यह पथ रुन्नीसैदपुर एनएच-22 एवं एसएच-87, बोकची-कटरा एनएच-527सी और केवटसा एनएच-27को जोड़ता है ।फिलहाल इन तीनों स्थलों के बीच की कुल दूरी लगभग 90.82 किलोमीटर है। यदि उक्त पथ को राज्य उच्च पथ में परिवर्तित कर दिया जाता है, तो एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में यह दूरी घटकर 37.505 किलोमीटर रह जाएगी। इससे भारी वाहनों को करीब 25.30 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। यह मार्ग दरभंगा, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी जैसे प्रमुख जिलों के बीच न्यूनतम दूरी का रूट सुनिश्चित करेगा और क्षेत्रीय परिवहन को गति प्रदान करेगा।

### बाईक सवार युवक जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के दरभंगा मुख्य पथ के गोपालपुर पेट्रोल पंप के समीप एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी को सामुदायिक अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया ।जहां जख्मी की पहचान मनियारपुर गांव के अवधेश चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में की। जख्मी युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया ।जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मोहम्मद हैदर ने दी।

### छेड़खानी के नामजद युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कोयलाकुंड गांव में एक युवती के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला 28 जुलाई का बताया गया है। पीड़िता ने थाने में एक आवेदन देकर गांव के ही युवक को आरोपित करते हुए थानाअध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई थी। जिसमें 5 अगस्त को धटना की बात कही थी ।थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू करते हुए आरोपी को कोयलाकुंड गांव से ही सूरज कुमार की तलाश करने लगी ।गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने 6 अगस्त को उसे गिरफ्तार कर थाना लाई। गुरुवार को गिरफ्तार युवक को जेल भेजा गया। जानकारी अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने दी।

### बिजली चोरी के तार के साथ दो गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमहेसी थाना के एस आई राजेंद्र प्रसाद यादव के आवेदन पर पुलिस ने मटियार चौक के पास से एक बाइक पर सवार दो युवक विद्युत का तार ले जा रहे थे। पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया तो दोनों भागने लगे । पुलिस ने विद्युत तार चोरी की शंका पर दोनों को गिरफ्तार किया। युवक की पहचान डरौरी गांव के रामेश्वर दास के पुत्र खुशी दास, दूसरे उसी गांव के सुखदेव दास के पुत्र लक्ष्मण दास के रूप में हुई। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि अग्रतर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार दोनों आरोपी को जेल भेजा गया।

### मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर वार्ड एक निवासी मनिकांत कुमार की पत्नी ममता देवी ने मारपीट को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है । बताया है कि 7 अगस्त को मेरी गोतनी अपने पति दवा लाने के लिए पैसा दिया लेकिन वे दवा न लेकर पी का कर घर आया ।दवा के बारे में पूछने पर अपने पत्नी के साथ बेहरमी से मारपीट किया। बीच बचाव करने मैं गई तो मेरा दोनों देवर जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया। बीच बचाव करने मेरा पति आया तो उसके साथ मारपीट किया।

### नहीं रहे अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चक्रपाणि चौधरी

बेनीपुर(दरभंगा)। अधिवक्ता संघ कार्यालय बेनीपुर में मंगलवार को अध्यक्ष रामचंद्र यादव की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। दिवंगत वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष चक्रपाणि चौधरी उर्फ चुनचुन बाबू के निधन पर शोक सभा में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी तथा अधिवक्ताओं ने आज काम बंद रखा । उनके आत्मा की शांति की कामना की गई। उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित भी किया गया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के सचिव संजीव झा, वरिष्ठ अधिवक्ता रामसागर झा, अधिवक्ता नवाज अहमद राजू खां , उमेश नाथ झा, पूनम देवी, विनय झा, अमरेश झा, विनोद कुमार मिश्र, सरोज झा आदि शामिल थे।

# भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक भरत खेड़ा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के निमित्त सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## डीएम मिथिलेश मिश्र,एसपी अजय कुमार सहित जिले के सभी अधिकारीगण रहे मौजूद

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय !भरत खेड़ा,विशेष प्रेक्षक,निर्वाचक सूची,भारत निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के निमित्त सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025, 25 जून से शुरू हुआ था। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में 25 जून से 26 जुलाई तक सभी मतदाताओं के द्वारा गणना प्रपत्र जमा करना था। इसके पश्चात दिनांक 01 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया है ।01 अगस्त से 01सितम्बर तक दावा आपत्ति की अवधि निर्धारित है। 25 सितम्बर तक प्राप्त दावा/ आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा एवं अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितम्बर को किया जाएगा। बैठक में डीएम मिथिलेश मिश्र के द्वारा विशेष प्रेक्षक भरत खेड़ा को लखीसराय जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अभी तक संपन्न सभी चरणों से अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि लखीसराय जिला में 1अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में लगभग 93% लोगों के नाम शामिल हैं। विशेष प्रेक्षक भरत खेड़ा ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में अगर किसी का नाम शामिल नहीं है और वे योग्य मतदाता है तो फॉर्म 06 के साथ आवश्यक दस्तावेज देखकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसी प्रकार किसी मतदाता के विवरणी में अशुद्धि को दूर करने हेतु फार्म 8 को भरा जा सकता है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया कि वे लखीसराय जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य से संतुष्ट हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता सीतू शर्मा,उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार,डीपीआरओ विनोद प्रसाद,वरीय उपसमाहर्ता प्राची कुमारी,रवि कुमार,सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद,सभी बीडीओ के साथ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलए -2 एवं पंचायत अध्यक्षों की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गायघाट विधानसभा के मनरेगा सभाकक्ष, गायघाट प्रखंड मुख्यालय में जनता दल यूनाइटेड के सभी बीएलए-2 एवं सभी पंचायत अध्यक्षों का मतदाता पुनिरिक्षण को लेकर बैठक आयोजित की गई । बैठक में यह फैसला लिया गया की कोई भी मतदाता जो योग्य है वो किसी भी हालत में मतदाता सूचि से नही हटना चाहिए साथ हीं कोई भी अयोग्य मतदाता जुड़ना नही चाहिए । गायघाट जद यू द्वारा आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए जदयू के प्रवक्ता सह गायघाट विधानसभा के समन्वक अभिषेक झा ने कहा कि आप सभी पार्टी कार्यकर्ता को अब यह विशेष रूप से ध्यान देना है कि ड्राफ्ट के बाद जिन वैध मतदाताओं का नाम किसी न किसी कारण के कटा है उसे हमें जोड़ना है , कोई भी वैध मतदाता छूटना नही चाहिए और इसलिए हमें हर बूथ पर विशेष रूप से ध्यान देना है ।उन्होंने कहा की गायघाट जदयू संगठन प्रभात किरण जी के नेतृत्व में बेहद मजबूती से काम कर रहा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में हम भारी अंतर से यहाँ से विजयी होने का काम करेंगे।. वहीं इस बैठक में मौजूद गायघाट के पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि मतदाता सूचि पुनरीक्षण को हमें एक मजबूत राज्य की परिकल्पना के तरह देखना चाहिए । किन्हीं कारणों से जिनका नाम अभी नही जुड पाया है, उन्हें निराश होने की जरुरत नही है ।सरकार अपने राज्य के एक भी नागरिक का नाम नही काटने जा रही है ।इसलिए विपक्ष के अफवाहों से बचें और आप सभी जदयू गायघाट के समर्पित कार्यकताओं का यह संकल्प हो कि जब तक हमारे विधानसभा के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड न जाए तब तक मुस्तैदी से इस पर काम करना है ।जनता दल यूनाइटेड के सभी बीएलए-2 एवं सभी पंचायत अध्यक्षों के इस बैठक को संबोधित करते हुए जदयू नेता प्रभात किरण ने कहा कि हम सब मिलकर गायघाट विधानसभा के सभी बूथ पर अपने वैध मतदाताओं को जोड़ने का काम आज से शुरू करना है। हर बूथ से चिन्हित कर जिनका नाम किसी न किसी कारण से छूट गया है और जो मुख्य रूप से इसी विधान सभा क्षेत्र के हैं, उनका नाम जोड़ना है और इसके लिए अभी पर्याप्त समय भी है।. हमारे नेता नितीश कुमार जी ने हमें आदेश दिया है कि कोई भी वैध मतदाता छूटे नही और गलत जुड़े नही। आप सबने मिलकर गायघाट में निरंतर जदयू को मजबूत करने का काम किया है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जदयू लालबाबू सहनी ने किया साथ हीं मुख्य रूप से मनोज कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष बंदरा एवं लाल मोहन मिश्रा, अनीता देवी, मनोज झा, शंकर सिंह, जीतन पटेल, विधानसभा प्रभारी, नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह, जयप्रकाश यादव, प्रो. अरुण पटेल, रॉबिन सिंह, जिला संगठन प्रभारी, राम सज्जन राय, मो तमन्ने, नीरज कुमार सोनू, मनोज झा, धनंजय भारती, अक्लू सहनी, मनीष कुमार यादव, मो नौशाद, राम सौगारथ पासवान, मो कलाम, सत्यनारायण राय, गीता देवी, मीडिया प्रभारी हुकुमदेव यादव, कैलाश प्रसाद यादव, श्रवण कुमार सिंह, राम भरोस राय एवं राम नरेश ओझा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम ने बाढ़ आपदा की तैयारी का लिया जायजा



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण , नई दिल्ली से आई तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर जिले का भ्रमण कर बाढ़ आपदा की तैयारियों का जायजा लिया। टीम में लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार शाही, विवेक जायसवाल एवं अनुज तिवारी शामिल थे। इस क्रम में समाहरणालय सभागार में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला आपदा शाखा के अपर समाहर्ता शैलेश कुमार चौधरी ने की। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में बाढ़ की अद्यतन स्थिति और अब तक की गई तैयारियों से टीम को अवगत कराया ।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में बुढ़ी गंडक, बागमती और गंडक नदियों के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। इन नदियों के विभिन्न कालखंडों में जलस्तर की प्रवृत्ति, खतरे के निशान तथा बाढ़ पूवार्नुमान संबंधी जानकारी जल संसाधन विभाग द्वारा नियमित रूप से साझा की जाती है ।टीम ने स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, सड़क एवं संचार व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की उपलब्धता एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों में उनकी कार्य योजना की जानकारी प्राप्त की। तटबंधों की निगरानी, राहत केंद्रों की व्यवस्था तथा सुरक्षित स्थलों की पहचान पर विशेष चर्चा की गई ।बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु संपूर्ण तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के पास 255 नाव, 9 इनफ्लैटेबल मोटर बोट, 26042 पॉलिथीन शीट्स, 73 लाइफ जैकेट, 109 गोताखोर, 497 आपदा मित्र, 21 तैराक, 515 चिन्हित शरण स्थल तथा 526 सामुदायिक रसोई सहित अन्य संसाधन उपलब्ध हैं ।समीक्षा बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बाढ़ आपदा के समय स्वास्थ्य विभाग, पीएचईडी, बिजली विभाग, जल संसाधन, आईसीडीएस, जीविका सहित सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट दायित्व सौंपे गए हैं और सभी अधिकारी सजग होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

## सावन महोत्सव के अवसर पर राखी बनाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत में संचालित सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल में सावन महोत्सव मनाया गया ।इस अवसर पर कक्षा तीसरी से दशम तक की छात्राएं मेहंदी एवं राखी बनाओ, इनाम पाओ प्रतियोगिता में भाग ली। विद्यालय के निदेशक डॉ रमेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सावन का महीना हरियाली, खुशहाली और भक्ति का प्रतीक होता है । इस पावन महीने में प्रकृति अपनी सबसे सुंदर रूप में दिखाई देती है। सावन महोत्सव हमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जोड़ता है। सावन के गीत, रक्षाबंधन के गीत, झूले और मेहंदी इस महोत्सव की शोभा बढ़ाते हैं। सावन महोत्सव में हम एक साथ मिलकर आनंद, प्रेम, और उमंग का अनुभव करते हैं । यह त्यौहार हमें प्रकृति से जोड़ने और आपसी भाईचारे का संदेश देता है ।रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निदेशक ने कहा कि रक्षाबंधन भाई - बहन का पवित्र त्यौहार है , इसमें बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना करती है । भाई अपने बहन की रक्षा करने की कसम खाता है। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा अक्षिता, आस्था, रिक्की ,सोनाली ,शिवानी, प्रतिभा,अंजलि ,सोनाक्षी ,अदिति, साक्षी, वीरा ,संध्या ,खुशी ,पल्लवी, वैष्णवी, खनक ,राजलक्ष्मी, परिणीति, मानू ,अंशु रानी ,राखी ,आकृति , तन्नू ,हर्षिता आदि ने भाग लीप्रतियोगिता को शिक्षिका सोनी कुमारी एवं सुप्रिया कुमारी के द्वारा संचालित की गई।

## व्यावसायिक शिक्षा का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है : प्रो मुश्ताक अहमद

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा ।यह सत्य है कि हर युग में पारंपरिक शिक्षा की तुलना में उद्योग और व्यापार पर आधारित व्यावसायिक शिक्षा हमारी प्राथमिकताओं में रही है और वर्तमान युग में, जब पूरी दुनिया एक बाजार में तब्दील हो गई है और व्यावसायिक शिक्षा का महत्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है और सभी शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों को शामिल करने की होड़ शुरू हो गई है। उक्त विचार सीएम कॉलेज, दरभंगा के प्रधानाचार्य प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने व्यक्त किए। प्रोफेसर अहद कॉलेज में सत्र 2025 - 28 के बीबीए और बीसीए के छात्रों के वर्ग प्रारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कॉलेज पिछले तीन दशकों से इन दोनों व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान कर रहा है और हमारे स्नातक छात्र देश-विदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं। प्रोफेसर अहमद ने कहा कि सीएम कॉलेज उत्तर बिहार में बीबीए और बीसीए की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और यही कारण है कि हजारों छात्र इस कॉलेज में इन दोनों पाठ्यक्रमों में सीटों के लिए इच्छुक रहते हैं। गौरतलब है कि आरक्षण नीतियों के अनुसार लिखित और मौखिक परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है और इस तीन वर्षीय डिग्री कोर्स को पूरा करने वाले छात्र विभिन्न कंपनियों में नौकरी पाने में सफल होते हैं और कई दूसरों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं। प्रो अशोक कुमार पोद्दार ने कहा कि बदलती परिस्थितियों के अनुसार, बीबीए और इसके छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने के योग्य बनाने का हर संभव प्रयास किया जाता है और जिसके परिणामस्वरूप इस कॉलेज के ये दोनों पाठ्यक्रम लोकप्रिय हो गए हैं और इनमें प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। प्रो दिव्या शर्मा ने आरंभ में इन दोनों पाठ्यक्रमों के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ शीबा शब्बीर और इंजीनियर प्रेरणा ने भी इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित किया। डॉ. सुजीत कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के अन्य विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

## आरएसबी हाइ स्कूल के डॉ रामखेलावन प्रसाद का निधन



प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर /पटना : राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित आर एस बी हाइ स्कूल के पूर्व प्राचार्य डॉ रामखेलावन प्रसाद नहीं रहे । उनका निधन सावन की अंतिम सोमवार दिनांक 4 अगस्त 2025 को हो गया ।वे 85 वर्ष के थे । उनका जन्म 1941 को नवादा जिले के डोहड़ा गांव में हुआ था। डॉ रामखेलावन प्रसाद 1990 से 2001 तक आर एस बी हाइ स्कूल के प्राचार्य थे ।वर्ष 1992 में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया था । प्राचार्य पद ग्रहण करने के साथ ही डॉ रामखेलावन प्रसाद ने महाविद्यालय को अंग्रेजी शासन की पहचान को मिटाते हुए महाविद्यालय का नाम किंग एडवर्ड इंटर स्कूल से आर एस बी हाइ स्कूल ( रामलखन शारदा नंदन महाविद्यालय ) करवाया। उन्होंने अपने अथक प्रयास से यहां के छात्र और आजादी की लड़ाई लड़ने वाले रामलखन और शारदानंदन के नाम से महाविद्यालय का नाम राज्य सरकार से करवाया ।उनके प्राचार्यकाल में महाविद्यालय की ख्याति जिला स्तर ही नहीं राज्य स्तर पर होती रही ।उनके कार्यकाल की पढ़ाई , साफ सफाई , विधि व्यवस्था, महाविद्यालय में ड्रेस कोड को लोग आज भी याद करते है । उनके कार्यकाल में बालिका शिक्षा को लेकर भी बहुत सराहनीय प्रयास किया गया, यही वजह था कि उनके कार्यकाल में सबसे अधिक बालिका पढ़ने इसी महाविद्यालय में आती थी । उनके निधन पर आर एस बी हाइ स्कूल एल्यूमनाई एसोसिएशन के हरि ओम उत्तम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन और महाविद्यालय का प्रशासन क्या होता है यह उनके कार्यकाल से समझा जा सकता है ।

## जानकी मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ होना हम सभी के लिए गौरव की बात है : अश्वनी यादव



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।आज का दिन मिथिलावासी सहित सम्पूर्ण प्रदेश एवं देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है ।उक्त बातें किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी यादव ने कहीं। श्री यादव ने कहा कि अयोध्या में राम का भव्य मंदिर बनने के बाद पुनौरा धाम में भी भव्य जानकी मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ होना मिथिलावासी के लिए गौरव की बात है ।श्री यादव जानकी मंदिर निर्माण के भूमि पूजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीए सरकार के द्वारा मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। आज अयोध्या के तर्ज पर सीतामढ़ी के पुनौराधाम में जानकी मंदिर के निर्माण के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह के हाथ होने वाले भूमि पूजन में हायाघाट विधानसभा से हजारों की संख्या में लोग जानकी मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## पारु में स्थापित होगा नया औद्योगिक हब 700 एकड़ भूमि अधिग्रहण की मिली स्वीकृति

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के औद्योगिक नक्शे पर एक और अहम बिंदु जुड़ने जा रहा है। मोतीपुर और बेला के बाद अब पारु प्रखंड को भी औद्योगिक विकास की सौगात मिली है। राज्य सरकार ने पारु में करीब 700 एकड़ भूमि पर आधारित नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति दे दी है। यह परियोजना जिले में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति देने के साथ-साथ रोजगार के व्यापक अवसर भी सृजित करेगी इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना द्वारा मौजा चैनपुर चिहुंटाहा में 250 एकड़, भोजपट्टी में 95 एकड़, चतुर पट्टी में150 एकड़, हरपुर में120 एकड़, और विशनपुर सरिया, चादर संख्या -2 में 85 एकड़ जमीन अधिग्रहण की स्वीकृति दी गई है ।नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से न केवल स्थानीय निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। साथ ही, जिले में औद्योगिक संरचना के विकास से संबंधित अन्य सुविधाएं जैसे सड़कों का विस्तार, बिजली, जल आपूर्ति एवं परिवहन नेटवर्क भी बेहतर होंगे ।पारु में बनने वाला यह औद्योगिक क्षेत्र न केवल स्थानीय विकास का वाहक बनेगा, बल्कि पूरे उत्तर बिहार की औद्योगिक तस्वीर बदलने की क्षमता भी रखता है। जिलावासियों के लिए यह निश्चित रूप से एक सुनहरा अवसर सिद्ध होगा।

## लखीसराय पुलिस की बड़ी सफलता,चर्चित दोहरे हत्याकांड का मास्टरमाइंड पेट्रोल को पुलिस ने धर दबोचा

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिले की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड का लाइनर उमाशंकर शर्मा उर्फ पेट्रोल को धर दबोचा है ! इस संदर्भ में प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी देते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि 17-18 जून की रात को पिपरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन कुमार एवं वार्ड सदस्य प्रतिनिधि चंदन कुमार चर्चित हत्याकांड का मुख्य लाइनर उमाशंकर शर्मा उर्फ पेट्रोल को पुलिस ने धर दबोचने में बड़ी कामयाबी हासिल की है ! उन्होंने बताया कि दोहरे हत्याकांड में अपराधी पेट्रोल नामजद आरोपी था !ये हीं हत्याकांड को अंजाम देने में अपनी मुख्य भूमिका निभाई थी ! पिपरिया थाना में उक्त आरोपी के विरुद्ध एफआईआर संख्या -60/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था !17 जून को वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन सिंह उर्फ डोमू और एक अन्य व्यक्ति चंदन कुमार की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी ! एसपी अजय कुमार ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पहले हीं मुख्य शूटर समेत तीन अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है !आरोपी पेट्रोल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रखी थी !बताते चलें कि गिरफ्तार अपराधी उमाशंकर शर्मा और पेट्रोल लखीसराय जिले के बहुचर्चित पथुआ नरसंहार का भी आरोपी रहा है !एसपी अजय कुमार ने कहा कि हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है !प्रेस वार्ता में एसडीपीओ शिवम कुमार भी मौजूद थे !

## मधुबनी में विधि-व्यवस्था और ट्रैफिक सुधार को लेकर प्रशासन सतर्क

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले में विधि-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में बुधवार देर शाम जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने नगर थाना स्थित सीसीटीवी नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, उनकी कार्यप्रणाली और कवरेज क्षेत्र की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नियंत्रण कक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर इन कैमरों की मदद से लगातार निगरानी रखी जाए ।जिलाधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था की मजबूती और यातायात प्रबंधन में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इनकी सहायता से संदिग्ध गतिविधियों की समय पर पहचान, अपराधियों की ट्रैकिंग और सटीक सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई संभव हो पा रही है। डीएम ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ट्रैफिक की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए, ताकि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिले और जाम की स्थिति पर तुरंत काबू पाया जा सके ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कहा कि जिले के सभी प्रमुख इंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर चेक प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। इन स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, जिससे बाहरी तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और जिले की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सभी चेक प्वाइंट्स पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे चौबीसों घंटे निगरानी संभव हो और किसी भी आपराधिक या अवांछनीय गतिविधि पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि मधुबनी शहर को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नागरिकों के लिए बेहतर जीवन-स्तर वाला शहर बनाया जा सके। इस दिशा में प्रशासनिक स्तर पर लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## केंद्रीय विद्यालय को लेकर मधुबनी को मिल सकते हैं दो विद्यालय

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर जिला प्रशासन ने ठोस पहल की है। पूर्व में मधुबनी सदर अनुमंडल के लिए केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव भेजा गया था, जो अब भी यथावत है। अब जिले के बड़े भौगोलिक क्षेत्रफल, जनसंख्या घनत्व और लगातार बढ़ती शैक्षणिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए झंझारपुर अनुमंडल के लिए भी अलग से एक नया प्रस्ताव तैयार कर शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजा गया है ।इस संबंध में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने स्पष्ट किया कि दोनों प्रस्ताव एक-दूसरे के विकल्प नहीं हैं, बल्कि जिले की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दो अलग-अलग अनुमंडलों के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि मधुबनी जिले की विशालता और यहां की शैक्षणिक परिस्थितियों को देखते हुए केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। झंझारपुर अनुमंडल के लिए भेजा गया यह नया प्रस्ताव उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि राज्य व केंद्र सरकार की ओर से जिले को केवल एक केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिलती है, तो प्राथमिकता पूर्व प्रस्तावित मधुबनी अनुमंडल को ही दी जाएगी। झंझारपुर अनुमंडल के लिए भेजा गया प्रस्ताव जिले की अतिरिक्त शैक्षणिक जरूरतों की पूर्ति के उद्देश्य से तैयार किया गया है ।जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे इन प्रस्तावों को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति में न रहें। यह एक सतत प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसमें संबंधित विभाग विस्तृत सर्वेक्षण, जनसंख्या आधारित आकलन और शैक्षणिक आवश्यकताओं के आधार पर निर्णय लेते हैं। झंझारपुर के लिए भेजा गया नया प्रस्ताव, मधुबनी जिले में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सुविधा व संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर बीडीओ ने किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान( दरभंगा ) । प्रखंड कार्यालय परिसर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रखंड कार्यालय से प्रचार वाहन को बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन प्रखंड क्षेत्र के गली गली मुहल्ले मुहल्ले जाकर योग्य व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करेगा। मतदाता को जागरूक करने के लिए प्रखंड में दो- दो प्रचार वाहन लगाए गए हैं। साथ ही बीडीओ श्री जिज्ञासु ने बताया कि 2 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा आपत्ति के लिए योग्य व्यक्ति अपना अपना दस्तावेज सम्बंधित बीएलओ के पास जमा करावे ताकि आपका नाम प्रारूप मतदाता सूची से नही कटे ।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की, संबंधित पदाधिकारी को दिए दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। प्रमंडलीय आयुक्त अविनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित समीक्षा हुई। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों को मूर्त रूप देते हुए उसे शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकार, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित सभी विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के दौरान घोषित सभी योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि लगभग सभी योजनाओं के कार्य कि नीविदा तक पूर्ण हो गई है और कई में कार्य भी प्रारम्भ किया जा चूका है। इन योजनाओं के सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इनमें जिला मुख्यालय कि तीन महत्वपूर्ण सड़कें सहित योगाश्रम रिंग रोड, कष्टहरणी घाट, तेलडीहा मंदिर, चण्डीका स्थान के सौंदर्यकरण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी को चंडीका स्थान के सौंदर्य करण कार्य का स्वयं से निरीक्षण कर संवेदक को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुकी पर्व त्यौहार का मौसम भी प्रारम्भ होने वाला है, इसके मद्देनजर सड़कों के निर्माण कार्य को दुर्गा पूजा के पूर्व पूर्ण कर लें। आयुक्त ने जिलाधिकारी को शहर कि तीनों प्रमुख सड़कों का निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए।डिग्री कॉलेज एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को भी आयुक्त ने शीघ्र पूर्ण कर विभाग को स्टीमेट भेजनें की बात कही। खड़गपुर झील के सौंदर्यकरण कार्य को अनुमंडल पदाधिकारी खड़गपुर को लगातार रिव्यू करते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही सिंहवाहिनी जलाशय योजना की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि यह योजना भी सरकार कि अतिमहत्वपूर्ण योजना है, इसे भी जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। आयुक्त ने जलापूर्ति योजना की समीक्षा में कहा कि नगर निगम एवं जमालपुर नगर परिषद क्षेत्रों में शत प्रतिशत घरों में पेयजल आपूर्ति का कार्य पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब कुछ घरों में कनेक्शन नहीं होने की सूचना पर पुनः सर्वे कराकर शत प्रतिशत घरों में आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जाएगी। विद्युत शवदाह गृह के जमीन अधिग्रहण के संबंध में आयुक्त ने अपर समाहर्ता को आवश्यक निर्देश दिए। औद्योगिक पार्क, खड़गपुर तारापुर पथ निर्माण कार्य को भी आयुक्त ने शीघ्र मूर्त रूप देने की बात कही। पंचायत सरकार भवन निर्माण की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि अब भी कई जगह निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है, यदि जमीन अधिग्रहण की समस्या आ रहीं है तो संबंधित अंचलाधिकारी से बात करें। इसके लिए उन्होंने अपर समाहर्ता को आवश्यकतानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। कल्याण विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर तथा कपूरी छात्रावास के संचालन आदि का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि छात्रावास में संचालित पुस्तकालय में आवश्यकतानुसार सभी पुस्तकों कि उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उसके लिए उन्होंने पुस्तक खरीदने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य की समीक्षा में बताया गया कि कार्य लगभग 22% पूर्ण हुआ है। आयुक्त ने कहा कि तीव्रता से कार्य कराएं, यदि कोई समस्या आ रही हो तो थानास्तर पर अनुमंडल पदाधिकारी को कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की उपलब्धि की सराहना करते उन्होंने हुए जमालपुर एवं तारापुर विधानसभा क्षेत्र में लिंगानुपात में सुधार के निर्देश दिए। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के कार्यालय भवन निर्माण तथा सम्राट अशोक भवन निर्माण के लिए उन्होंने संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों को जमीन अधिग्रहण करने और स्टीमेट तैयार करने की बात कही नगर निगम क्षेत्र में आवास योजना की समीक्षा में उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में किश्त की राशि भुगतान की गति धीमी है, उसमें तेजी लाएं तथा नियमित किश्त की भुगतान कराएं।

# योग्य व्यक्ति न छूटे तथा अपात्र व्यक्ति का नाम न जुड़े : भरत खेड़ा

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के निमित्त भरत खेड़ा, विशेष प्रेक्षक निर्वाचक सूची, बिहार की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत जिले में हुए कार्यों की जानकारी सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से ली गयी। सभी प्रतिनिधियों ने बताया कि कार्य अत्यंत ही पारदर्शी तरीके से संपन्न कराए गए हैं और सभी राजनीतिक दल कार्य से संतुष्ट है। बैठक में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकार, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रंजन सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में विशेष प्रेक्षक द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के कार्यों की जानकारी ली गयी। सभी ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देशन में जिले में यह कार्य अत्यंत ही पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया है। इस कार्य में जितने भी बीएलओ द्वारा जो कार्य किया गया है, अत्यंत ही सराहनीय है। इतने कम समय में इस कार्य को पूरा करना वास्तव में एक चैलेंज था, लेकिन जिला प्रशासन इसमें पूरी तरह लग कर इस कार्य को पूर्ण करायी है, जो वास्तव में सराहनीय एवं संतोषजनक है। राजनीतिक दलों द्वारा जिला प्रशासन की ओर से किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को संतोषजनक बताया गया, इस पर श्री खेड़ा ने भी जिला प्रशासन के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की पृच्छा के क्रम में मैं जिन भी जिलों में गया वहां किए गए कार्य से यही लगा कि बिहार के शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली वास्तव में काबिले तारीफ है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के सहयोग को भी सराहनीय बताया। उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से दावा आपत्ति सहित अन्य के लिए भी सुझाव मांगे। श्री खेड़ा ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति न छूटे तथा अपात्र व्यक्ति का नाम न रहे यही विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का मुख्य उद्देश्य है। इस पुनरीक्षण कार्य के पूर्ण होने से यह स्पष्ट है कि बिहार में होने वाले विधान सभा आम निर्वाचन 2025 में मतदान प्रतिशत में अप्रत्याशित वृद्धि का अनुमान लगाया जा सकता है। यह भी बात सामने आ रही थी कि मतदान के दिन कई लोग मतदान नहीं करते हैं, यह सोच कर भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु पुनरीक्षण कार्य कराया गया है।

## जबरन भैंस से बर्बाद कर रहा था धान की खेत में लगी फसल, विरोध किया तो की मारपीट और लूटपाट

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सदर थाना क्षेत्र के सुखासन गांव, वार्ड नंबर - 3 निवासी स्व हीरालाल प्रसाद यादव के पुत्र विनोद कुमार यादव ने अपने धान के फसल को भैंस द्वारा बर्बाद करने, विरोध करने पर मारपीट करने और लूटपाट मचाने की शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि उनके धान की खेत में भेलवा गांव निवासी ढलाई यादव के पुत्र लाल यादव अपना भैंस को जबरन घुसा कर फसल को बर्बाद कर रहा था। इस दौरान वे खेत देखने पहुंचे। उन्हें भैंस को खेत से निकाल लेने का आग्रह किया। जिस पर वे गुस्से में आ गए। उन्हें गाली गलौज देने लगे। जिसका विरोध किया तो वे और उनके दो पुत्र लखन यादव माखन यादव उनके साथ मारपीट किया। उनकी बाइक को लाठी से तोड़फोड़ दी। फिर लूटपाट मचाया है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है। कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य बने पूर्व प्रमुख शंभू नाथ झा



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा नें पूर्व प्रमुख शंभूनाथ झा को जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रमुख शंभूनाथ झा को भारतीय जनता पार्टी के कार्य समिति सदस्य चयन किया गया है। मुझे आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है कि श्री झा संगठन के प्रति सजग रहकर पार्टी को मजबूत करेंगे। नव मनोनीत कार्य समिति सदस्य शंभू नाथ झा ने कहा मैं प्रदेश के सभी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के द्वारा मिले दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन और पार्टी की मजबूती के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। ज्ञात हो कि श्री झा 1982 से छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री से लेकर संगठन के कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया। उनके कुशल कार्य क्षमता को देखते हुए विभिन्न प्रदेशों में संगठन की कार्य विस्तार को लेकर बखूबी दायित्व निर्वहण किया गया। इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करने वालों में सुनील शाह, बिरजू पोद्दार, पप्पू पोद्दार, परमानंद भगत, सरवन भगत, शिव शंकर झा, नीरज झा, राजेश सरकार, श्याम मिस्त्री, संतोष शर्मा, शिव शंकर झा, सुदर्शन ठाकुर, सत्यनारायण ठाकुर, राजू अनमोल, देवेंद्र पोद्दार, अभिनव एवं अगम झा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## स्कूल क्लास रूम से मिली 8 वीं के छात्र की लाश पिता ने प्रिंसिपल पर लगाया हत्या का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा बनगांव में 8 वीं कक्षा के एक छात्र का उसके स्कूल से गुरुवार सुबह शव बरामद किया गया। घटना बनगांव थाना क्षेत्र की है। छात्र की पहचान बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। मृतक के पिता टुनटुन पंडित ने हत्या का आरोप स्कूल के प्रिंसिपल पर लगाया है। स्कूल में परिजनों ने हंगामा किया। बताया जाता है कि बिट्टू शशिकला मध्य विद्यालय चैनपुर में पढ़ता था। इसी स्कूल के परिसर से उसका शव मिला है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों ने स्कूल परिसर में पहुंचकर हंगामा किया। हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची। छात्र बिट्टू के पिता टुनटुन पंडित ने बताया कि बुधवार (06 अगस्त, 2025) को उनका बेटा सुबह 9 बजे स्कूल गया था लेकिन लौटा नहीं। शाम के 7 बजे से बच्चे को खोजना शुरू किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। स्कूल के मास्टर से भी उन्होंने पूछा लेकिन बताया गया कि वो स्कूल से चला गया है। गार्ड से विद्यालय की चाबी मांगी गई तो उसने कहा कि स्कूल कल खुलेगा। इसके बाद आज (गुरुवार) मेरे बच्चे का शव स्कूल परिसर में पड़ा हुआ था। उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल पर हत्या का आरोप लगाया। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर बनगांव थानाध्यक्ष पिंकी कुमारी को सूचना मिली कि शशिकला मध्य विद्यालय चैनपुर के पास एक छात्र का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। साथ ही एफएसएल की टीम को बुलाया गया। सहरसा सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना का कारण पता नहीं चला है। प्रथम द्दष्टया बच्चे के दाहिने हाथ में जलने का निशान है जो कि बिजली के तार से प्रतीत होता है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद घटना के सही कारण का पता चल पाएगा।

## शौचालय टैंक हादसे में तीसरे युवक मजदूर की भी मौत, सिंहेश्वर में तीन की गई जान



प्रात : किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) सिंहेश्वर थाना क्षेत्र में शौचालय टैंक की स्टेरिंग खोलने के दौरान हुई जहरीली गैस की चपेट में आने से अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है। यह दर्दनाक हादसा 2 अगस्त को हुआ था, जब विजय भगत के निमार्णाधीन घर में बने शौचालय टैंक की शटरिंग खोलने के दौरान मजदूरों की जान पर बन आई। लालपट्टी वार्ड नंबर एक निवासी प्रमोद यादव और बुढ़ावे निवासी दिलीप चौहान टैंक की स्टेरिंग खोलने के लिए उसमें उतरे थे। टैंक के अंदर जमा जहरीली गैस के कारण दोनों बेहोश हो गए। जब तीसरा व्यक्ति संतोष कुमार उन्हें देखने अंदर गया, तो वह भी गैस की चपेट में आ गया और बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को गंभीर अवस्था में जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रमोद यादव और दिलीप चौहान की मौत उसी दिन हो गई। वहीं, संतोष कुमार को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। इलाज के बावजूद मंगलवार की रात संतोष कुमार ने भी दम तोड़ दिया। वहीं बुधवार को डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया वहीं पोस्टमार्टम के बाद डेडबॉडी को परिजन को सौंप दिया, वहीं परिजन ने बुधवार के दिन करीब शाम में छः बजे हिन्दू धर्म के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया जहां मुखाग्नि उनके आठ वर्षीय पुत्र ने किया। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, दर्दनाक हादसे से इलाके में शोक की लहर है। जानकारी प्राप्त होते ही समाजसेवी कोमल भगत ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे जहां उन्होंने कहा की इस दुख की घड़ी में हम पूरा परिवार के साथ हैं, आगे भी मदद करेंगे, इस दुःख की घड़ी में परिवार को भगवान दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें ईश्वर से यही कामनाएं करती हूं।

# 1221 उपभोक्ताओं को मिला शून्य रुपया का बिजली बिल, उपभोक्ताओं में हर्ष व्याप्त

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत प्रति माह 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली उपलब्ध कराने की योजना का लाभ दिखने लगा है। प्राप्त सूचना के अनुसार विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सहरसा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों एवं शहरों में उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली पूर्ण अनुदान पर मिलने के कारण जिन उपभोक्ताओं के घरेलू परिसर का ऊर्जा खपत 125 यूनिट तक है को जीरो रुपए का बिजली बिल निर्गत किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली योजना की पूर्ण जानकारी मुहैया कराने के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत आर आर एफ, शहरी क्षेत्र में सभी मीटर रीडर एवं बिजली कर्मियों के द्वारा विपत्र निर्गत करने के कार्य के दौरान बिजली बिल के साथ मुख्यमंत्री बिहार सरकार का संदेश एवं 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने से संबंधित हैंड बिल का भी वितरण किया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सहरसा अंतर्गत बुधवार तक कुल 1221 उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र शून्य रुपये का प्राप्त हुआ जिसमे सहरसा शहरी में 221 सहरसा (ग्रामीण ) 565 और सौर बाजार अवर प्रमंडल में 435 उपभोक्ता शामिल है। उपभोक्ताओं को मिल रहे इस लाभ को लेकर उपभोक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। कई उपभोक्ताओं ने इसे मध्यम एवं निम्न वर्गीय परिवारों के लिए राज्य सरकार का अति महत्वपूर्ण सौगात बताया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता सहरसा अमित कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक की बिजली पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। यह लाभ सभी घरेलू स्मार्ट मीटर उपभोक्ता एवं पोस्टपेड मीटर उपभोक्ता को समान रूप से मिलेगा। इसके लिए किसी भी उपभोक्ता को किसी प्रकार के निबंधन या आवेदन की आवश्यकता नहीं है। उक्त लाभ माह जुलाई के बिजली खपत के आधार पर माह अगस्त में निर्गत होने वाले बिजली बिल में स्पष्ट रूप से दिखेगा।

## नशे की हालात में महिला के साथ की गई गाली गलौज और मारपीट

सहरसा सदर थाना क्षेत्र के बटराहा, वार्ड नंबर - 26/35 निवासी कृष्ण मोहन चौधरी की पत्नी रोमनी देवी ने अपने ही मोहल्ले के नामित लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट करने और लूटपाट मचाने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उनके घर का काम चल रहा था। वे सड़क पर गिरे हुए ईद को उठाकर घर तक पहुंचा रही थी। इस दौरान उनके पड़ोसी स्व खटकन शर्मा के पुत्र ननकू शर्मा और उनके पुत्र, पुत्री सहित परिजन नशे की हालत में उनके साथ गाली गलौज किया। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की और लूटपाट मचाया है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नगर निगम में हड़ताल की साजिश को सफल नहीं होने देंगे : संजय केशरी

प्रात : किरण संवाददाता




● टाउन हॉल अतिक्रमण मुक्त कराने सहित अन्य मांगों को लेकर 16 अगस्त से होगा आमरण-अनशन

मुंगेर। नगर निगम में जब-जब हड़ताल हुआ है तब-तब हड़ताल कराने वाला नेता मालामाल हुआ है और हड़ताल करने वाला मजदूर कंगाल हुआ है इसलिए अब हमलोग ना तो खुद हड़ताल करेंगे और ना ही हड़ताल की साजिश को सफल होने देंगे। उपर्युक्त बातें लोकल बॉडीज एम्पलॉईज फेडरेशन (संजय केशरी गुट) के अध्यक्ष संजय केशरी ने सैंकड़ों निगम कर्मियों के साथ नगर निगम के मुख्य द्वार पर आयोजित गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने आगे कहा कि गबन के आरोप में जेल से बेल पर छुटे बर्खास्त निगम कर्मी निगम प्रशासन को 18 अगस्त से हड़ताल का दवाब बना रहे हैं ताकि शाइन एण्ड स्टैण्डर्ड फैसिलिटी मैनेजमेंट प्रा० लि० नामक एनजीओ का बिना टेंडर पुनः एग्रीमेंट हो जाए लेकिन इस एनजीओ को ब्लैकलिस्टेड कराकर स्थानीय एनजीओ को लाया जाएगा जिससे एनजीओ कर्मियों को पांच सौ छत्तीस रुपए के हिसाब से मजदूरी मिल सके। श्री केशरी ने कहा कि किसी भी दैनिक कर्मियों का कोई रेकार्ड ना तो नगर निगम में है और ना ही नगर विकास एवं आवास विभाग भेजा गया है यही कारण है कि पचासों दैनिक कर्मियों को मौखिक आदेश देकर हटा दिया गया है। सर्विस बुक घोटाला के कारण मां-बेटा एक साथ सेवानिवृत्ति के कारनामा को अंजाम दिया गया तथा ना तो सप्तम वेतनमान लागू हुआ और ना ही अन्तरवेतन का लाभ मिल रहा है। दैनिक कर्मियों को छः सौ चौवन रुपए, पीएफ घोटाला, सेवांत लाभ, पेंशन, अनुकम्पा पर बहाली, बिना नोटिस हटाए कर्मियों का अविलंब समायोजन, समयबद्ध पदोन्नति सहित अन्य मुद्दों को श्री केशरी ने गेट मीटिंग में उठाते हुए 16 अगस्त से टाउन हॉल में आमरण-अनशन करने का ऐलान किया। महामंत्री हीरा राउत ने कहा कि हमलोग जान जोखिम में डालकर शहर को साफ रखते हैं लेकिन ना तो हमारा सर्विस बुक बना है और ना ही हमें समय पर वेतन मिलता है। इस अवसर पर सीता देवी, माला देवी, बिंदु देवी, मनिया देवी, रीता देवी, चंदा देवी, काली राउत, जुलुम यादव, दशरथ यादव, बिक्की राउत, पारो मांझी, छैला मांझी, कारु मल्लिक, कुन्दन मल्लिक, रामानन्द राउत, श्रवण मंडल, राजेन्द्र मंडल, आशीष कुमार, सूरज डोम एवं सहदेव डोम सहित सैकड़ों दैनिक कर्मी, जलकल कर्मी, कार्यरत कर्मी, एनजीओ कर्मी एवं सेवानिवृत्त कर्मी उपस्थित थे।

# रविंद्र पंडित नौ वर्षों सें दंडी बम के रूप में बैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग पर करते है जलार्पण

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा शहर के मत्स्यगंधा चौसठ योगिनी काली मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित रविंद्र कुमार झा विगत 9 वर्षों से दंडी बम के रूप में देवघर स्थित बैद्यनाथ शिवलिंग पर जलार्पण करते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे साधारण कांवर लेकर बाबा बैधनाथ शिवलिंग पर 16 वर्षो तक जलार्पण किया। उन्होंने बताया कि एक बार मोटरसाइकिल से मेरा भयंकर एक्सीडेंट हो गया इसमें डॉक्टरों द्वारा मेरी स्थिति को देखकर स्वस्थ होने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहने की बावजूद कर्ज लेकर किसी तरह ऑपरेशन कराया जो भगवान भोलेनाथ व मैया काली की कृपा से चंद दिनों में ही सब कुछ ठीक-ठाक हो गया। उन्होंने बताया कि नया जीवन पाकर वे साधारण कांवर के बदले दंडी बम के रूप में हर साल बाबा धाम जाने का निर्णय लिया। तब से विगत नौ वर्षों से प्रतिवर्ष दंडी बम के रूप में दंड प्रणाम करते हुए शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ की महिमा अपरम्पार है।जिनकी कृपा से मैं स्वस्थ होकर हर वर्ष कावड़ यात्रा कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के वर्ष जब मैं पहली बार दंडी बम बनकर दंड प्रणाम करते हुए जा रहा था। उसी समय बीच रास्ते में सुईया पहाड़ की नजदीक मेरे शरीर में अचानक असहनीय दर्द होने लगा। मैं मजबूर होकर वही गिर पड़ा। श्री झा ने बताया कि उसी समय एक औघड साधु उनके पास आया और उन्होंने दंड प्रणाम की कलम के माध्यम से दर्द निवारण का उपाय बताए जिसे करने से तत्क्षण मेरा दर्द ठीक हो गया। वही दर्द ठीक होते ही वह अघोरी देखते ही देखते विलुप्त हो गया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव अपने भक्तों की रक्षा के लिए इस रास्ते में अनेक चमत्कार करते हैं। उन्होंने बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा को जल लेकर दंड प्रणाम करते हुए बैद्यनाथ धाम जा रहे हैं। यात्रा लगभग एक महीना में पूरा होता है। इस बार भी सावन पूर्णिमा के दिन जलार्पण करने की उम्मीद है।पंडित श्री झा ने कहा कि वर्तमान युग में भी श्रद्धा आस्था एवं विश्वास के बल पर भक्त अपने भगवान को समर्पण के साथ पूजा करते हैं। वही बैजनाथ धाम आने वाले हर भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

## निचले इलाकों में गंगा की पानी और उससे प्रभावित गाँव का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिले में गंगा के बढ़ते जल स्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को लेकर निचले इलाके में फैले गंगा की पानी और उससे प्रभावित गावों का गुरुवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकार द्वारा निरीक्षण किया गया । बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पॉलीथिन आदि का भी वितरण उन्होंने किया गया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, खड़गपुर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा हवेली खड़गपुर प्रखंड के कृष्णनगर, मँझगाईं जो बाढ़ से ज्यादा प्रभावित हुए हैं, का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वो स्थानीय लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए तथा बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पॉलीथिन आदि का वितरण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा कि आप सभी चिंतित न हों, जिला प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने तत्काल संबंधित पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आश्रय स्थल पर समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों के आश्रय स्थल पर रहने के बाद उनके खान पान, पेयजल आवश्यक दवा आदि कि पूरी व्यवस्था करें। साथ ही साफ सफाई, शौचालय, बिजली आदि की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## लखीसराय पुलिस केंद्र पहुंचे डीआईजी राकेश कुमार, प्रशिक्षु सिपाहियों के लिए उपलब्ध बैरक और अन्य बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा

**मौके पर एसपी अजय कुमार व एसडीपीओ शिवम कुमार भी रहे मौजूद**

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय !लखीसराय पुलिस केंद्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र में डीआईजी राकेश कुमार ने निरीक्षण किया !इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों के लिए उपलब्ध बैरक और अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया !उनके साथ जिले के एसपी अजय कुमार भी मौजूद थे !डीआईजी ने सिपाहियों के रहने,खाने और दैनिक जरूरत से जुड़ी व्यवस्थाओं को देखा साथ हीं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी सिपाही को प्रशिक्षण के दौरान कोई असुविधा न हो !निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने महिला-पुरुष सिपाहियों द्वारा आयोजित परेड की सलामी ली ! डीआईजी ने जवानों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया !उन्होंने कहा की परेड केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है यह वदीर्धारी सिपाही की स्मार्टनेस,शारीरिक क्षमता, अनुशासन और कर्तव्यबोध का प्रतीक है !एक जवान को पता होना चाहिए की वर्दी कैसे पहनी है,चलना कैसे है,बात करने और वरिष्ठों को सम्मान देने का तरीका क्या होना चाहिए यह सभी बातें परेड से सीखी जाती है ! इसके बाद डीआईजी ने मेस में तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की और इस पर संतोष जताया !उन्होंने महिला सिपाहियों के लिए अलग से की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना भी की ! डीआईजी राकेश कुमार ने जवानों से कहा कि वे नियमित रूप से परेड में भाग लें !यह शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने का एक सशक्त माध्यम है !इससे न केवल अनुशासन बढ़ता है,बल्कि आत्मविश्वास भी मजबूत होता है !

# भारत में कृषि क्रांति तेज गति से जारी

शिवराज सिंह चौहान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, निरंतर सुधारों और किसान-केंद्रित पहलों के कारण कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है और देश ने धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। कृषि वर्ष 2024-25 के लिए प्रमुख कृषि फसल उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2024-25 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 353.96 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो अब तक का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादन होगा और वर्ष 2014-15 (252.02 मिलियन टन) की तुलना में यह 40 प्रतिशत अधिक रहेगा। 1960 के दशक से पहले की जड़ता और खाद्य असुरक्षा को पीछे छोड़ते हुए आज भारतीय कृषि खाद्य अधिशेष प्राप्त करने की स्थिति में आ गयी है, जिससे माल्थस की यह धारणा गलत साबित होती है कि जनसंख्या वृद्धि, खाद्य उत्पादन की तुलना में अधिक हो जाएगी। 1967 में, विलियम और पॉल पैडॉक ने भारत में अकाल की भविष्यवाणी की थी। उनका दावा था कि देश अपनी बढ़ती आबादी का पेट नहीं भर पाएगा। उन्होंने खाद्य सहायता के खिलाफ विवादास्पद तर्क दिया था, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे भविष्य में भुखमरी और बढ़ेगी। उच्च उपज वाले चावल और गेहूं की किस्मों, कृषि रसायनों और सिंचाई से संचालित हरित क्रांति ने पैडॉक की भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 1966-67 के 74 मिलियन टन से बढ़कर 1979-80 तक 130 मिलियन टन हो गया। वार्षिक वृद्धि 8.1 मिलियन टन (2014-2025) के शिखर-बिंदु को छूते हुए 354 मिलियन टन तक पहुंच गई। बागवानी फसलें भी 1960 के दशक के 40 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में 334 मिलियन टन हो गई, जिसमें हाल ही में 7.5 मिलियन टन की वार्षिक वृद्धि हुई है। विपरीत परिस्थितियों को सहन करने वाले सक्षम किस्मों और अनुकूल कृषि पद्धतियों ने प्रगति के कारण फसल उत्पादन में भी अधिक स्थिरता आयी है। भारत के डेयरी, मुर्गीपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 1970 के दशक में शुरू हुई श्वेत क्रांति ने दूध उत्पादन को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 2023-24 तक 239 मिलियन टन कर दिया, जो पूरे यूरोप के बराबर है। 1980 के दशक की नीली क्रांति ने मछली उत्पादन को 2.4 मिलियन टन से बढ़ाकर 2024-25 तक 19.5 मिलियन टन कर दिया, जिससे भारत दूसरा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य उत्पादक और निर्यातक बन गया। मुर्गीपालन, घरेलू गतिविधि से आगे बढ़कर एक उद्योग के रूप में विकसित हुआ, जिसमें अंडों का उत्पादन 10 बिलियन से बढ़कर 143 बिलियन हो गया और इसी अवधि में मुर्गी के मांस का उत्पादन 113 हजार टन से बढ़कर 5,019 हजार टन हो गया। 2014-15 और 2023-24 के बीच, पशु-स्रोत से प्राप्त खाद्य के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई: दूध में सालाना 10.2 मिलियन टन, अंडों में 6.8 बिलियन इकाई, ब्रॉयलर मांस में 217 हजार टन और मछली (मुख्य रूप से जलीय कृषि) में 0.78 मिलियन टन की वृद्धि हुई। प्रजनन, संसाधन प्रबंधन और कुशल जनशक्ति में तकनीकी प्रगति ने इस तेज वृद्धि को गति दी है। फल, सब्जियां और पशु उत्पाद जैसे उच्च-मूल्य वाले खाद्य पदार्थ अब खाद्यान्न वृद्धि से आगे निकल रहे हैं, जो कृषि विविधीकरण, बेहतर पोषण, किसानों की आय और जलवायु विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। भारत की खाद्य उत्पादन सफलता पोषण, किसानों की आय, जलवायु की विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता और निर्यात का बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी व नीति की परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती है। आईसीएआर के शोध से पता चलता है कि कृषि में निवेश पर उच्च लाभ प्राप्त होती है- अनुसंधान और विस्तार पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये पर क्रमशः 13.85 रुपये और 7.40 रुपये। पीएमकेएसवाई (सिंचाई), पीएम-किसान (प्रत्यक्ष किसान सहायता), राष्ट्रीय पशुधन मिशन और नीली क्रांति जैसी हाल की सरकारी पहलों ने संसाधनों के उपयोग को बढ़ाकर, जोखिमों को कम करके और कृषि-खाद्य प्रणाली में प्रौद्योगिकी अपनाने को प्रोत्साहन देकर कृषि विकास को और मजबूती दी है।

# सवालों में घिरे माननीय - लोकतंत्र पर खतरा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में जब आम नागरिक अपने मत का प्रयोग करता है, तो उसके मन में यह उम्मीद होता है कि जो जनप्रतिनिधि वह चुन रहे है, वह उसकी आवाज बनेगा, उसकी समस्याओं को विधानसभाओं और संसद तक पहुंचाएगा, और जवाबदेही तय कर उसे समाधान भी दिलाएगा। लेकिन दुर्भाग्यवश, राजनीति का जो चेहरा आज सामने उभर रहा है, वह इस विश्वास को बार-बार तोड़ रहा है। जनप्रतिनिधि ही जब भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, और ब्लैकमेलिंग में लिप्त पाए जाएं, तो सवाल लोकतंत्र की नींव पर खड़ा होने लगता हैं। राजस्थान में भारत आदिवासी पार्टी (वीएपी) के विधायक जयकृष्ण पटेल द्वारा विधानसभा में सवाल न पूछने के बदले खनन माफिया से 10 करोड़ की मांग करना, केवल एक विधायक का निजी भ्रष्ट आचरण नहीं है बल्कि भारतीय राजनीति के भीतर फैली उस गंदगी की बानगी है जो लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर रहा है। भारत की संसदीय प्रणाली में प्रश्नकाल एक ऐसा अवसर होता है, जब विपक्ष सरकार से सीधे सवाल करता है और उसे जवाब देने के लिए मजबूर करता है। प्रश्नकाल केवल राजनीति का मंच नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संवाद का सबसे बड़ा औजार है। जनता की आवाज जब विधायिका में गूंजती है, तब सरकार की जवाबदेही भी तय होती है। लेकिन यदि चुने गए प्रतिनिधि इस मंच का इस्तेमाल सौदेबाजी, दलाली या ब्लैकमेलिंग के लिए करने लगें, तो यह न केवल संसद की गरिमा का अपमान है बल्कि लोकतंत्र के प्रति गहरी असंवेदनशीलता भी है। जब सवाल पूछने के बदले करोड़ों की डील होती है, तब यह साबित करता है कि कुछ माननीयों के लिए लोकतंत्र महज एक बिजनेस मॉडल बन गया है। यह पहली बार नहीं है जब सवाल पूछने को लेकर जनप्रतिनिधि विवादों में आए हों। वर्ष 2005 में कैश फॉर क्वेश्चन स्कैम सामने आया था, जिसमें 11 सांसदों को कैमरे पर पैसे लेते हुए पकड़ा गया था। इन सांसदों ने कुछ विशेष व्यवसायिक घरानों के लिए सवाल पूछने के बदले रिश्वत ली थी। संसद की जांच समिति की सिफारिश पर इन सभी को तत्काल निष्कासित कर दिया गया था। हाल ही में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर उद्योगपति गौतम अडानी से जुड़े सवाल पूछने के लिए कारोबारी से ह्यगिफ्टह्न लेने का आरोप लगा। लोकसभा की एथिक्स कमेटी की सिफारिश पर उन्हें भी लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। इन घटनाओं से यह स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार किसी एक पार्टी, जाति या राज्य तक सीमित नहीं है। यह पूरे राजनीतिक तंत्र में व्याप्त एक गहरी बीमारी है, जिसका इलाज अब समय की मांग बन चुका है। राजनीति वह साधन है जो समाज के सबसे निचले वर्ग को भी ऊपर उठाने की क्षमता रखता है। यदि जनप्रतिनिधि ईमानदार हो, तो समाज की दिशा और दशा दोनों सुधर सकता है। लेकिन जब वही प्रतिनिधि रिश्वत ले, सत्ता का दुरुपयोग करे, और जनता के साथ विश्वासघात करे, तो लोकतंत्र पर से जनता का भरोसा उठने लगता है। ईमानदारी न केवल नैतिक गुण है, बल्कि यह नेतृत्व की नींव है। एक भ्रष्ट नेता, चाहे वह विधायक हो या सांसद, न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को दरकिनार करता है, बल्कि लोकतंत्र को व्यापार में बदल देता है। प्रश्नकाल की शुरूआत ब्रिटिश संसदीय परंपरा से हुई है, जहां जनता के प्रतिनिधि सरकार से नीति और निर्णयों पर सवाल करते थे।

# प्रलोभन का परिणाम: जब प्रकृति निगलने लगती हैं

**भारत में नदियों, पहाड़ों और जल स्रोतों के साथ हो रहा खिलवाड़ अब आपदाओं का कारण बन रहा है। लालचवश लोग नदियों के पाट में मकान और पहाड़ों पर रिसॉर्ट बना रहे हैं। एक टपकता नल प्रतीक है उस सोच का, जो पर्यावरण की उपेक्षा करती है। सेल्फी, पर्यटन और मुनाफे की इस भीड़ में प्रकृति दम तोड़ रही है। हमें चेतना की जरूरत है-विकास से पहले संवेदना। यदि अब भी नहीं रुके, तो अगली आपदा किसी की संवेदना नहीं देखेगी, बस सबकुछ बहा ले जाएगी। प्रकृति माफ नहीं करती, वह वापस लेती है। यह कोई आस्था नहीं थी, यह लालच था। और लालच कभी भी सुरक्षित नहीं रहता। कठोर शब्द हैं, लेकिन सच यही है कि हम एक मूर्ख और संवेदनहीन समाज में तब्दील हो चुके हैं। हम आपदाओं को रोकने के बजाय उनका इंतजार करते हैं ताकि मीडिया को दृश्य मिलें और सरकारें मुआवजे का तमाशा कर सकें। हमने पर्यावरण को सिर्फ.एक डॉक्युमेंट बना दिया है।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह अजीब विडंबना है कि जब कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो हम सिर्फ. मरने वालों पर शोक प्रकट करते हैं-जबकि जिनके लालच, उपेक्षा और मूर्खता से वह आपदा आई, उन पर सवाल उठाने का साहस नहीं करते। एक नदी के बहाव में बहे मकानों और दुकानों को देखकर हम आंसू तो बहाते हैं, लेकिन क्या हम उस कुकर्म पर विचार करते हैं जिसने नदी की गोद में घर बनवा दिए? आज भारत के पहाड़ों से लेकर मैदानों तक, हर जगह मनुष्य का प्रलोभन ही विनाश का बीज बन चुका है। हाल की घटनाएं-उत्तरकाशी, जोशीमठ, केदारनाथ, किन्नौर या हिमाचल की तबाही-सभी हमें याद दिलाती हैं कि जब मनुष्य अपने हित में प्रकृति की रेखाएं मिटा देता है, तो नदी, पहाड़, बादल और धरती एक दिन सबकुछ वापस ले लेते हैं। मेरे घर के पास एक छोटा सा रेस्तरां है। उसके नल से दिन-रात पानी टपकता रहता है। मैंने कई बार कहा, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ा। एक ढीला वॉशर बदलने से समस्या हल हो सकती है, लेकिन सौ-पचास रुपये की मरम्मत उनके लिए बेमतलब है। पानी बहता है, तो बहता रहे। क्या यह एक रेस्तरां तक सीमित लापरवाही है? बिल्कुल नहीं। यह प्रतीक है उस मानसिकता का जो कहती है-ह्लजो हो रहा है, होने दो। हमें क्या फर्क पड़ता है? ह्न इस सोच के कारण हर दिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ जाता है, गाड़ियों से निकलती धुआं-संस्कृति जारी रहती है, कचरे में दम तोड़ती गायें खड़ी रहती हैं, और हिमालय की छाती पर रिसॉर्ट्स उगते रहते हैं। भारत का हिमालय क्षेत्र न सिर्फ.भौगोलिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी हमारी धरोहर है। परंतु अब वह पर्यटन का बाजार बन चुका है। पहाड़ों की आत्मा शांति थी, अब वह शोर में डूब चुकी है। दो दिन की छुट्टी मिलते ही लाखों लोग सेल्फी, शराब और शोरगुल की भूख लिए हिमालय पर टूट पड़ते हैं। वे वहां शांति खोजने नहीं जाते, बल्कि वहां भी उसी बाजार को बसाना चाहते हैं जिससे भागने का दावा करते हैं। रिसॉर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, रोड-हर जगह अतिक्रमण है। पहाड़ की सीमित सहनशक्ति की कोई चिंता नहीं। जिस जमीन को सदियों से पेडों ने थामा हुआ था, वहां अब कंक्रीट की मोटी परतें बिछ गई हैं। जब बरसात आती है, तो वह जमीन अपने भीतर पानी को नहीं समेट पाती-परिणामस्वरूप, वही जल वेग बनकर जान लेता है। बादल फटते हैं, बाढ़ आती है, और हम सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन क्या हम पूछते हैं कि उस बाढ़ ने रास्ता क्यों बदला? क्या वह प्राकृतिक था या उसे रोका गया था? नदियाँ सदियों से बहती आई हैं, उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया है। लेकिन जब हम घाटी में मकान बना लेते हैं, नदी के किनारे होटल ठोक देते हैं, तो वह नदी अपने रास्ते को करेगी ही। उत्तरकाशी की हालिया त्रासदी में पूरा गांव बह गया। लेकिन वह गांव पहाड़ों की गोद में नहीं था-वह नदी के पाट में बना था। यह कोई आस्था नहीं थी, यह लालच था। और लालच कभी भी सुरक्षित नहीं रहता। कठोर शब्द हैं, लेकिन सच यही है कि हम एक मूर्ख और संवेदनहीन समाज में तब्दील हो चुके हैं। हम आपदाओं को रोकने के बजाय उनका इंतजार करते हैं ताकि मीडिया को दृश्य मिलें और सरकारें मुआवजे का तमाशा कर सकें। हमने पर्यावरण को सिर्फ.एक डॉक्युमेंट बना दिया है। नीति आयोग से लेकर नगर पंचायत तक, हर स्तर पर विकास का मतलब अतिक्रमण हो गया है। क्या यह दुखद नहीं कि पहाड़ों पर हो रही तबाही के बीच भी लोग डील खोज रहे हैं-इस सीजन होटल सस्ते मिल जाएंगे? क्या हमने चेतना खो दी है? दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर पर एक ऑटो चालक ने मुझे बताया कि उसने किसी को यमुना में प्लास्टिक की बोतल फेंकते देखा और बहुत दुखी हुआ। एक छोटे इंसान की बड़ी भावना! लेकिन क्या उस भीड़ को कोई समझा सकता है जो हर नदी, हर घाट, हर पहाड़ को बस घूमने की जगह समझती है? हमारी आंतरिक यात्रा कभी शुरू ही नहीं होती। हम गाड़ी में बैठकर पहाड़ तक तो पहुंच जाते हैं, लेकिन हमारे अंदर का इंसान वहीं के वहीं मैदान में पड़ा रहता है-लालची, उपभोगी और शोरगुल में डूबा। रेस्तरां का टपकता नल भले ही प्रतीकात्मक हो, लेकिन यह उसी उपेक्षा का प्रतीक है जो हमने हिमालय और पर्यावरण के साथ बरती है। हम जिस संसाधन को रोज टपकने देते हैं-पानी, हवा, हरियाली, मिट्टी, हिमनद-वे एक दिन सूख जाएँगे। फिर नल नहीं टपकेगा, तब शायद उसमें से हवा भी न निकले। हम गाय को कचरा खिला कर भी उससे दूध की उम्मीद रखते हैं। हम पेड़ काटकर भी चाहते हैं कि बारिश हो। हम नदी को नाला बनाकर भी उससे आचमन की कामना करते हैं। क्या यह पाखंड नहीं है? अब समय मौन शोक का नहीं, चेतना का है। अगर हम नहीं चेते, तो अगली बार कोई नदी, कोई पहाड़, कोई हवा, कोई भूचाल हमें बख्शेगा नहीं। हमें पुनर्विचार करना होगा कि: क्या हम अपने छोटे-छोटे प्रलोभनों को तिलांजलि देने को तैयार हैं? क्या हम पर्यावरणीय संतुलन को विकास की नींव बना सकते हैं? क्या हम घूमने की जगह जुड़ने की भावना से प्रकृति के पास जा सकते हैं? क्या हम एक नल टपकने से पहले उसे ठीक कर सकते हैं-ताकि एक पहाड़ गिरने से रोका जा सके? मैं हिमालय नहीं जाती, न ही अपनी यात्राओं को पहाड़ों पर थोपती हूँ। यह कोई त्याग नहीं, सिर्फ.समझदारी है। मैं विंध्याचल और अरावली की छोटी पहाड़ियों से संतुष्ट हूँ, क्योंकि मुझे लगता है कि हिमालय की छाती पहले ही विदीर्ण है-उसे और कष्ट देना अब पाप है। जब तक हम विकास को सिर्फ.भवनों और दुकानों में मापते रहेंगे, तब तक विनाश हमारा पीछा नहीं छोड़ेगा। हर बहता नल एक आपदा की दस्तक है। हर रिसता पहाड़, हर भरा हुआ नदी का पाट, हर टूटता पुल हमें चेतावनी देता है-कि प्रलोभन का परिणाम बहुत गहरा होता है। नदियाँ जब निगलने लगती हैं, तब देर हो जाती है।

# प्राकृतिक आपदाओं से जूझता हिमाचल

**यह समय आत्ममंथन का है, व्यवस्था की समीक्षा का है और नई दिशा तय करने का है। जो परिवार अपने प्रियजनों को इन आपदाओं में खो चुके हैं, उनके घाव कभी नहीं भर सकते, लेकिन हम सबके लिए यह चेतावनी अवश्य है कि अब समय आ गया है चेतने का, समझने का और संभलने का। पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड में पांच अगस्त को एक जगह बादल फटने से कई लोगों की मौत हो गई, कई लापता हो गए और कइयों को बचा लिया गया। ऐसे में जब भी मौसम कुछ अधिक उग्र होता है, तबाही निश्चित हो जाती है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए बनाए गए नियमों को सख्ती से लागू करे। अधिकारी केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर कार्य करें।**





अनुज आचार्य

लेखक

हिमाचल इस समय प्रकृति के विकराल प्रकोप से कराह रहा है। 20 जून 2025 से प्रदेश में जारी मूसलाधार बारिश ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त किया है, बल्कि लोगों के जीवन, संपत्ति, संसाधनों और भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। 30 जून की रात मंडी जिले के सराज क्षेत्र की रोहांडी की पहाडिों पर बादल फटने की घटना के बाद भराड़, शरण, रुकचूई, प्याला, लंबाथाच, देजी और थुनाग जैसे गांवों में जो तबाही मची, उसने वहां के निवासियों की वर्षों की पूंजी और स्मृतियों को मिट्टी में मिला दिया। सडकों का टूटना, पुलों का बह जाना, वाहन दुर्घटनाएं, बिजली और जल योजनाओं का ध्वस्त हो जाना, यह सब मानो हिमाचल के विकास को एक झटके में दशकों पीछे ले गया। अभी यह आपदा पूरी तरह थमी भी नहीं थी कि 28 जुलाई को मंडी शहर के सैण मोहल्ले में आई बाढ़ ने चार लोगों की जान ले ली। लगभग 22 परिवारों को अपने घर छोडे पड़े, 50 मकान क्षतिग्रस्त हो गए और दो सौ से अधिक वाहन पानी में बह गए। उधर ऊना शहर में शनिवार 2 अगस्त को मूसलाधार बारिश ने 38 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। छह घंटे में कुल 222.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इससे पहले वर्ष 1988 में 198 मिलीमीटर बारिश हुई थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में 20 जून से 31 जुलाई तक की अवधि में हुई घटनाओं पर यदि एक नजर डालें, तो 173 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई, जिनमें 95 मौतें प्राकृतिक आपदाओं और 78 सडक दुर्घटनाओं में हुईं। हिमाचल जैसे संवेदनशील पहाड़ी राज्य में निर्माण कार्यों को लेकर अब तक कोई समग्र, वैज्ञानिक और स्थानीय भूगोल के अनुकूल नीति नहीं बन सकी है। अतिक्रमण, अनियंत्रित शहरीकरण, अवैध निर्माण और प्राकृतिक जल स्त्रोतों, नालों व नदियों पर अतिक्रमण हमारी त्रासदी को निमंत्रण देने वाली भूलें हैं। यह देखना बेहद पीड़ादायक है कि सडक किनारे, नदियों के तटों और नालों पर खुलेआम निर्माण हो रहे हैं और संबंधित विभाग आंखें मूंदे हुए हैं। उदाहरण के लिए कांगड़ा जिले में अवेरी से पालमपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे दशकों पुराने प्राकृतिक नालों पर किए गए अतिक्रमण किसी से छिपे नहीं हैं। क्या इन निमार्णों को देखना और रोकना लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, एनएचएआई और पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी नहीं है? हमें यह स्वीकार करना होगा कि हिमाचल में आपदाएं अब केवल प्रकृति की नहीं, बल्कि हमारी नीतिगत विफलताओं की भी देन हैं। विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति की सीमाएं लांघ दी हैं। पहाड़ों की काटछांट, नदियों के किनारों का अतिक्रमण, जंगलों की बेरहम कटाई और पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन किए बिना निर्माण कार्यों ने इस भूगोल को अस्थिर बना दिया है। ऐसे में जब भी मौसम कुछ अधिक उग्र होता है, तबाही निश्चित हो जाती है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए बनाए गए नियमों को सख्ती से लागू करे। अधिकारी केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर कार्य करें। राहत और पुनर्वास की कार्यवाही पारदर्शी हो और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र मजबूत किया जाए। जनजागरूकता अभियान गांव-गांव तक पहुंचे और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण स्कूली शिक्षा से ही प्रारंभ किया जाए। राष्ट्रीय स्तर पर भी कुछ सकारात्मक प्रयास सामने आए हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हिमाचल में आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को देखते हुए एक बहुक्षेत्रीय केंद्रीय टीम के गठन का निर्देश दिया है। वहीं, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ह्यसचेतह्न नामक मोबाइल ऐप शुरू किया गया है, जो आपदा से जुड़ी चेतावनियों और सूचनाओं का सटीक माध्यम बन सकता है। नागरिकों को राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वेबसाइटों से भी निरंतर जानकारी लेनी चाहिए। हम स्कूली पाठ्यक्रमों में ह्यसतत पोषणीय विकासह्न की अवधारणा पढ़ाते हैं, जिसका सार यह है कि वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के लिए संसाधनों का संरक्षण किया जाए। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल में हो रहे अनियंत्रित विकास पर गहरी चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजस्व के लिए पर्यावरण की बलि नहीं दी जा सकती। नदी नालों के किनारों पर अतिक्रमण, जल विद्युत परियोजनाएं, चौड़ी सडकें, वनों की कटाई और बहुमंजिला इमारतें राज्य में आपदाओं के मुख्य कारण हैं। हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी में कोई भी निर्माण कार्य भूवैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और स्थानीय लोगों की राय के बिना नहीं होना चाहिए। अनियंत्रित पर्यटन ने भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। कोर्ट ने चेताया कि यदि हालात नहीं सुधरे, तो हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है और भगवान न करे ऐसा हो। आज का हिमाचल एक बार फिर चौराहे पर खड़ा है, जहां एक ओर भौतिक विकास की चाह है और दूसरी ओर प्रकृति का स्पष्ट संदेश कि यदि अब भी नहीं चेते, तो वह बार-बार अपने रास्ते खुद बनाएगी और वह रास्ते विनाश की ओर ही जाएंगे। अतः यह स्पष्ट है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे कटाव, भूस्खलन और सडकों के धंसने जैसी आपदाओं के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि मानव की अविवेकपूर्ण योजनाएं, लालची विकास मॉडल और पर्यावरणीय उपेक्षा ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। जब तक विकास की दिशा में संतुलन और संवेदनशीलता नहीं लाई जाती, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराती रहेंगी।

# मोदी-ट्रंप युग के आईने में भारतीय आत्मनिर्भरता और विदेश नीति की समीक्षा



डॉ. नयन प्रकाश गांधी,
युवा मैनेजमेंट विश्लेषक

विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विश्व की चौथी महाशक्ति भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश से भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव गहराने की आशंका है वहीं देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कुशल कूटनीति और प्रभावशाली व्यक्तित्व से वैश्विक मंच पर भारत की एक नई पहचान बनाई है। विशेष रूप से, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी केमिस्ट्री की दुनिया भर में चर्चा हुई। ह्यूस्टन में हाउडी मोदी और अहमदाबाद में नमस्ते ट्रंप जैसे भव्य कार्यक्रमों ने दोनों नेताओं के बीच की गर्मजोशी को प्रदर्शित किया। इन आयोजनों के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल वैश्विक पटल पर भारत की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि प्रवासी भारतीयों में भी एक नए आत्मविश्वास का संचार किया।लेकिन इस प्रशंसा और गर्मजोशी के पर्दे के पीछे एक और सच्चाई है–दादागिरी या अमेरिकी दबाव की। यह एक ऐसा द्वंद्व है जिसमें भारत को अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक दबावों के बीच संतुलन साधना पड़ता है। ट्रंप प्रशासन ने जहां एक ओर मोदी की प्रशंसा की, वहीं दूसरी ओर अमेरिका फर्स्ट की अपनी नीति के तहत भारत पर व्यापार और अन्य मुद्दों को लेकर लगातार दबाव भी बनाया। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या वैश्विक मित्रता केवल दिखावे तक सीमित है और असली कूटनीति परदे के पीछे से ही संचालित होती है?

**स्वदेशी की नई परिभाषा और चुनौतियाँ**

इस वैश्विक परिदृश्य में, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं। हालांकि, आज के स्वदेशी की भावना महात्मा गांधी के स्वदेशी से भिन्न है। गांधीजी का स्वदेशी केवल विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार तक सीमित नहीं था; यह एक सकारात्मक दर्शन था जो आत्मनिर्भरता, ग्राम स्वराज और मानवीय मूल्यों पर आधारित था। इसका उद्देश्य भारत को आंतरिक रूप से मजबूत बनाना था ताकि वह किसी बाहरी शक्ति पर निर्भर न रहे। डॉ नयन प्रकाश गांधी के अनुसार, आज स्वदेशी का विचार एक ह्यविशेष समूहों या विचारधाराओं तक सीमित होकर रह गया है। सच्ची आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करें, घरेलू उत्पादन को विश्व-स्तरीय बनाएं, और अपनी संस्थागत प्रणालियों में सुधार करें। केवल भावनात्मक नारों या प्रतीकात्मक कार्यों से देश आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा स्वदेशी अभियान हमें दुनिया से अलग-थलग न कर दे, बल्कि हमें एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में दुनिया के साथ जुड़ने में सक्षम बनाए। आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए यह जरूरी है कि भारत अपनी निर्माण क्षमता को बढ़ाए और चीन जैसे देशों पर अपनी निर्भरता कम करे। इसके लिए एक दीर्घकालिक और सुविचारित रणनीति की आवश्यकता है, जिसमें व्यापार नीतियों, औद्योगिक सुधारों और तकनीकी नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

**दायित्व और वक्तव्यों की गंभीरता**

कूटनीति और राजनीति में शब्दों का बहुत महत्व होता है। नेताओं द्वारा दिए गए बयानों का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरा प्रभाव पड़ता है। एक गैर-जिम्मेदाराना बयान देशों के बीच संबंधों को बिगाड़ सकता है, जबकि एक सोचा-समझा वक्तव्य मुश्किल परिस्थितियों में भी सकारात्मक माहौल बना सकता है। प्रधानमंत्री मोदी इस बात को समझते हैं और उनकी संवाद शैली इसका प्रमाण है। हालांकि, यह भी आवश्यक है कि सरकार की नीतियां और कार्य उसके बयानों के अनुरूप हों। प्रशंसा और दबाव के इस वैश्विक खेल में, भारत को अत्यंत सावधानी, दूरदर्शिता और रणनीतिक स्पष्टता के साथ आगे बढ़ना होगा ताकि देश के हितों की रक्षा की जा सके और एक वास्तविक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो सके।

# संक्षिप्त खबरें

## बाढ़ से जनता में त्राहिमाम, शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि बेपरवाह: राजद

छपरा। गंगा सोन और सरयू नदी में हुई जल बढ़ोतरी के चलते छपरा सदर प्रखंड के लगभग एक दर्जन पंचायतों की जनता त्राहीमाम कर रही है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने कहा कि सदर प्रखंड के कोटवापट्टी रामपुर, रायपुर बिलगांव, बहरहा महाजी, मूसेपुर, सिंगही, भैरोपुर निजामत, मक्खुमगंज, शेरपुर ईत्यादि पंचायतों के आलावे शहर के करीम चौक, दिलीया रहीम पुर, और रुपगंज के हजारों लोगों और मवेशियों का बाढ़ से हाल बेहाल है, जबकि शासन प्रशासन के अधिकारी बाढ़ पीड़ितों के सहायता और राहत के नाम पर केवल कोरी बयानबाजी कर रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने सारण के भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूढ़ि और छपरा के स्थानीय विधायक डॉ सीएन गुप्ता को संवेदनहीन करार देते हुए कहा कि अभी तक बाढ़ पीड़ितों की सुधी तक इन जनप्रतिनिधियों के द्वारा नहीं ली गई है। उन्होंने सारण के जिला प्रशासन से बाढ़ पीड़ितों और उनके मवेशियों को अविलंब राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

## नारायणी नदी में बहते हुए महिला व हिरन का शव गंडक बराज फाटक में फंसा

बगहा। नेपाल स्थित नारायणी नदी के रास्ते बाढ़ के पानी में बहते हुए महिला और एक हिरन का शव गंडक बराज के फाटक नम्बर 3 और 4 में आकर फंस गया है। फाटक बंद होने की वजह से महिला व हिरन का शव पानी में बन रहे भंवर में तैरते हुए गोल गोल चक्कर काट रहा है, जबकि मामला नेपाल पुलिस का बनता है। इससे पहले भी कई शवों का गंडक बराज से नेपाल पुलिस ने रेस्क्यू कर बरामद किया और नेपाल स्थित जिला नवलपरासी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। बताते चलें की नारायणी नदी नेपाल में बहते हुए चितवन नेशनल निकुंज के बीच से होकर गुजरती है। बाढ़ के समय जंगल किनारे बसे हुए हादसे के शिकार लोग या जानवर जीवित या मृत्यु अवस्था में गंडक बराज के फाटक से आकर लग जाते है जहां से नेपाल पुलिस प्रशासन शवों के रेस्क्यू कर कब्जे लेते हुए अग्रतर कार्यवाई करती है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थ दंड

छपरा कोर्ट। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 12 अंजनी कुमार गौड़ ने सोनपुर थाना कांड संख्या 408/19 के सत्र वाद संख्या 594/19 में मोतिहारी जिला के तुर्कौलिया थाना के केवटिया निवासी महेंद्र माझी को अंदर दफा 302 भादवि के अंतर्गत आजीवन कारावास और बीस हजार रुपए अर्थदंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा और उनके सहायक सुशांत शेखर ने न्यायालय में सरकार का पक्ष रखा। अभियोजन की ओर से अनुसंधानकर्ता एवं चिकित्सक सहित कुल चार गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई गई। बताते चलें की सोनपुर थाना के बबुरबानी निवासी रामशंकर राय ने 12 जून 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने दर्शाया था कि उनके भाई देवदत्त राय अपना मकान बनवा रहे थे। जिसमें उन्होंने ठेकेदार महादेव राय को मकान बनाने का ठीका दिया था। महेंद्र राय एक लेबर महेंद्र माझी जो मोतिहारी जिला के तुरकौलिया थाना के केवटिया का निवासी था। उसको रखते हुए था घटना के दिन ठेकेदार महादेव राय मेरे भाई देवदत्त राय के लड़के विकी कुमार से रुपए की मांग किया। जिस पर मेरे भतीजा ने कहा कि पापा आएंगे तो रुपया देंगे। ठेकेदार रुपए की जिद करने लगा तू तू मैं मैं हो गया ठेकेदार ने अपने लेबर को बोला कि इसको मार दो जिस पर महेंद्र ने मेरे भतीजा के ऊपर कुदाल से वार कर दिया। जिससे वह जख्मी हो गया और इलाज के क्रम में सोनपुर अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

# जिलाधिकारी व एएसपी ने गोगल सिंह प्लस टू विद्यालय नयागांव का किया निरीक्षण

■ बाजार समिति के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर एवं एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने गुरुवार को नयागांव स्थित गोगल सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आसन्न विधान सभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए शिक्षा विभाग व भवन निर्माण विभाग को आवश्यक मरम्मत और निर्माण का आदेश दिया। विद्यालय के खेल मैदान सह स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उसे विकसित करने का निदेश दिया। चहारदीवारी और प्रवेश द्वार पर संतुष्टि का इजहार करते हुए कहा कि प्रवेश और निकास हेतु अलग अलग द्वार को चिन्हित करने की बात कही। साथ ही प्रवेश और निकास द्वारों से मुख्य सड़क के कनेक्टिविटी को ठीक करने और रास्ते को दुरुस्त करने का निदेश दिया।

उन्होंने विद्यालय के साथ भवन और खेल मैदान में साफ सफाई के लिए विद्यालय परिवार को आदेशित किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी डॉ आशीष ने मौके पर मौजूद एसडीपीओ अब्दुर्रहमान दानिश को खेल मैदान और विद्यालय परिसर को असामाजिक तत्वों से मुक्त रखने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई अवांछित तत्व या जानवर कैम्पस में प्रवेश न करे। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में कक्षाओं के संचालन का भी अधिकारियों ने अवलोकन करते हुए संतुष्टि का इजहार किया।

दूसरी तरफ जिलाधिकारी श्री समीर ने बाजार समिति में जारी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अबतक तैयार दुकान के कमरे, शेड एरिया, सड़क, निकास और प्रवेश आदि का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता कृष्णा कुमार और सहायक अभियंता अमन सिंह से प्रोजेक्ट प्लान को समझते हुए निर्माण में लगने वाले समय आदि की गणना की। उन्होंने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण श्री मुकेश कुमार को निगम के अधिकारियों और अभियंता के साथ समन्वय बनाने और समय पर कार्य पूरा करने का निदेश दिया। इस अवसर पर उप निर्वाचन श्री पदाधिकारी जावेद एकबाल, अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर नीतेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर स्निग्धा नेहा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ओम प्रकाश, डीसीएलआर सोनपुर राधेश्याम कुमार मिश्रा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी एखलाक अंसारी, विशेष कार्य पदाधिकारी मिंटू चौधरी आदि उपास्थि थे।

# बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा 800-बेड का एकीकृत बालिका छात्रावास परिसर का शिलान्यास व भूमि किया पूजन

प्रात : किरण संवाददाता



परसा। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, मस्तिचक में गुरुवार को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा 800-बेड का एकीकृत बालिका छात्रावास परिसर का शिलान्यास व भूमि पूजन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि यह छात्रावास परिसर अखंड ज्योति के फुटबॉल टू आई बॉल एजुकेशन प्रोग्राम के तहत ग्रामीण बेटियों को उच्च शिक्षा, स्किलिंग और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन बालिकाओं को समाज के लिए सामाजिक परिवर्तन के वाहक(एससीए) के रूप में तैयार करना है।उन्होंने अस्पताल में स्थापित पंडित श्री राम शर्मा आचार्य की प्रतिमा को देख काफी खुशी जाहिर किया।उनके साथ बीते पल को याद कर उनके जीवन की व्यख्यान किया।राज्यपाल ने अखंड ज्योति के द्वारा नेत्र उपचार,नाड़ी उत्थान तथा समाज हित के कार्यो की प्रसंशा किया।उन्होंने अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल परिवार को बधाई दिया।वही विशिष्ट अतिथि किशोर कुमार पोलुदासु डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ डवलपमेंट ऑफिसर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि अखंड ज्योति द्वारा महिला शशक्तिकरण के क्षेत्र में अनूठा प्रयास कर रहा है।लड़कियों को खेल शिक्षा और रोजगार एक साथ देने के लिए बधाई दिया तथा अखंड ज्योति परिवार को हर सम्भव मदद की आश्वसन दिया।वही डॉ.राजवर्धन आजाद, चेयरमैन, क्लिनिकल एवं रिसर्च एडवाइजरी बोर्ड, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने कहा कि अखंड जईटी द्वारा शिक्षा, रोजगार,स्वास्थ्य की जानकारी साझा किया।डॉ. अजीत पोद्दार, मेडिकल डायरेक्टर, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने महिला छात्रवास के संबंध में जामकारी साझा किया।मनीषा कुमारी, प्रमुख ने कहा कि यह समारोह बिहार में महिला सशक्तिकरण, नेत्र स्वास्थ्य एवं सामाजिक बदलाव की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।मृत्युंजय तिवारी द्वारा राज्यपाल को अंग बस्त्र,प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।इसके पूर्व अस्पताल परिसर में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# सीपीएस में सम्पन्न हुआ प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर



■ प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी छपरा सदर एवम नगर समापन समारोह में हुई शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारत स्काउट और गाइड द्वारा सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा में प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।यह शिविर स्काउट्स एवं गाइड्स के सर्वांगीण विकास,नेतृत्व क्षमता,अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग की मूलभूत जानकारी, गांठें, प्राथमिक उपचार, स्काउट नियम, झंडा गीत, ध्वज संहिता, पायनियरिंग, मैप रीडिंग, ग्रुप गेम्स, देशभक्ति गीत तथा दैनिक अच्छे कार्य जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर के समापन समारोह में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी छपरा सदर कोमल राय एवम प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी छपरा नगर प्रिया भारती शामिल हुई।दोनो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारीयो ने अपने संबोधन में भारत स्काउट और गाइड सारण के कार्यों को सराहते हुए कहा की स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधि से बच्चो में शारिरिक,मानसिक एवम नैतिक विकास होता है। शिविर के समापन में भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह एवम कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए एवं अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किए। मौके पे विद्यालय के प्रबंधक डॉ० विकास कुमार के द्वारा सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया गया।शिविर के सफल आयोजन में शिविर प्रधान प्रमोद कुमार सिंह,शारदा शर्मा,शिविर सहायक प्रणव,आशुतोष,कल्पना की भूमिका अहम रही। मंच का संचालन जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने किया।अमन ने सभी प्रतिभागियों को आगामी राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा किया।

# रक्षाबंधन के पूर्व दीक्षा स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। आज का दिन दीक्षा स्कूल, छपरा के लिए एक अविस्मरणीय रहा, जब विद्यालय परिसर में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर रक्षाबंधन जैसे सांस्कृतिक पर्व को सृजनात्मकता से जोड़ा गया। छात्रों ने न केवल अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि भाई-बहन के प्रेम और भारतीय संस्कृति की गरिमा को भी अपनी बनाई हुई रंग-बिरंगी राखियों में उकेरा। नन्हें हाथों द्वारा बनाई गई राखियों में न सिर्फ रंग थे, बल्कि भावनाएँ, अपनापन और भारतीय परंपरा की आत्मा भी समाहित थी। विद्यालय की प्राचार्य रणजीत कुमार ने इस आयोजन को सृजनात्मकता का संगम बताते हुए कहा ऐसी गतिविधियाँ न सिर्फ बच्चों की कला प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उन्हें हमारी गौरवशाली संस्कृति से भी जोड़ती हैं। आज हमारे बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा सिर्फ पुस्तकों में नहीं, संस्कारों में भी होती है ,प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मान पत्र एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में मुख्य रूप से विद्यालय शिक्षिका अर्चना कुमारी, प्रेरणा कुमारी, श्वेता कुमारी, विक्की कुमार, आरती कुमारी सहित अन्य की अहम भूमिका रही।

## मढ़ौरा में राखी निर्माण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मढ़ौरा। स्थानीय तेजपुरवा में गुरुवार को राखी निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी छात्र एवं छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। छात्राओं ने अपनी कल्पना शक्ति और पारंपरिक मूल्यों का समावेश करते हुए सुंदर-सुंदर राखियां तैयार की। कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों द्वारा श्रेष्ठ राखियों का चयन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राखी निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नितेश, द्वितीय स्थान पर छोटी , एवं तृतीय स्थान पर आयुष और लक्ष्य रहा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुमित कुमार सिंह ने सभी की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के पवित्र प्रेम का है प्रतीक हैं। वहीं निर्देशक रंजन सिंह ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया और कहा ही ऐसी गतिविधियां न केवल बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जुड़ाव भी बढ़ाती हैं। आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# गंगोई के शिव मंदिर परिसर में अखंड अष्टयाम हुआ आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। प्रखंड के गंगोई गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को सार्वजनिक अखंड अष्टयाम की शुरूआत हुई। पूर्व में जलभरी भी हुई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुरुष तथा महिला श्रद्धालु शामिल हुए। पंडित व्यास तिवारी कर्मकांडी, मंटू उपाध्याय,उमेश उपाध्याय, रमाकांत पांडेय,श्रीराम उपाध्याय, रामबाबू पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चारण से अष्टयाम शुरूआत हुई। मुख्य यजमान के रूप में मदन सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी शिक्षिका पिंकी देवी ने यज्ञ का संकल्प लिया। अष्टयाम समाप्ति के उपरान्त शुक्रवार को दिन में व्यास यदुनाथ गिरी के मंडली के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सह राम विवाह कराया जाएगा। जलभरी जुलूस में हनुमान की सजीव झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। भाजपा के जिला मंत्री कुंवर सोनू सिंह के द्वारा गेरुआ वस्त्र से गायक मंडली टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर मंदिर के पुजारी यदुनाथ गिरी, कुंवर सोनू सिंह, सत्येंद्र सिंह, रणजीत सिंह,मुन्ना सिंह, मनोज सिंह, शैलेश ठाकुर, दिनेश सिंह, बबलू सिंह, भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह व अन्य थे।

# बाढ़ राहत व बचाव कार्य तेज करने की जरूरत: राजेश कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। गंगा और सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए भारतीय लोक चेतना पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह मीडिया प्रभारी राजेश कुशवाहा ने जिलाधिकारी से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य चलाने की मांग की है। श्री कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दोनों नदियों के उफान के कारण शहर के निचले इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के कई प्रखंडों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। ऐसी स्थिति में नाव, राहत सामग्री एवं बचाव दल की तत्काल व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अत्यधिक परेशान हैं और उन्हें तुरंत सहायता की आवश्यकता है। खाद्य सामग्री के साथ-साथ शुद्ध पेयजल की आपूर्ति भी एक बड़ी जरूरत बन चुकी है।

इसके अलावा, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था प्राथमिकता के साथ की जानी चाहिए। राजेश कुशवाहा ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और राहत कार्यों में तेजी लाई जाए। साथ ही उन्होंने इन इलाकों में पुलिस गश्ती दल बढ़ाने की भी मांग की, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके।

# देवी प्राण प्रतिष्ठा एवम अखण्ड अष्टयाम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मकेर / प्रखंड के भाथा पंचायत में देवी स्थान का प्राण प्रतिष्ठा एवं चौबीस घंटे की अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया है ।देवी प्राण प्रतिष्ठा के लिए एवम अखंड अष्टयाम के लिए गंडक नदी से जलभरी का कार्यक्रम किया गया जिसके तहत सैकड़ो महिलाएं पुरुषों एवं लड़कियों ने अपने माथे पर कलश में जलभराव कर गाजे बाजे के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्य बैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया । इस मौके पर हरिभजन सिंह,मिथिलेश सिंह ,राजू कुमार बीडीसी सदस्य ,रूपेश सिंह ,उपप्रमुख मैनेजर साह ,मुखिया पति विकाश कुमार सिंह, उमेश सिंह, मुकुल पटेल,देवेन्द्र सिंह, पपु कुमार ,चंदन कुमार, मंटू कुमार, विक्की कुमार,दीपक कुमार एवम पंकज कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोग भक्ति भाव से शरीक होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

# अखिल भारतीय शिक्षा समागम में सारण के अखिलेश्वर पाठक सहित बिहार के आठ शिक्षक हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

गड़खा। प्रधानमंत्री के आह्वान पर नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पांचवाँ वर्षगाँठ भारतमंडपम में एक नया इतिहास रच दिया । देश के कोने-कोने से आये हुए शिक्षाविदों का यह नजारा अद्भुत विलक्षण और अविस्मरणीय रहा। सभी राज्यों के शिक्षामंत्री इस कार्यक्रम के साक्षी बने। बिहार कैडर के आईएएस संजय सिंह शिक्षा सचिव भारत सरकार की अगुआई में सारे कार्य संपन्न कराये गये । केंद्रीय विद्यालय दिल्ली के छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम संचालन का दायित्व सौंपा गया था जिनके द्वारा दीप प्रज्ज्वलन की उद्घोषणा के बाद शानदार स्वागत गान प्रस्तुत किया गया ।



विभिन्न शिक्षाविदों एवं पदाधिकारियों द्वारा सभी आगत अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पूर्णता को चिन्हित करते हुए उनके कुछ मुख्य आयामों पर विस्तार से चर्चा की गयी,जिसमें केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि अब शिक्षकों को भीष्म और द्रोण की भूमिका निभानी पड़ेगी ।2030 तक सकल नामांकन दर ऋएफको 100% करने का लक्ष्य हर हाल में हासिल करना होगा ।शिक्षा को एक रोजगारोन्मुखी बनाने के लिये भोकेशनल कोर्सेज को बढ़ावा देना होगा और शिक्षा में टेक्नोलाजी का अधिक से अधिक प्रयोग करना होगा । केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने एनईपी 2020 को बहुविषयक, समग्रता एवं समानता के साथ बहूदेश्यीय दृष्टिकोण वाला बताते हुए इसकी सफलता पर सभी को धन्यवाद दिया ।पुनःश्री प्रधान ने शिक्षा सचिव श्री जोशी से यह अपेक्षा जाहिर की कि सभी विश्व -विश्विद्यालयों में एक प्रतियोगी टास्क देकर पहले चरण में 25 विश्व-विद्यालयों को रैंकिंग के आधार पर चयन करें `मिनिस्टर ऑफ द स्टेट जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री के सन्देश को बखूबी पढ़कर सुनाया`शिक्षा सचिव संजय सिंह ने पीटीएम को प्रभावी करने तथा शिक्षकों को अभिभावकों एवं बच्चों से सीधा जुड़ने की अपील की ।

उन्होंने उत्तराखंड के एक स्कूल का उद्धरण दिया जिसमें वे अपने भ्रमण काल में गये थे, जहाँ पर 186 बच्चे नामांकित थे एवं 26 शिक्षक पदस्थापित थे पर सभी शिक्षक शहरों में आवासित थे। शिक्षकगण एक लम्बी दूरी तय कर विद्यालय थके- माँदे पहुँचते थे फिर बच्चों और अभिभावकों से जुड़ने की बात तो बेमानी हीं लगती है । अधिकतर शिक्षक शहरों के इर्द- गिर्द जमे रहते हैं जबकि हमारा लक्ष्य-समूह गावों के गरीब बच्चे, अभिवंचित वर्ग के बच्चे एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हैं ।साथ हीं श्री सिंह ने ड्राप-आउट को पूर्णतः खत्म करने पर बल दिया ।

## अखंड अष्टयाम को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

दरियापुर। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के विश्वंभरपुर स्थित मां मातेश्वरी मंदिर के स्थापना दिवस समारोह को लेकर अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया।जिसके आयोजन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें हाथी घोड़ा और बैंड बाजा के साथ सैकड़ों महिला तथा पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।उक्त यात्रा मंदिर परिसर से चलकर लोहछा पुल होते हुए डेरनी बाजार से विश्वंभरपुर स्थित माही नदी के संगम स्थल पर पहुंची।जहां पुरोहित बच्चू बाबा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी किया गया।इसके उपरांत ग्राम देवता विश्वभर बाबा की पूजा अर्चना कर यात्रा पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुआ।जिसके बाद अखंड अष्टयम की शुरूवात की गई।कलश यात्रा में मुख्य रूप से यजमान कमलेश शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा,पूर्व बीडीसी ब्रजकिशोर शर्मा,रविन्द्र शर्मा,रणजीत सिंह, मूनचुन सिंह,मनीष सिंह, चिंटू सिंह,ओमप्रकाश भक्त,शुभम पाराशर,प्रभात कुमार,अमृत राज समेत कई अन्य शामिल थे।

# यूरिया के लिए किसानों का रोड जाम और धरना प्रदर्शन

■ धक्का मुक्की में दो किसानों के पैर टूटे

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। यूरिया की किल्लत और घंटो कतार में खड़े रहने के बावजूद यूरिया खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन किया और जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।बतादें की पिछले कई दिनों से यूरिया को लेकर किसान खाद सेंटरों के चक्कर काट रहे है,बतादें की इस चक्कर मे बगहा बिस्कोमान में यूरिया के लिए कतारबद्ध किसानों में हुई धक्का मुक्की में एक महिला समेत दो किसानो के पैर टूट गए।मालूम हो की बगहा अनुमंडल में यूरिया को लेकर किसान काफी परेशान है। यूरिया की कमी को दूर करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन यह प्रयास किसानों के हित में काफी नहीं है। गौरतलब हो कि एक पखवाड़े से बगहा अनुमंडल क्षेत्र में यूरिया की भारी किल्लत है। जिसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा विगत दिनों पंचायत में खाद उपलब्ध कराया गया था। जिसे कृषि कर्मियों के देखरेख में जीरो टॉलरेंस के नीति पर यूरिया का वितरण किया गया। यूरिया के लिए परेशानी नहीं हो इसको लेकर बिस्कोमान को भी 7000 बोरा यूरिया का आवंटन प्राप्त हुआ था जिसका वितरण बुधवार को शुरू हुआ। इधर जिन किसानों को कई बार कतार में लगने के बावजूद खाद हैं मिला इससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया जिसके फलस्वरूप किसान सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने लगे है।

# छपरा में चला विशेष वाहन चेकिंग अभियान, 9 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिला अंतर्गत छपरा शहर में गुरुवार को परिवहन विभाग की ओर से विभिन्न स्थलों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान हेलमेट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा आदि दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 9 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। यह अभियान जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाया गया, जिसका नेतृत्व जिला प्रभारी परिवहन पदाधिकारी कमर आलम एवं सहायक परिवहन पदाधिकारी सुलेमान आलम ने किया। टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों, व्यस्त



मार्गों तथा प्रवेश मार्गों पर वाहनों की जांच कर कई गंभीर मामलों में कार्रवाई की। बिना हेलमेट, प्रदूषण प्रमाण पत्र के अभाव, वैध लाइसेंस न होने तथा ओवरलोडिंग जैसे मामलों में चालकों को कड़ी चेतावनी दी गई और मौके पर ही फाइन वसूला गया। परिवहन विभाग की लगातार सख्ती के चलते अब शहर में दोपहिया वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ी है और हेलमेट पहनने की प्रवृत्ति में वृद्धि देखी जा रही है। सहायक परिवहन पदाधिकारी सुलेमान आलम ने बताया कि, हेलमेट कोई बोझ नहीं, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोट से जान जाती है। ऐसे में हेलमेट पहनना हर चालक के लिए अनिवार्य होना चाहिए। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज अपने पास रखें। परिवहन विभाग द्वारा शहर के अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों में भी लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिससे न सिर्फ सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी सुधार हुआ है। विभाग की इस सख्ती से बड़े वाहन चालकों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों में भी भय का माहौल है और लोग नियमों का पालन करने को लेकर सतर्क हुए हैं।

# साहित्य जीवन का सार है और विज्ञान प्रकृति की भाषा : प्राचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। विश्वविख्यात लेखक रवीन्द्रनाथ ठाकुर की पुण्यतिथि और हरित क्रांति के जनक एम एस स्वामीनाथन की जयंती के अवसर पर आज गंगा सिंह महाविद्यालय, छपरा के एनएसएस यूनिट-1 के द्वारा एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर प्रमेन्द्र रंजन सिंह ने कहा कि विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ ठाकुर साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूँकने वाले युगद्दष्टा रहे हैं ।वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं, जिनकी दो रचनाएँ दो देशों



भारत और बांग्लादेश का राष्ट्रगान बनीं। ऐसे महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व से हमें बहुत कुछ जानने और सीखने का अवसर प्राप्त होता है। प्रो प्रमेन्द्र ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कृतियाँ गीतांजलि, चोखेरबाली, गोरा आदि की चर्चा करते हुए कहा कि रविन्द्र संगीत तो बांग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग ही है। उनकी रचनाओं में मनुष्य और ईश्वर के बीच के चिरस्थायी संबंध की विविध रूपों में अभिव्यक्ति मिलती है। भारत रत्न एम एस स्वामीनाथन को नमन करते हुए प्राचार्य ने कहा कि उन्होंने सबसे पहले गेहूँ की एक बेहतरीन किस्म को पहचाना और उसे स्वीकार किया। भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में मैक्सिकन गेहूँ की इस किस्म को स्वामीनाथन ने भारतीय खाद्यान्न की कमी दूर करने के लिए सबसे पहले अपनाने के लिए स्वीकार किया था। कुछ मामलों में स्वामीनाथन की आलोचनाएं भी होती रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में उनके महत्तम योगदान को हमेशा सराहा और स्वीकार किया जाता रहा है। परिचर्चा में भाग लेते हुए अंग्रेजी की प्राध्यापक डॉ कुमकुम रे ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर के व्यक्तित्व और कृतित्व के कई महत्वपूर्ण पहलुओं की चर्चा की, वहीं अर्थशास्त्र के प्राध्यापक श्री नलिन रंजन ने कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन के योगदानों की भारतीय परिप्रेक्ष्य में गंभीर विवेचना की।

## कुंवर सिंह संग्रहालय के छत का एक हिस्सा गिरा, कोई अप्रिय घटना होती तो कौन होगा जिम्मेवार: धीरज सिंह



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। आरा,जगदीशपुर: 1857 गदर के वीर सेनानी रण बांकुरे बाबू वीर कुंवर सिंह की पैतृक भूमि आज भी अपने इतिहास को कायम रखने के लिए तरस रही है। किले का हाल बदहाल है, बरसात से पहले किले के भवन के छतों की मरम्मती के लिए मगर वो काम नहीं हो पाया। नतीजा आज किले को घूमने के लिए जो आते हैं वो टिकट काउंटर पर जाते हैं। मगर ऊपरवाले की दुआ कहिए कि छत रात में कुछ हिस्सा टूटकर गिरा और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इस बात की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कुंवर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह उर्फ लव जी ने आगे कहा कि कल रात में संग्रहालय है जहां टिकट कटता है। उस छत का कुछ हिस्से का गिरने के अलावे संग्रहालय की छत को मरम्मत करने एवं शौचालय निर्माण के लिए पुरातत्व विभाग ने भवन निर्माण विभाग को 20 लाख 60 हजार 700 की राशि दी थी, जिसका टेंडर दिया गया बावजूद इसके आज तक कोई भी काम नहीं हो पाया है। एसडीओ और भवन निर्माण विभाग के एक्जक्यूटिव और ठेकेदार इस पर थोड़ा भी ध्यान नहीं दिए। बरसात का मौसम है संग्रहालय के छत का पानी संग्रहालय के अंदर आता है लेकिन आज तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस बात की जानकारी हमने ऊपर के लोगों को भी दी, मगर किसी ने इस पर कोई कारगर कदम नहीं उठाया, जिससे बाबू कुंवर सिंह की स्मृति का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है और कोई इस पर बोलने वाला और करने वाला नहीं है। आगे श्री सिंह ने ये भी कहा कि बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा के लिए कोई छज्जा नहीं है, प्रतिमा भी कई जगह से दरक गया है। मगर अब अपनी धरोहर पर किसी का ध्यान नहीं है। एक बात जरुर कहना चाहूंगा कि अगर सरकार और जनप्रतिनिधियों ने इसको इग्नोर किया तो चुनाव में भी इसका नतीजा देखने को मिलेगा और राष्ट्रीय कुंवर वाहिनी जनसहयोग से इन सारे कार्यों को पूरा कराया जाएगा।

## डीएम ने की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। आरा, जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के सभी लंबित स्वीकृति एवं ऑर्डरशीट जेनेरशन के मामलों का निष्पादन 10 अगस्त 2025 तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सेल्फ सर्वे कोरॉबोरेशन के अंतर्गत सभी लक्षित परिवारों की पुष्टि अगले तीन दिनों में पूर्ण करने को कहा गया। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन आवासों को तृतीय किश्त प्राप्त हो चुकी है, उनमें मनरेगा के तहत मजदूरी का भुगतान कर कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। इसी क्रम में मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन सभी खेल मैदानों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।ब्लूसर जल प्रबंधन से संबंधित सभी योजनाएं, जिनमें 80% कार्य पूर्ण हो चुका है, ,उन्हें अगले 10 दिनों में अंतिम रूप से पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत लंबित लाभुकों का पेयी क्रियेशन करते हुए 3 दिनों में भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, महादलित टोलों में निर्मित हो रहे व्यक्तिगत शौचालयों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि उपलब्ध राशि के आलोक में स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मियों का मानदेय भुगतान (अप्रैल 2025 तक) अगले दो दिनों में पूर्ण कर, उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं भुगतान प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, महादलित टोलों में आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम संगठन भवनों एवं अन्य संरचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने तथा 15वें वित्त आयोग एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कर उपलब्ध राशि के प्रभावी उपयोग का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त,श्रीमती गुंजन सिंह,अपर समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी,निदेशक डीआरडीए, डीपीओ मनरेगा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरों ने उड़ाए सोने चांदी के जेवरात व नगदी

शेरघाटी। चोरो का तांडव चारदीवारी कूदकर घर सोने चांदी के जेवरात समेत नगदी रुपये लेकर भागे चोर। घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर पंचायत के नवादा गांव की है जहाँ मुरारी प्रजापति एवम विपुल प्रजापति के घर से लाखों रुपये के सामना समेत नगदी रुपये चोरी कर भाग गए, घटना की जानकारी तब मिली जब सुबह खुली तो देखा कि दूसरे घर का दरवाजा खुला हुआ है, और समान बिखरा पड़ा तभी इसकी सूचना पुलिस को दिया गया, थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि नवादा गाँव में दो घरो में चोरी हुई है,जिसका जांच पड़ताल किया जा रहा है, वहीं घर मे मालिक मालिक मुरारी प्रजापति ने बताया कि रात्रि के समय नींद से सो रहे थे तभी घर मे रखे सोने चांदी के जेवरात जिसका कीमत लगभग 1 लाख रुपये है एवम नगदी 65 हजार रुपये चोरी के ले भागे, हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मध्यस्थता विशेष अभियान और राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लिए सभी थानाध्यक्षों की भूमिका अहम : मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी

औरंगाबाद। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लाल बिहारी पासवान की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया गया। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सचिव, तान्या पटेल और अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप सिंह भी उपस्थित रहे ।मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा मध्यस्थता विशेष अभियान मध्यस्थता राष्ट्र के लिए विषय पर चर्चा करते हुए कहा गया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष तथा आधुनिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मध्यस्थ अधिकारी दबावरहित वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निबटारा करते हैं। दोनों पक्ष अपनी इच्छा से सद्भावनापूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान निकालते हैं तथा उसे स्वेच्छा से दोनों पक्ष को सभी दृष्टिकोण से नापते हैं और वह समझौता जो सभी पक्षों को मान्य होता है, उसे अपनाते हैं।

# ज्ञान ज्योति नटखट जोन में मना सावन महोत्सव हरियाली दिवस, नन्हे बच्चों की रूप सज्जा ने मोहा मन

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। आरा,पठन पाठन के साथ साथ समय के अनुसार सकारात्मक क्रियाकलापों को महत्व प्रदान करने मे सदा से अग्रणी रहे भोजपुर जिले के अग्रणी रहे ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय की सिस्टर संस्था नाला मोड स्थित ज्ञान ज्योति नटखट जोन के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने नाला मोड स्थित विद्यालय प्रांगण में एक अद्भुत और मनमोहक प्रस्तुति दी। सावन मिलन का आयोजन और बच्चों का भगवान शंकर और माता पार्वती के रूप मे सजकर अपनी प्रस्तुति देने वाले इस कार्यक्रम ने अपने आप में एक बड़ा ही मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया। जिसने भी देखा बस देखते ही रह गये, मंत्र मुग्ध हो गये। मृग छाल रूपी वस्त्र पहने, व्याघ्र छाल रुपी वस्त्र पहने, गले में मुंड माला पहने, जटा धारी भगवान शंकर के साथ साथ अति सुंदर रूप में सज्जित माता पार्वती की कई जोड़ियों के रूप में बच्चों ने सबका मन मोह लिया। विशेष आकर्षण रहा अर्ध नारीश्वर के रूप में सज्जित दो नन्ही बालिकाओं का जिनके नाम क्रमशः सान्विका, जो नर्सरी की छात्रा हैं और सान्वी जो प्री नर्सरी की छात्रा हैं इन्होने अपने अद्भुत श्रृंगार और प्रदर्शन से एक आध्यात्मिक और भावपूर्ण वातावरण को सृजित कर दिया। भैरव नाथ ने भी अपनी अमिट छाप उपस्थित जनों के मनो मस्तिष्क पर छोड़ी। भगवा वस्त्र धारण किये हुए काँवरियों के रूप में बच्चे बहुत शोभ रहे थे। भगवान शिव बनने वाले बच्चों में नर्सरी के विराट एवं कक्षा दो की वाग्मी थी, वहीं माता पार्वती बनने वाली छात्राएं थी प्री नर्सरी की वैष्णवी, नर्सरी की अनन्या पांडेय एवं केजी की ओजस्वी। जहां अघोरी



बने नर्सरी के शिवांश और केजी के अभिज्ञान, वहीं काँवरिया बने प्री नर्सरी के देवांश, नर्सरी के अंश और केजी के वैदिक। केजी के अभिज्ञान ने शिव भक्त की भूमिका निभाई। इस अदभुत सावन महोत्सव ने देवधिदेव महादेव और जगत जाननी माता पार्वती के द्वारा रचित इस खूबसूरत प्रकृति को भी इस महोत्सव में बड़ी मनमोहक रूप से प्रस्तुत किया। इन नन्हे मुन्ने बच्चों ने हरियाली के जनक देवाधिदेव को सम्मान भी दिया और अर्चना भी की। और इस कार्य को बच्चों ने किया स्वयं प्रकृति बनकर। प्रकृति की आत्मा हरियाली के विभिन्न रूपों में भी बच्चे सज कर आये। अँगूर बनने वाले बच्चों में जहां प्ले ग्रुप के विनायक प्री नर्सरी की आव्या और नर्सरी के अंश रहे वहीं केटरपिलर बनने वाले बच्चों में थी प्री नर्सरी की पीहू एवं सात्विक। प्राचार्या श्रीमती सीपी जैन ने इन सुंदर और आकर्षक रूपों में सजे बच्चों को विद्यालय प्रांगण में पाकर और इनके अदभुत मनमोहक प्रदर्शन को देखकर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि बच्चों को अपने संस्कृति के नजदीक रखना हम सबका दायित्व है और हमारा स्कूल बच्चों को अपनी संस्कृति से सदा सर्वदा नजदीक रहना समय समय पर सिखाता रहता है और यह ज्ञान ज्योति की परंपरा भी रही है। प्राचार्या डॉ सीपी जैन ने सुंदर सुंदर परिधानों में सजा कर अलौकिक लगने वाले ईश्वरीय दर्शाननुकूल बना कर अपने बच्चों को स्कूल स समय भेजनें के लिए सभी अभिभावको को धन्यवाद दिया और इनके सहयोगात्मक रुख की प्रशंसा भी की। ध्यातव्य है कि इस अलौकिक कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा दो तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्पूर्ण योजना का क्रियान्वयन किया स्कूल की सांस्कृतिक निर्देशक एवं चीफ ऑफ द प्रोगाम सुश्री जिनवाणी जैन ने, जिनके निर्देशन में प्रशासन देख रहे महेश मिश्रा एवं समान रूप से क्रियाशील विभिन्न शिक्षक एवं शिक्षिकाओं यथा सोनाली, समरदीप, प्रियंका, ऋषिधा, सरिता आदि थे।

## जगदीशपुर अनुमंडल क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण राहत कार्यों की समीक्षा



आरा। आरा,जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी,जगदीशपुर द्वारा बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहत वितरण की प्रक्रिया, सामुदायिक रसोई की व्यवस्था, नावों की उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाओं एवं जलजमाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को निकट से समझा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक तंत्र पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्यरत है तथा प्रत्येक जरूरतमंद तक राहत पहुँचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बाढ़ से प्रभावित किसी भी व्यक्ति को आवश्यक सहायता से वंचित न रहना पड़े।

## साधु के वेश में नर्स को दिया झांसा,छिने जेवरात

शेरघाटी।शहर के मुख्य मार्ग स्टेट बैंक के निकट उच्चको ने महिला से छीना सोना चांदी का जेवरात एवं मोबाइल बता दे की शेरघाटी मुख्यमार्ग भारतीय स्टेट बैंक के निकट बाजार से लौट रही महिला को बनाया निशाना बताते चले कि एक व्यक्ति साधु के बेस में आता है और महिला को उसके बेटे के ग्रह के बारे में बताते हुए सोने चांदी के जेवरात खोलकर प्लास्टिक में रखने को कहता है, और झपट्टा मारकर भाग जाता है, उक्त घटना के बाद पीड़ित महिला बाइक पर सवार होकर भागने के दौरान बाइक सवार को पीछा करते हुए उसे कृष्णापुरी मोहल्ला में जाकर पड़ा जबकि एक आरोपी भागने में सफल रहा। एवं दूसरा को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई ,पुलिस ने त्वरिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर अन्य दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दिया है, जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला के पहचान नवादा जिले की रहने वाली सुमन कुमारी के रूप में हुआ है, जो फिलहाल शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में जीएनएम के पद पर कार्यरत है, फिलहाल पुलिस आरोपी के हिरासत में लेकर दूसरे आरोपी के गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। वहीं खबर लिखे जाने तक महिला द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दी गई है,

## तैंतीस गांव के दबंगों ने एक दुध व्यव्साई किसान के साथ मारपीट कर की छिनताई, घायल होने पर मायागंज रेफर

भागलपुर सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ब्लाक के पिछे तैंतीस गांव में दबंगों ने एक दुध व्यव्साई किसान के साथ जमकर मारपीट करते हुए कि छिनताई/इस मामले में दुध व्यव्साई किसान कृष्णदेव यादव के पुत्र रोहित कुमार ने बताया कि हमारे पिता कृष्णदेव यादव घर से दुध लेकर बैचने बाजार जा रहें थे तभी तैंतीस गांव के दबंग नीरंजन यादव एवं इनके सहयोगी के द्वारा हमारे पिता को लाठी डंडे मारकर हथीयार दिखाकर छिनताई कर लिया है/हमारे पिता घायल होने पर रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज लाने पर डाक्टर ने ईलाज करते हुए मायागंज रेफर कर दिया इस घटना की सूचना पुलिस को देने पर पुलिस पुरे घटना को लेकर घटना की छानबीन में जुट गई है(

## अगिआंव के राजकीय बुनियादी विद्यालय में बच्चों को दिया गया एचपीवी का टीका, 43 बच्चों का हुआ टीकाकरण

पीरो (भोजपुर)। राजकीय बुनियादी विद्यालय, अगिआंव में आज ल्ढश (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया गया। यह टीका 9 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को दिया गया, जिससे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।कार्यक्रम की निगरानी जिला प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अबोध कुमार ने की। उनके साथ प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राकेश पांडेय, मनोज कुमार, मृदुला कुमारी (अठट) सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।इस अभियान के तहत कुल 43 बच्चों को सफलतापूर्वक टीका लगाया गया। बिहार सरकार की इस पहल को लोगों ने सराहा और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ती दिखी।

## सहार में जीविका समुहों के दीदियों को साफ सफाई की जिम्मावारी दी गई



आरा। सहार प्रखंड में जीविका समुह के दिदियों को साफ सफाई का जिम्मा दिया गया। जिसका विधिवत उद्धाटन बीडीओ मनोरमा कुमारी, अंचला अधिकारी सहार राकेश शर्मा, जीविका बीपीएम अमरेन्द्र कुमार सत्या द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। जिसमे प्रखंड कार्यालय सहार में कार्यालय साफ सफाई दैनिक रूप से करने हेतू शुभारम्भ कर जीविका दीदियों को दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार पुरे बिहार के प्रखंड कार्यालयों के दैनिक साफ सफाई की जिम्मेदारी जीविका समूह की दीदियों को सौंपा गया है ' इसके तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी सहार, अंचलधिकारी सहार,बीपीएम एवं आँचल सीएलएफ की अध्यक्ष के कर कमलों से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस योजना से जीविका समूह की दीदियों को रोजगार के नये साधनों से जोड़ा गया एवं कार्यलय की साफ सफाई भी सुनिश्चित की जाएगी।इस मौके पर मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सुमन कुमार एवं जीविका सहार के सभी पदाधिकारी एवं अन्य सभी जीविका के सभी कैडर उपस्थित थे।

## मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने की विश्वविद्यालय के समस्त प्राचार्यो के साथ बैठक

मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने वित्तीय पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए यह निर्णय लिया है कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के खातों का व्यापक ऑडिट कराया जाएगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय से ऑडिटर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों से प्राप्त नामांकन शुल्क का सत्यापन किया जाएगा।

## 12 अगस्त को अगिआँव में बिजली से संबंधित होगा जनसंवाद कार्यक्रम

अगिआँव। प्रखंड क्षेत्र के पॉवर सब स्टेशन अगिआँव में आगामी 12 अगस्त को बिजली उपभोक्ताओं के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डिजिटल रूप से राज्यभर के उपभोक्ताओं से जुड़ेंगे और बिजली से संबंधित योजनाओं व समस्याओं पर चर्चा करेंगे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही बिजली योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।इसमें 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। पॉवर सब स्टेशन के कनीय अभियंता जयराम सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 12 अगस्त को सुबह 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और इस संवाद का हिस्सा बनें।

## सहार के विद्यालयों में शिविर लगाकर कैंसर से बचाव का टिकाकरण अभियान चलाया गया

**प्रातः किरण संवाददाता**



संवाद सूत्र, जागरण,सहार ( आरा )सहार में सरकारी विद्यालय में शिविर लगाकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। राज्य सरकार द्वारा निर्देशित पर चलाए जा रहे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर टीकाकरण अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत वृहस्पतिवार को सहार के बालिका मध्य विद्यालय में शिविर लगाया गया।स्थानीय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हरिश्चंद्र चौधरी के नेतृत्व में कुल 81 छात्राओं को एचपीवी सर्वाईकल का टीका लगाया गया। चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए टीकाकरण एक अहम कड़ी है। जहां आने वाले समय में महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर से बचाव किया जा सकता है।इस दौरान मौके पर पंचायत के मुखिया बसंत कुमार विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनवर हसन जमाली,सुनील कुमार निराला,मधु कुमारी,मीना असगरी,जुनैद आलम जीएनएम स्नेहलता, संगीता कुमारी सहित विद्यालय के दर्जनों छात्राएं उपस्थित रहीं।

## गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर ने प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

➤ **प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण गुलनार के संरक्षक रसलपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सह पूर्व जिला पार्षद नागेंद्र सिंह ने किया**

**प्रातः किरण संवाददाता**




गया। रक्षाबंधन को लेकर गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर की ओर से चल रहे दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर के के बाद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण गुलनार के संरक्षक रसलपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सह पूर्व जिला पार्षद नागेंद्र सिंह ने किया है। इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी नंदनी कुमारी को प्रथम, सलोनी कुमारी को द्वितीय, परिधि कुमारी को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। वहीं रानी कुमारी एवं वर्षा कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है । विजेता प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह ने कहा कि गुलनार द्वारा प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जो सराहनीय कार्य है। इस तरह के आयोजनों से छात्राओं के अंदर छिपी हुई प्रतिभा का विकास होता है. नारियों के स्वावलंबन की दिशा में गुलनार का कार्य सराहनीय है, जो ब्यूटीशियन, सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, राखी जैसे कई अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम सिखाये जाते हैं। मालूम हो कि 26 एवं 27 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर में कुल 41 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से छात्राओं को राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। बेहतर कलाकृतियों के साथ राखी बनाने वाली पांच प्रतिभागों को पुरस्कृत किया गया है।इस मौके पर अध्यापिका आशा सिन्हा, नंदनी कुमारी सहित काफी संख्या में छात्राएं मौजूद थी. अतिथियों का स्वागत गुलनार समूह के संस्थापक सचिव नीरज कुमार ने किया.

## विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू जिला अध्यक्ष का दौरा

भागलपुर जिले के जदयू अनुसुचित जाती के जिला अध्यक्ष महेश दास ने अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहलगांव एवं पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र का क्षेत्रीय दौरा किया/इस दौरान जदयू अनुसुचित जाती के जिला अध्यक्ष महेश दास ने बताया कि अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्रीय दौरा किया जा रहा है जो कहलगांव एवं पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र के आगरी पंचायत के किरानी टोला खूटेरी एवं , सेलमपुर पंचायत के लालापुर भदेड, गांव पहुंचकर आम लोगों से बातचीत करते हुए बिहार सरकार के उपलब्धि के बारे में बताते बूथ मजबूत करते हुए 2025 फिर से नीतीश की सरकार बनाने की अपिल किया गया /इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे(

## स्तनपान सप्ताह को ले जागरूकता कार्यक्रम हुआ

गया जी।इनर व्हील क्लब गया सनराइज द्वारा स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र, तुरी खुर्दा, बोधगया में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है।इस अवसर पर डॉ. स्वर्णलता ने गर्भावस्था के दौरान माँ और शिशु के पोषण की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ माँ से ही एक स्वस्थ शिशु का जन्म संभव है। संतुलित आहार, पर्याप्त आराम और मानसिक रूप से खुशहाल वातावरण मिलना चाहिए।

## कुर्था विधानसभा की समस्याओं को लेकर उत्तम कुशवाहा ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया जी।मगध विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर कुर्था विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा है। छात्र नेता के इस कदम को जन सरोकारों से जुड़ी एक बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और युवाओं के रोजगार से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया है।मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस औपचारिक मुलाकात के दौरान यश वर्मा ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कुर्था विधानसभा क्षेत्र के विकास में आ रही बाधाओं को विस्तार से बताया है। उन्होंने कहा कि कुर्था जैसे पिछड़े क्षेत्र को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है, इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बावजूद इसके अन्य सुविधाओं को बहाल करने को लेकर अपनी बातों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है।यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुर्था विधानसभा के कई सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षक और आधारभूत सुविधाओं की भारी कमी है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रों को जिले या राज्य के बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने क्षेत्र में एक राजकीय इंटर कॉलेज और महिला महाविद्यालय खोलने की मांग की है।यश वर्मा ने बताया कि कुर्था क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस सेवा को सुदृढ़ करने की मांग रखी है । कुर्था विधानसभा के कई गांव आज भी पक्की सड़कों से वंचित हैं। बारिश के मौसम में इन गांवों का संपर्क पूरी तरह से टूट जाता है। यश वर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राज्य की अन्य योजनाओं के तहत इन सड़कों का शीघ्र निर्माण कराया जाए। हमीदनगर परियोजना पूर्व के नक्शों से स्वीकृति कराना, कुर्था सूर्य मंदिर प्रांगण में विवाह मण्डप का निर्माण, कुर्था सूर्य मंदिर स्थित तलाब का सौन्दर्याकरण एवं छोटे स्तर पर पार्क का निर्माण, कुर्था बाजार में सब्जी मण्डी के लिए उचित जगह का व्यवस्था, कुर्था में बस स्टैण्ड के लिए उचित जगह का व्यवस्था,पंचतीर्थ धाम में विद्युत शवदाह गृह एवं धाम के रूप में विकसीत करना, कुर्था से गयाजी के लिए सरकारी बस कि सुविधा,तेजपुरा लख से माली नहर लाईन में पानी लाना,दाउदनगर से संश से कोचहसा नहर लाइन में पानी कि व्यवस्था,हमीदनगर से परियोजना से माली नहर लाइन को जोड़ा जाए,जीनदापुर लोहर बीघा पथ से कसमुण्डा नाना में पुल का निर्माण उक्त सभी समस्या का निवारण यदि जल्द हीं हो जाए तो कुर्था विधानसभा के लोगो के लिए काफी सहुलियत होगी और कुर्था विधान सभा और भी तरक्की के साथ आगे बढ़ेगा। इसके लिए कुर्था विधानसभा के सभी लोग आपका सदैव आभारी रहेगा।युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने हेतु उन्होंने क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और कौशल विकास केंद्र खोलने की भी मांग की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यश वर्मा की बातों को गंभीरता से सुना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने यश वर्मा की जागरूकता और नेतृत्व क्षमता की सराहना की और कहा कि छात्रों और युवाओं की भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा लंबे समय से छात्र राजनीति के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाते रहे हैं। कुर्था क्षेत्र में उनकी सक्रियता और युवाओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि क्या वे आने वाले समय में विधानसभा चुनावों में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। कुर्था विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षित समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से की गई ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा संख्याः– सीआरडब्ल्यू–एचआरटी–एम–आईपी–वीएसएस–25–26 दिनांक 05.08.2025**

उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थानः** सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में एलएचबी एसी, एलएचबी नॉन एसी, एलएचबी एलएस, आईसीएफ एसी, आईसीएफ नॉन एसी एवं आईसीएफ जीएस कोचों में आईपी आधारित विडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) का रेट्रो–फिटमेंट हेतु निविदा। **2. कार्य के लिए प्रक्कलित राशिः** रू० 11,81,61,043.55 (रुपये ग्यारह करोड़ इक्यासी लाख इकसठ हजार तैंतालीस और पचपन पैसे मात्र) **3. निविदा प्रपत्र की राशिः** शून्य। **4. अग्रधन की राशिः** रु. 7,40,800.00 (रुपये सात लाख चालीस हजार आठ सौ मात्र) **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑनलाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओ द्वारा निर्धारित तिथि 28/08/2025 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जाएगी। **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादी देखा जा सकता हैः** निविदा सूचना पात्रता मानदंड एवं निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखे। यदि जरुरी हुआ तो शुद्धि पत्र वेबसाईट पर अपलोड होगा।

**उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता–II**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**
**भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से**
पीआर/0728/एचआरटी/यां./टी/25–26/56

# सहकारिता मंत्री ने पितृपक्ष मेला की तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।मंत्री सहकारिता विभाग, बिहार सरकार डॉ. प्रेम कुमार ने आज आगामी पितृ पक्ष मेला 2025 की तैयारियों का जायजा लेने हेतु नगर आयुक्त,उप नगर आयुक्त,सिटी मैनेजर,कार्यपालक अभियंता, डीएसपी एवं नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया है।इस निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पितामहेश्वर, गोदावरी, रुक्मणि तालाब, केन्दुई सूर्यमंदिर पार्किंग व्यवस्था हेतु सीताकुंड, वैतरणी, ब्रह्मसरोवर एवं देव घाट का भ्रमण कर वहां की वर्तमान स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया है। उन्होंने घाटों, मंदिर परिसरों एवं पार्किंग स्थलों पर साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, वाल पेंटिंग, बैरिकेडिंग, घाटों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की स्थिति का जायजा लिया है।मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने निर्देश दिया कि–साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए मेला क्षेत्र को प्रतिदिन स्वच्छ रखा जाए।स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को रात्रिकालीन समय में भी सुविधा हो। पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित एवं सुगम बनाया जाए, ताकि यातायात में कोई बाधा न हो।सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखते हुए पुलिस बल एवं स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती हो।घाटों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन के लिए सूचना पट्ट और वाल पेंटिंग के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष मेला में देश-विदेश एवं राज्य के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु गयाजी पधारते हैं। पिछले वर्ष इस पावन अवसर पर 20 लाख से अधिक पिंडदानी गयाजी आए थे। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भीड़ अनुमान से अधिक रहने की संभावना है, ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें, ताकि मेला क्षेत्र स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बना रहे हैं।मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया जी की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्ता को ध्यान में रखते हुए पितृ पक्ष मेला के आयोजन को भव्य और सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने गया नगर निगम आयुक्त सराहना करते हुए कहा कि पिछले साल भी नगर निगम के कर्मियों द्वारा अच्छा कार्य किया गया था।इस बार भी नगर निगम से अच्छी साफ सफाई की आशा रखते हैं।मंत्री डॉ. कुमार ने जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, डीएसपी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनकी मेहनत और समर्पण के कारण ही गया का पितृपक्ष मेला पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की हृदय योजना के तहत गया शहर के विभिन्न तालाबों का सौंदर्यीकरण भी कराया गया है, जिससे धार्मिक स्थलों की गरिमा और आकर्षण में वृद्धि हुई है।डॉ. प्रेम कुमार ने आश्वासन दिया कि इस वर्ष का पितृपक्ष मेला और अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं श्रद्धालुओं के अनुकूल होगा। उन्होंने आम जनता एवं स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों से भी आह्वान किया कि वे प्रशासन का सहयोग कर इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में योगदान दें। डॉ कुमार द्वारा निरीक्षण के दौरान भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, शंभु यादव मंडल अध्यक्ष धनंजय धीरू, मुन्ना पांडे, कमल बारीक, गौतम कुमार आदि शामिल रहे।

# काशी विश्वनाथ के तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण, मेट्रो के शुभारंभ की संभावना हुई तेज:सम्राट

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुप्रतीक्षित गयाजी दौरा आगामी 22 अगस्त को प्रस्तावित है। इसको लेकर बुधवार को गया एयरपोर्ट परिसर में बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों, अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के उच्चाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम और सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई है। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, सहायक पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन, मगध प्रमंडल के आयुक्त सफीनाज़ ए.एन, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक छत्रनील सिंह, गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे हैं। इस बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए तीन संभावित स्थलों – बेलागंज कृषि फार्म, गया-गोह रोड स्थित ओसांवा मैदान और मगध विश्वविद्यालय परिसर पर चर्चा हुई।इनमें से किसी एक स्थान का चयन शीघ्र ही किया जाएगा।वही बिहार के गया जी में सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर गया जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अहम बैठक की गई है।इस बैठक में बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार और बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की गई है।इस बैठक लगभग आधे घंटे तक चली. उन्होंने बताया कि आने वाले 22 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी का गया जी में संभावित कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। गया जी के धरती पर कहां पर कार्यक्रम आयोजित किया जाए इसकी भी चर्चा किया गया और जिलाधिकारी ने कई स्थानों को बताया है जिसमें बेला, बोधगया, टिकारी कोसमा भी शामिल है. जिसमें कई प्रस्ताव को रखा गया है है जिसमें जिलाधिकारी को फाइनल वर्कआउट करने के स्थान को चिन्हित कर कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्देशित किया गया है. संभावित पीएम नरेंद्र मोदी के होने वाले कार्यक्रम में मगध प्रमंडल के जिले से एनडीए के कार्यकर्ता और आम नागरिकों का भारी भीड़ जुटेगी और पीएम का भाषण सुनने के लिए आएंगे.उनके आगमन से आवागमन में कठिनाई न हो, पार्किंग, सभा स्थल पर बेहतर व्यवस्था हो इन्हीं सब बातों को लेकर समीक्षा बैठक की गई है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी का गया जी में कार्यक्रम आने का निर्धारित है। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार बिहार आ रहे हैं और सौगात देने का भी काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि उज्जैन महाकाल और काशी विश्वनाथ के तर्ज पर गया जी में होगा।

# सीओ की पहलः पुराने विवाद का हुआ निपटारा



**प्रात : किरण संवाददाता**

शेरघाटी।शहर के कोईरी टोला स्थित कब्रिस्तान के जमीन पर मकान का निर्माण कराये जाने एवम रोक लगाए जाने के विवाद को लेकर शेरघाटी सीओ की बड़ी पहल लंबे अरसे से जमीन विवाद एवं रास्ते को लेकर हो रहे विवाद को लेकर मजार कमिटी के मो. ममनुम अख्तर ने गत 2022 में आवेदन देते हुए निर्माण कार्य मे रोक लगाए जाने एवं रास्ते को लेकर आवेदन दिया था,

बताते चले कि इस विवाद को देखते हुए एसडीओ के आदेश पर पूर्व सीओ सुधीर तिवारी ने रोक लगा दी थी, लेकिन इसका कोई हल नही निकल सका जबकि इस मामले को लेकर कमिटी के लोगो ने इसी फिर से एसडीओ को आवेदन दिया।

एसडीओ ने संज्ञान में लेते हुए शेरघाटी अंचला अधिकारी उषा कुमारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जिसे सीओ ने स्थल निरीक्षण करते हुए आपसी समझौता करवाते हुए विवाद को खत्म कर दिया है।

इधर जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि शहर के कोइरी टोला मोहल्ला वार्ड नम्बर 18 स्थित कब्रिस्तान में आने जाने के रास्ते को लेकर दो पक्षो में हो रहे विवाद को आपसी समझौते के बाद खत्म किया, मालूम हो कि उक्त स्थान पर कब्रिस्तान है और वहाँ पर कई लोग अपना मकान बनाकर रह रहे है,

लेकिन रास्ते के मांग को लेकर कमिटी के लोगो ने निर्माण कार्य कराने रोक लगा रहे थे।

कमिटी के लोगो ने अवैध कब्जा एवं कब्रिस्तान के जमीन बताते हुए रास्ता का मांग कर रहे थे,जिसका सीओ में स्थल निरीक्षण करते हुए,

मो. ममनुम अख्तर एवम दूसरे पक्ष शीलवंती देवी को आपसी आपसी समझौते से मामले को खत्म किया दोनो के सुलह के बाद यथावत रहने एवम आपसी सौहार्द बनाने को।लेकर दोनों पक्ष राजी हुए।

उक्त दौरान आरओ अमित कुमार एवं भाजपा नेता विनय प्रसाद समेत कई लोग शामिल रहे।

# ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र संचालिका द्वारा शहर के विभिन्न पदों पर आसीन उच्च अधिकारियों एवं बौद्ध भिक्षु को राखी बांधी



**प्रात : किरण संवाददाता**

गया जी।सावन के पवित्र मास में ब्रह्माकुमारी सिविल लाइन्स थाना के पीछे स्थित सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी शिला बहन ने गया शहर के विभिन्न पदों पर आसीन उच्च अधिकारियों तथा बोधगया के विभिन्न बौद्ध मंदिरों के अधिकारियों को राखी बाँधी तथा आत्म स्मृति का तिलक दे उन्हें परमात्मा का संदेश सुनाया। ब्रह्माकुमारी शीला बहन ने कहा परमात्मा सर्व धर्म की आत्माओं को पावनता की राखी बाँधकर पवित्र भव, योगी भव की प्रतिज्ञा करा रहे हैं। हम पवित्र बनने से माननीय और पूज्यनीय बन सकते हैं। राखी के पवित्र धागों का रहस्य बताते हुए शीला बहन ने कहा कि मनोविकारों से रक्षा परमात्मा राखी द्वारा करते हैं। उन्होंने कहा यह राखी

बुराइयों को राख करने वाली राखी हैं। आत्म स्मृति का तिलक लगाने से आत्मा समर्थ बन जाती है। उसके बाद ही मधुर मीठे सुखदायी परमात्म शिक्षा के बोलों की मिठाई खाने का महत्व है। परमात्मा सभी धर्म की आत्माओं को शांति और शुभ भावना की शिक्षा देकर नयी स्वर्गिक सृष्टि का निर्माण प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा करा रहे हैं।

इस लेख के माध्यम से ब्रह्माकुमारी शिला बहन ने सभी आम एवम खास लोगों से आह्वान किया है की कल दिनांक ७ अगस्त से 9 अगस्त तक सिविल लाइन थाना के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र में आकर इस प्रमात्म स्नेह की राखी अवश्य बँधवायें ।

# 15 अगस्त के कार्यक्रम को लेकर एसडीओ ने विद्यालय संचालकों के साथ की बैठक

शेरघाटी।अनुमंडल कार्यालय सभागार भवन में अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त के मौके पर विधिवत कार्यक्रम को लेकर विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाप्राचार्य व सरकारी विद्यालयों प्रधानाचार्य, थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते हुए कहा कि पूर्व की भांति कार्यक्रम किया जाएगा, उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति प्रस्तावित समय पर 7:55 अनुमंडल आवास से शुरू किया जाएगा साथ ही रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम किये जायेगे जिसमे एन सीसी के छात्र एवम प्रोजेक्ट स्कूल के छात्राएं व शहर के दर्जनों स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल रहेंगे।उन्होने कहा कि झंडोतोलन कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।बैठक के दौरान एएसपी शैलेंद्र सिंह, रंजय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार, बीडीओ स्नेहिल आनंद, आमस थानाध्यक्ष पवन कुमार, अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. उदय कुमार के अलावा जय कुमार गिरी, शबाब खां, राजकुमार सिंह, इमरान अल्ली, समेत दर्जनों स्कूल संचालक भी उपस्थित थे।

# हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से0) ने घोषित की गया जिले के प्रवक्ताओं की सूची

गयाजी । हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से०) की गया जिला इकाई ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए जिले के चार प्रवक्ताओं की घोषणा की है। यह सूची जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी द्वारा जारी की गई है।इस जारी सूची के अनुसार दिवाकर सिंह ग्राम- खरहरी, मानपुर, गया, सुधीर यादव ग्राम- छोटकी पड़रिया, प्रखंड- बोधगया, रामस्नेही मांझी ग्राम- मऊ, प्रखंड- टेकारी, और सुषमा कुमारी ग्राम- लखनपुरा, चौदछौर, गया को जिला प्रवक्ता के रूप में मनोनीत किया गया है। इन सभी प्रवक्ताओं को उनके सक्रिय सामाजिक योगदान, संगठन के प्रति निष्ठा एवं जनसमस्याओं की प्रभावी अभिव्यक्ति की क्षमता के आधार पर चुना गया है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा कि प्रवक्ताओं की यह टीम पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी और संगठन को मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि गया जिले में पार्टी को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए यह निर्णय महत्वपूर्ण है।पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन नियुक्तियों से कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है और संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। अध्यक्ष ने सभी नव-नियुक्त प्रवक्ताओं को बधाई देते हुए संगठन की मयार्दा में रहकर कार्य करने की अपेक्षा की है।सभी नव मनोनीत प्रवक्ताओं को मो० एकराम खान, गोपाल सिंह, राकेश कुमार ,सदानंद प्रेमी, सांसद प्रतिनिधि रोमित कुमार, मो० टुटु खान ,नंदलाल मांझी, गणेश कुमार,शंकर मांझी, पंकज सिंह, चंदन गौरव सुनील कुमार मांझी, राजीव शर्मा ,रूबी देवी, तूफान यादव, मो० आसिफ अहमद, श्याम सुंदर प्रसाद, संजय मंडल, ओम प्रकाश सिंह, विजय मांझी,चंदन कुमार आदि दर्जनों कार्यकताओं ने बधाई दी है।

# जम्होर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 अगस्त से



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के पुनपुन रोड राधा कृष्ण ठाकुरवाड़ी मंदिर के प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।राधा कृष्ण मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं 16 अगस्त से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भव्य एवं दिव्य माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। 16 अगस्त को संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें ख्याति प्राप्त कलाकारों की सहभागिता होगी।उनके द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव एवं उनके विभिन्न अवतारों पर अपनी प्रस्तुति देंगे। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, घनश्याम प्रसाद खत्री, सुजित कुमार, रवि अग्रवाल, सोमनाथ प्रसाद, अरुण प्रसाद गुप्ता, दुर्गा प्रसाद, रामकुमार पासवान, शुभम कुमार, सुरेंद्र पासवान, रंजीत प्रसाद गुप्ता, अशोक प्रसाद शौंडिक, शिवजी प्रसाद, गौरी प्रसाद, प्रवीण अग्रवाल, गुड्डू गुप्ता, पंकज कुमार, रवि कुमार वर्मा, कौशल कुमार मनीष कुमार, सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि इस बार का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव अद्वितीय एवं ऐतिहासिक होगा।

## राजू वर्णवाल ने आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के लिए कमर कस लेने का आह्वान किया

गया जी।शेरघाटी स्थित होटल में गया जिला एणडीए की दसों विधानसभा के कार्यकताओं की संयुक्त कार्यशाला जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया जी राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की मौजूदगी में बैठक आहूत की गई है, इस बैठक के दौरान बरनवाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के लिए कमर कस लेने का आह्वान किया है। एनडीए सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अब लोगों को प्रत्यक्ष मिलने लगा है।

आगामी विधानसभा चुनाव में गया जिले से दसों विधानसभा की सीट पर एनडीए की ऐतिहासिक जीत होगी।बिहार की सरकार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा की है। प्रधानमंत्री की गरीब जन कल्याण योजना का लाभ बिहार वासियों को मिल रहा है। आने वाले समय में बिहार को और कई सौगात मिलेगी।एनडीए का संकल्प बिहार में विकास और सुशासन रहा है और भविष्य में भी यही रहेगा. एनडीए गठबंधन के लोगों की प्राथमिकता बिहार के विकास की रही है, उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में न केवल एनडीए की जीत होगी बल्कि हम एक नया इतिहास बनाएंगे. एनडीए पूरी तरह एकजुट है, एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेंगे और जीत दर्ज करेंगे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के अंदर हुए विकास की चर्चा आज देश में हो रही है.

# गया नगर में सामुदायिक भवन एवं विद्यालय भवन जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शिलान्यास एवं उद्घाटन

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार डॉ. प्रेम कुमार ने आज गया जिला अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया है।मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वार्ड संख्या 5, वारिसनगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास 11,35,600 की लागत से किया गया है। यह भवन क्षेत्रीय जनता के लिए सामूहिक आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनकल्याण कार्यों का एक सशक्त मंच बनेगा।इसके साथ ही, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास लिमिटेड के माध्यम से गया नगर अंतर्गत कन्या मध्य विद्यालय, कलेर के विद्यालय भवन जीर्णोद्धार कार्य का भी उद्घाटन 8,22,929 की लागत से किया गया है।इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं। क्षेत्र के विकास के लिए यह परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराए जाएंगे।इस मौके पर प्रेम सागर, जिलाअध्यक्ष शंभू यादव, वार्ड पार्षद जयप्रकाश यादव, शिवनारायण चंद्रवंशी, अशोकगुप्ता, कौशलेंद्र सिंह, समीर चटर्जी, गौतम, धीरू, विनोदपासवान, मोहम्मद शाबीर, मोहम्मद पप्पू, डॉ सद्दाम, राजा मुंशी, विनय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे हैं।

# एनडीए का संकल्प है फिर से नीतीश 225: चंदन सिंह



**प्रातः किरण संवाददाता**

गया जी। जदयू वजीरगंज विधानसभा अंतर्गत बी एल ए टूएवं बूथ अध्यक्षों और पंचायत अध्यक्ष का बैठक वजीरगंज प्रखंड अध्यक्ष महेश प्रसाद के अध्यक्षता में मानपुर के निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रभारी सह किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार और प्रदेश मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने किया है।इस बैठक को संबोधित करते हुए चंदन कुमार सिंह ने कहा की आज का बैठक मुख्य रूप से पार्टी के द्वारा बनाए गए बूथ लेवल एजेंट को यह बताना है की बिहार में वोटर लिस्ट का गहन जांच चल रहा है, इसी के तहत सभी बीएलए 2 निर्देश दिया गया की हर बूथ पर जिनके पास 11 पेपर उपलब्ध है उनका नाम न कटे और गलत लोगों का नाम न जुटे।

चंदन सिंह ने कहा की विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है तो एस ई आर को मुद्दा बना रहा है, एनडीए बिहार में 225 सीट और गया की 10 में दसों सीट जीतेगी और 2025 में फिर नीतीश कुमार सीएम बनेंगे।प्रभारी मनोज कुमार ने कहा आज ही सभी बीएलए 2 को बूथ का लिस्ट उपलब्ध करा दिया गया है सभी बूथ के सभी घरों में जाकर सुनिश्चित करें की वैध लोगों का नाम न कटे।इसके साथ ही सभी कार्यकताओं से आह्वान किया गया की घर घर तक जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को प्रचार प्रसार करना है।मीटिंग में निर्णय लिया गया की 2025 फिर से नीतीश और 225 के संकल्प के साथ काम करना है । अभी हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा 125 यूनिट बिजली फ्री देने और बिहार में डोमिसाइल लागू करने, पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 राशि करने जैसे कई योजनाओं को प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया गया है।इस बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, विनोद कुमार, अरविंद सिंह, महिला अध्यक्ष ज्योति दांगी, धर्मेंद्र सिंह उर्फ डुल सिंह, धनंजय शर्मा, सीताराम सिंह, प्रकाश राम, बलिराम चौधरी, सुरेश राव, मधुसूदन राय आदि थे।

# रवींद्रनाथ ठाकुर की पुण्यतिथि पर भाजपा नेता डॉ. मनीष ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**प्रात : किरण संवाददाता**

गया जी।भारत रत्न, विश्वकवि, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान साहित्यकार, दार्शनिक एवं राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चरणों में नमन किया है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव न केवल एक अद्वितीय साहित्यकार थे, बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रबल संवाहक भी थे।डॉ. मिश्रा ने कहा कि ठाकुर ने भारतीय आत्मा की गहराइयों को अपनी लेखनी से उजागर किया और विश्व को भारतीय चिंतन से परिचित कराया। उनकी काव्य रचनाएं, उपन्यास, नाटक और गीत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस कालखंड में थे। उनका लिखा ह्लजन गण मनह्व आज भारतवर्ष की आत्मा को अभिव्यक्त करता है।गुरुदेव की शिक्षा संबंधी सोच, शांति निकेतन की स्थापना और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने का कार्य हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचारों में भारतीयता और वैश्विक दृष्टिकोण का अद्भुत समन्वय था।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज की पीढ़ी को गुरुदेव की रचनाओं और विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है, ताकि हम एक सशक्त, संस्कारित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकें।

उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपील की कि रवींद्रनाथ ठाकुर जी के जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुँचाएं और उनकी प्रेरणा से राष्ट्रसेवा में योगदान दें।, उन्होंने गुरुदेव के चरणों में कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया और उनके अमर विचारों को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

# इनर व्हील क्लब सनराइज द्वारा नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव एवं निवारण को ले जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रातः किरण संवाददाता**




गया कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज के संयुक्त तत्वावधान में ह्लनशीली दवाओं के दुष्प्रभाव एवं निवारणह्व पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एमबीए सभागार में किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति सजग करना एवं उन्हें एक स्वस्थ, नशा-मुक्त जीवनशैली की ओर प्रेरित करना था।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सतीश सिंह चंद्र ने किया है। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि नशीली दवाएं न केवल युवाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं, बल्कि उनके सामाजिक व्यवहार और भविष्य की संभावनाओं को भी गंभीर क्षति पहुंचाती हैं। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम कॉलेज परिसर में नई चेतना और संवाद की दिशा में एक प्रभावी कदम हैं।मुख्य वक्ता डॉ. दीप शिखा काव्या ने विचार व्यक्त करते हुए नशीली दवाओं की लत के मनोवैज्ञानिक, शारीरिक एवं सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने यह बताया कि मजाक या दबाव में शुरू हुआ नशा कैसे जीवन को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने नशे की लत की पहचान, उससे उबरने के उपाय तथा पुनर्वास की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया है। साथ ही उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि यदि किसी मित्र में नशे के लक्षण दिखें तो वे सहानुभूति और सहयोग के साथ उसकी सहायता करें।

डॉ. कृतिका अग्रवाल ने नशे से जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक मिथकों पर प्रश्न उठाया है। उन्होंने कहा कि कई बार युवा गलत जानकारी या साथियों के दबाव में आकर नशे की ओर बढ़ जाते हैं। डॉ. अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई इस दलदल में फंस भी जाए तो आत्म-स्वीकृति, इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन से बाहर निकला जा सकता है।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. सोनम कुमारी ने बांझपन ( से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी गई है। उन्होंने न केवल इसके कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों को स्पष्ट रूप से समझाया, बल्कि छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का भी अत्यंत सहजता एवं दक्षता से समाधान प्रस्तुत किया है। उनकी जानकारी पूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित छात्रों को एक नया दृष्टिकोण दिया है।इस कार्यक्रम से छात्रों को अनेक प्रकार से लाभ हुआ है। उन्हें पहली बार यह समझने का अवसर मिला कि नशा सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि एक सामाजिक और व्यक्तिगत त्रासदी भी है। कई छात्रों ने कहा कि यह सत्र उनके दृष्टिकोण को पूरी तरह बदल देने वाला रहा है।इस कार्यक्रम का संचालन इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज की अध्यक्ष डॉ. निभा जयन के नेतृत्व में हुआ, जिसमें क्लब की ही डॉ. लवली कुमारी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और डेंटल से जुड़े कई पहलुओं पर प्रकाश डाला है।धन्यवाद ज्ञापन आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अरुण गर्ग के द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के पीछे प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष नारायण की मुख्य भूमिका रही है। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग के शिक्षकगण डॉ. सुशांत मुखर्जी, अमृता सिन्हा, अजीत राज, प्रेमपति चखैयार, दीपचंद गुप्ता, साथ ही लाइब्रेरी साइंस के अध्यक्ष डॉ. राशिद नईम एवं अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे हैं।

# एएसीएसबी प्रतिनिधि दौरे के साथ वैश्विक उत्कृष्टता की दिशा में आईआईएम बोधगया का कदम

> प्रबंधन शिक्षा में गुणवत्ता और वैश्विक मानकों के प्रति आईआईएम बोधगया की प्रतिबद्धता

**प्रात : किरण संवाददाता**



गया जी।आईआईएम बोधगया ने 6 अगस्त 2025 को एएसीएसबी एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल्स ऑफ बिजनेस मान्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया, एएसीएसबी दक्षिण एशिया क्षेत्र के प्रमुख श्री प्रताप दास का संस्थान में दौरा हुआ है। इस अवसर ने वैश्विक गुणवत्ता मानकों और प्रभावी शैक्षणिक प्रथाओं को बेहतर ढंग से समझने का अवसर दिया, जिस से प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय ने प्रताप दास का स्वागत किया और संस्थान की प्रमुख प्रत्यायन टीम और प्रशासनिक नेतृत्व के साथ एक केंद्रित संवाद की अगुवाई की है। चर्चा के दौरान कई अहम बातों पर गौर किया गया जैसे इनिशियल सेल्फ-इवैल्युएशन रिपोर्ट आईएसईआर, एएसीएसबी के 2020 व्यवसाय प्रत्यायन मानकों के साथ तालमेल, अब तक की प्रगति रिपोर्टें, पीयर रिव्यू टीम पीआरटी के संभावित दौरे से जुड़ी तैयारियां, और यह कि कैसे निरंतर सुधार से संस्थान की उत्कृष्टता को और मजबूती मिल सकती है। चर्चा के बाद, दास को आईआईएम बोधगया परिसर का विस्तृत दौरा कराया गया, जिसमें प्रज्ञता लर्निंग रिसोर्स सेंटर, अकादमिक ब्लॉक- उरुवेला और अन्य प्रमुख परिसर क्षेत्र शामिल रहें हैं। इस दौरे के दौरान उन्हें संस्थान की संरचना, शैक्षणिक तैयारी और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ है।यह दौरा संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध में उत्कृष्टता और व्यवसाय व प्रबंधन शिक्षा में वैश्विक मानकों के अनुरूप होने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह उपलब्धि आईआईएम बोधगया की एएसीएसबी मान्यता प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहाँ संस्थान निरंतर माइंडफुल और सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार बिजनेस लीडर्स के विकास के लिए प्रयासरत है।

# आदि शंकराचार्य की जन्मस्थली से ज्ञान सभा में शिक्षा परिवर्तन का शंखनाद में भाग लिए जेपीयू के कुलपति

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा सदर। आदि शंकराचार्य की जन्मस्थली से ज्ञान सभा में शिक्षा परिवर्तन का शंखनाद में भाग लेने के बाद जे पी यू के कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार बाजपेई ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं अमृता मेडिकल साइंस के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञान सभा का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने की। इस ज्ञान सभा में उत्तर प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं सांसद, डॉ. दिनेश शर्मा, दिल्ली, उत्तराखंड, पुडुचेरी के शिक्षा मंत्री, सांसद, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष, प्रो. टी. जी. सीताराम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. दीपक श्रीवास्तव सहित 300 से अधिक शिक्षाविदों ने प्रतिभागिता की।

इस ज्ञान सभा में दिनभर चिंतन के बाद शिक्षा में ह्यभारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन करके देश की शिक्षा में भारतीयता को पुनः स्थापित करने का संयुक्त रूप से राष्ट्रीय संकल्प लिया गया और इस हेतु संकल्प-पत्र का लोकार्पण भी किया गया। ज्ञान सभा में देश के सभी उच्च शिक्षा के संस्थानों में दीक्षांत समारोह भारतीयता के अनुरूप मनाने का भी आह्वान किया गया-हर दो वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान सभा के आयोजन का विचार किया गया।

इस वर्ष राज्यों के स्तर पर ज्ञान सभा का आयोजन करने का निर्णय किया गया।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान; आई.आई.टी. भिलाई में दिनांक 30, 31 अगस्त 2025 को सभी आई.आई.टी के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा का तकनीकी शिक्षा में समावेश हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला होगी।

1, 2 नवम्बर 2025 को प्रथम बार पोलिटेक्निक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल में होगी।केरल के शिक्षाविदों की ज्ञान सभा में बोले मोहन भागवत भारत को सोने की चिड़िया नहीं, शेर बनाना है

26 जुलाई को केरल के चुने हुए 200 शिक्षाविदकी कार्यशाला एवं डॉ. मोहन भागवत का शिक्षा में भारतीयता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता केरल के मा. राज्यपाल राजेन्द्र आलेकर ने की। इन दोनों आयोजनों में केरल में शिक्षा की गुणवत्ता विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर चिंतन हुआ। डॉ. भागवत ने विकसित भारत हेतु शिक्षा के भारतीय स्वरूप कैसा हो, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारत को सोने की चिड़िया नहीं शेर बनाना है। क्योंकि आज विश्व शक्ति की पूजा करता है।राष्ट्रीय चिंतन बैठक 25, 26, 27 जुलाई-2025 को चिन्मय इंटरनेशनल फाउंडेशन के शंकराचार्य की जन्मभूमि पर राष्ट्रीय चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। इस चिंतन बैठक के समापन सत्र में उद्बोधन करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने देशभर से आए शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि आदि शंकराचार्य की जन्मभूमि से देशभर में शिक्षा में परिवर्तन का शंखनाद बज चुका है, सब समर्पित होकर इस हेतु अपना-अपना योगदान करें। शिक्षा में परिवर्तन से ही देश विश्वगुरु बन सकता है। इस चिंतन बैठक के उद्घाटन समारोह में भारतीय विश्वविद्यालय संघ की महासचिव डॉ. पंकज मित्तल की विशेष उपस्थिति रही। तीन दिवसीय चिंतन बैठक के अंत में भावी योजना पर विचार किया गया। जिसमें अगस्त-सितम्बर 2025 में प्रत्येक राज्यों में चिंतन बैठकों का आयोजन होगा। इस प्रकार न्यास के 11 विषय, 3 आयाम, 3 कार्य विभाग एवं 2 अभियानों की भी राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन बैठकें आयोजित होगी।

राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक दिनांक 12, 13, 14 अक्टूबर 2025 को पुरी, (उड़ीसा) में आयोजित होगी।राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला दिनांक 25 से 28 दिसम्बर-2025 को सूरत, (गुजरात) में आयोजित होगी।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के द्वारा स्वतंत्र भारत में प्रथम बार केरल में ऐतिहासिक ज्ञान सभा के आयोजन द्वारा देश की शिक्षा में समग्र परिवर्तन का शंखनाद फूंका गया है। जिसके द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शिक्षा में भारतीयता के लिए शीघ्रता से कदम बढ़ाए जाएंगे।

# थोक व खुदरा उर्वरक का कई बिंदुओं पर किया गया जांच

## सरकार द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक बिक्री करने का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। कृषि विभाग मुख्यालय द्वारा गठित दो स्तरीय जाँच टीम द्वारा संयुक्त रूप से जिले 03 थोक उर्वरक प्रतिष्ठान क्रमशः मेसर्स माँ शारदा एजेन्सी, किंजर, मेसर्स सावेली इन्टरप्राईजेज, अन्य तथा 01 थोक बीज प्रतिष्ठान के गोदाम की जाँच की गई। इसके अतिरिक्त ळडद-05 उर्वरक बिक्री करने वाले 05-05 खुदरा प्रतिष्ठान यथा मेसर्स माँ भगवती खाद भंडार, बेलसार (कलेर), मेसर्स इफको बाजार इत्यादि अन्य खुदरा प्रतिष्ठानों के गोदाम की जाँच की गई। जाँच के क्रम में पाया गया कि सभी प्रतिष्ठानों के गोदाम में भौतिक रूप से संरक्षित उर्वरक की मात्रा एवं क्र्रद्दर पोर्टल/ढङ्गर में अंकित मात्रा में एकरूपता पाई गई। प्रतिष्ठान का भंडार पंजी एवं बिक्री पंजी अद्यतन पाया गया। प्रतिष्ठान के गोदाम के बाहर बोर्ड लगा हुआ पाया गया। स्टॉक बोर्ड पर उर्वरक का मूल्य एवं मात्रा लिखा हुआ पाया गया। सभी संबंधित प्रतिष्ठान को निदेश दिया गया कि उर्वरक सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही बिक्री की जाय। मूल्य से अधिक राशि वसूली करने वाले प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश मुख्यालय से आये पदाधिकारी सहायक निदेशक (शष्प), जैविक खेती द्वारा दिया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, अरवल द्वारा उपस्थित किसानों एवं आम जन के लिए बताया गया कि उर्वरक क्रय करने या निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य वसूली करने वाले प्रतिष्ठान की शिकायत अपने प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी/ अनुमंडल कृषि पदाधिकारी / जिला कृषि पदाधिकारी को या कृषि विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर 0612-2233555 पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जाँच में अमरेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (शष्प), संजू लता, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, मिथिलेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, श्रीमति स्वेता रानी सिंह, कृषि समन्वयक, कलेर एवं संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया हत्या कांड का खुलासा



प्रातः किरण संवाददाता

लहलादपुर। जनता बाजार थाना में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉक्ट कुमार आशीष ने बताया कि पांच अगस्त को हुइ एक युवक की हत्या का खुलासा किया.। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त को सेंदुआर गांव के समीप शेख नेहाल उर्फ कल्लू की हुई हत्या का कारण प्रेम प्रसंग बताया जाता है। इस हत्या कांड में दो अभियुक्तों को पकड़ा गया है, जिसमें जनता बाजार थाना क्षेत्र के ही लहलादपुर गांव निवासी सरोज साह का पुत्र समीर कुमार तथा सेंदुआर गांव के नरसिंग राम का पुत्र भुअर राम उर्फ सुरेश राम शामिल है. ये दोनों अपने अन्य दो दोस्तों के साथ मिलकर मृतक की निर्मम हत्या गला रेतकर किया था. उन्होंने बताया कि एसडीपीओ राजकुमार के नेतृत्व में लगातार छापामारी कर हत्या में प्रयुक्त किये गये चाकू के साथ दोनों अपराधियों को पकड़ा गया, जबकि अन्य दो को धर दबोचने के लिये छापामारी जारी है। एसपी ने बताया कि पकड़े गये दोनों अपराधियों के अपराधिक इतिहास है, जिसमें समीर पर हत्या का प्रयास करने तथा भुअर उर्फ सुरेश पर मादक पदार्थ बेंचने के आरोप में जेल भेजा जा चूका था. छापामारी दल में थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

विदित हो कि चौबीस घंटे के अंदर शेख नेहाल के हत्यारे को पुलिस के धर दबोचने से क्षेत्र में आम जनता सारण पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा कर रही है तथा घटना के बाद तुरंत-तुरंत दो बार आने से उन्हें धन्यवाद दे रही है.

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर मांझी विधानसभा के बीएलए 2 की हुई समीक्षा बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



मांझी। मांझी नगर पंचायत के माली टोला स्थित जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अख्तर अली के आवासीय परिसर में गुरुवार को जदयू कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर मांझी विधानसभा के बीएलए 2 की समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने किया। मुख्य अतिथि बैकुंठपुर के पूर्व विधायक मंजीत सिंह ने कहा कि मांझी विधानसभा में कुल 363 मतदान केंद्र पर बी एल ए वन एवम बी एल ए टू नियुक्त किये गए हैं जबकि पहले मांझी विधानसभा में मात्र 307 बूथ थे। लेकिन चुनाव आयोग द्वारा 66 नए बूथ बनाये गए हैं। जदयू द्वारा बढ़े हुए बूथों पर भी बीएलए 2 बना दिया गया है और जिला निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पूर्व में जमा कराए गए बीएलए 2 फॉर्म पर भी बूथ संख्या आदि ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि मृत, दोहरी प्रविष्टि, स्थाई रूप से पलायित व्यक्तियों की पड़ताल कर जो मतदाता सूची को बनाई गयी है उसमें जरूरत के अनुरूप संशोधन में बीएलए 2 निर्वाचन आयोग की मदद करेंगे। बैठक में पूर्व मंत्री गौतम सिंह,पूर्व विधायक रणधीर सिंह,जिप सदस्य फूल सिंह,मांझी विधानसभा प्रभारी संतोष कानन,पूर्व मुखिया विजय सिंह,पूर्व उप प्रमुख राम कृष्ण सिंह,गुड्डू सिंह,निरंजन सिंह,एस बाबा,प्रभुनाथ महतो,संतोष सिंह,कविता सिंह तथा जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे। मंच संचालन अख्तर अली ने किया।

# 90 वर्षीय वृद्ध की जमीन पर जबरन कब्जा, उपमुखिया पर फर्जी कागजात बनाने का आरोप



गया (बोधगया)। बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी नावा शादीपुर, गाफा खुर्द निवासी 99 वर्षीय वृद्ध रामानंद गिरी अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। रामानंद गिरी का आरोप है कि गाफा खुर्द पंचायत के उपमुखिया शंकर यादव ने फर्जी कागजात बनवाकर उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है।रामानंद गिरी ने बताया कि 18 मार्च 1974 को उनके पिता ने रामस्वरूप भारती एवं तपेश्वर भारती से जमीन की खरीददारी की थी, जिसका खाता संख्या (नया) 62, (पुराना) 11 और प्लॉट संख्या 292/293 है। यह जमीन अब उपमुखिया शंकर यादव द्वारा जबरन कब्जा कर ली गई है।वृद्ध रामानंद गिरी का कहना है कि जब भी वे अपनी जमीन पर जाते हैं, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती है। उन्होंने इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक, गया एवं जिला पदाधिकारी, गया से लिखित शिकायत करते हुए जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।रामानंद गिरी ने प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उनकी जमीन को कब्जा मुक्त कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## पुलिस महानिरीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

गया जी।गया जी आज दिनाक सात 2025 को औरंगाबाद जिला अन्तर्गत ओबरा थाना के ग्राम सदीपुर तकिया निवासी रजन चोधरी ने पुलिस उपाधीक्षक प्रशासन पुलिस महानिरीक्षक कार्यलय गया जी से मिलकर पुलिस महानिरीक्षक को संबोधित एक आवेदन पत्र सोपा है। जिसमें इन्होंने आरोप लगाया है कि विगत आठ जुन की रात्री में इनके छत पर चढ़कर जान मारने की नीयत से इनपर जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया गया तथा इनकी मां,पत्नी,पुत्री को बुरी तरह से पीठाई की गई है। पुलिस हेल्पलाइन 112 की पुलिस इन्हें अस्पताल ओबारा ले जाकर भर्ती की। इनके आवेदन पत्र पर ओबरा थाना कांड सं 206/2025 मामुली धाराओ पर दर्ज की गई पर दोषियों को बचाने और प्रोत्साहित करने के लिए कांड सं 209/2025 गम्भीर धाराओ में दर्ज दिया गया है। रंजन चौधरी ने बताया कि वह औरंगाबाद के एस पी से मिलकर आवेदन दे चुके है।पर इनके आवेदन पर वरिय पुलिस पदाधिकारी से घटना स्थल की जांच नही कराई गई है। जिससे चौधरी को पूनः हमलवारों से जान माल को खतरा है। चौधरी ने अपने आवेदन में कांड संख्या 286/025 मे धारा 109,304,329, वी एन एस जोडनै एवं फजी कांड संख्या 209/025 को जांचोपरांत समाप्त करने तथा झुठा मामला दर्ज करने के विरुद्ध कार्रवाई करते की मांग की है।

## मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का हो रहा है तुरंत निपटारा

छपरा कोर्ट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं मध्यस्थता सुलह परियोजना समिति उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली तथा बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के निर्देश के आलोक में विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम राष्ट्र के लिए मध्यस्थता का आयोजन 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक आयोजित की गई है। जिसके तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पुनीत कुमार गर्ग के निर्देश पर 90 दिवसीय विशेष अभियान पूरे छपरा जिले में चलाया जा रहा है। जिसके तहत छह अगस्त को तीन मामलों का निष्पादन प्रशिक्षित मध्यस्थ पूर्णेन्द्र रंजन एवं अधिवक्ता विधान चंद के द्वारा किया गया। इनमें से दो मामले प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय एवं एक मामला न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी छपरा के न्यायालय का था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ब्रजेश कुमार के द्वारा सभी मध्यस्थों के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन एवं अन्य बिंदुओ पर विचार विमर्श किया गया उन्होंने सारण के आम जनों से अपील की कि मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का मध्यस्थता केंद्र छपरा से समाप्त कर इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं।इस अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन मध्यस्थता के माध्यम से करना है।

## राजेन्द्र कॉलेज परीक्षा केंद्र शांतिपूर्ण प्रारम्भ हुई बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा संचालित हो रहे हैं बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हुई। जेपीविवि परिसर स्थित परीक्षा भवन एवं राजेन्द्र कॉलेज परीक्षा केंद्र पर छपरा, सिवान एवं गोपालगंज जिले के विभिन्न बीएड कॉलेज के परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। राजेन्द्र कॉलेज परीक्षा केंद्र पर विभिन्न विषयों के कुल 673 परीक्षार्थियों की परीक्षा संचालित हुई। परीक्षा के दौरान केंद्राधीक्षक सह महाविद्यालय प्राचार्य डॉ उदय शंकर पांडेय एवं संयुक्त केंद्राधीक्षक डॉ प्रशांत कुमार सिंह परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु परीक्षा का गहन निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि प्रथम दिन हिंदी, इंग्लिश, उर्दू, हिस्ट्री, मैथ, बायोलॉजिकल साइंस, फिजिकल साइंस, कंप्यूटर साइंस, होमसाइंस, सिविक्स, जॉग्राफी, संस्कृत, इकोनॉमिक्स आदि विषयों की परीक्षा संचालित हुई। कॉलेज परीक्षा नियंत्रक डॉ परेश कुमार द्वारा परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। वही पूर्व में जारी परीक्षा प्रोग्राम को संशोधित कर आगामी 10 अगस्त की परीक्षा को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा 13 अगस्त को संचालित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## 7 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाएगी भाजपा: रणजीत



छपरा कार्यालय भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में भाजपा मुख्य कार्यालय पर जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री की आवश्यक बैठक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि 7 से 15 अगस्त तक भाजपा हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाएगी, जिसमें हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराना है, सभी घरों पर तिरंगा लगाना है एवं युवा मोर्चा के साथियों द्वारा सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा निकालना है। इस अवसर पर हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीदों को पुष्पांजलि एवं उनका अभिनंदन भी करना है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह, विकास गुप्ता, श्याम सुंदर प्रसाद, कृष्णा राम, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, जिला मंत्री राजीव सिंह, अर्द्धेन्दु शेखर,जितु कुमार, विद्यावती मिश्रा,अभय कुमार,शुभम वर्मा,सत्यानंद सिंह,नीलम सिंह सहीत सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष,मंडल महामंत्री एवं मंडल कार्यक्रम संयोजक उपस्थित थे।

# विधायक जितेंद्र राय को राखी बांध कर महिलाओं ने जताया विश्वास

- विधायक बोले- तेजश्वी की सरकार बनी तो माई-बहिन मान योजना के तहत हर महिला को मिलेगा 2500 रुपये
- भ्रष्टाचार, अपराध और बेरोजगारी पर बोला हमला

प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के मीजापुर पंचायत में रक्षा बंधन के पूर्व सोमवार को एक विशेष महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राजद विधायक जितेंद्र राय ने की, जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने विधायक जितेंद्र राय को राखी बांधकर उनके प्रति विश्वास और समर्थन जताया।इस अवसर पर विधायक जितेंद्र राय ने महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर माई-बहिन मान योजना के तहत प्रदेश की प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 2500 रुपये दिए जाएंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को बढ़ाकर 1500 रुपये करने की बात उन्होंने कही। उन्होने कहा कि 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी।विधायक ने कहा, हमारी पार्टी वादा निभाने में विश्वास रखती है। हमने जो कहा है, उसे करके दिखाया है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि मढ़ौरा प्रखंड में 165 और नगरा प्रखंड में 22 सड़कों का निर्माण कराया गया है। बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चार नए पावर सब स्टेशन बनवाए गए हैं, जबकि पहले केवल एक था।

### शिक्षा और खेल में भी विकास

विधायक ने कहा कि कभी मढ़ौरा में सिर्फ एक निजी इंटर कॉलेज था, लेकिन आज क्षेत्र के 21 पंचायतों में इंटर कॉलेज संचालित हो रहे हैं। बतौर खेल मंत्री रहते हुए उन्होंने ह्लमेडल लाओ, नौकरी पाओह्व योजना की शुरूआत की थी, जिससे कई खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिली।

### सरकार पर साधा निशाना

राजद विधायक ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार और भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकारी दफ्तरों में काम करवाने के लिए घूस देना आम हो गया है। हत्या, लूट, अपहरण और बलात्कार जैसी घटनाएं रोजाना सामने आ रही हैं, जिससे आम लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि उपमुख्यमंत्री रहते हुए तेजस्वी यादव ने केवल 17 महीने के कार्यकाल में 5 लाख से अधिक नौकरियों का सृजन किया, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले तंज कसते हुए कहा था कि तेजस्वी नौकरी देने के लिए पैसा अपने बाप के पास से लाएंगे।कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं, जिन्होंने विधायक से अपने क्षेत्र के विकास और महिला सम्मान की दिशा में उठाए गए कदमों के लिए आभार जताया।

## सांसद रूडी ने की पहल अधिकारियों ने कटाव का लिया जायजा

छपरा कार्यालय।सोनपुर प्रखंड के शिकारपुर बांध मे रात को जोड़ा मंदिर रुदल सिंह के घर के पास हो रहे रिसाव की सूचना ग्रामीणों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी को दी जिसके बाद सांसद ने गंभीरता से लेते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारी से बात कर अभिलम्ब बचाव कार्य शरू करवाने की बात कही जिसके बाद तुरंत सुचना मिलते ही भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश और जल संसाधन विभाग एसडीओ मनोज कुमार जैई अनूप सिंह ने पहुंच कर कटाव का जायजा लिया और रिसाव को रोकने का कार्य भी शरू हो गया और काफी तेजी से रात मे भी जरनेटर चलाकर तेजी से कार्य हो रहा है जिससे जितना जल्दी रिसाव को रोका जा सके इससे होने वाली बड़ी अप्रिय घटना टल गई इसके लिए सभी अधिकारी भी लगे हुए है । इस अवसर पर रुदल सिंह भूषण सिंह पूर्व रजिस्टार शैलेन्द्र सिंह भाजपा नेता पप्पू सिंह पंकज सिंह रिटायर्ड फ्द्धऋराम दहीन सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

## प्रमंडलीय कार्यक्रम में अरवल के शिक्षकों को किया गया सम्मानित



अरवल द बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर द्वारा आयोजित प्रमंडलीय सम्मान समारोह में अरवल जिले के कई शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह समारोह शिक्षकों की समाज में भूमिका और योगदान को पहचान देने हेतु आयोजित किया गया था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. सिद्धअर्थ थे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। डॉ. सिद्धअर्थ ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं और उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में प्रियांका कुमारी, रवीरंजन कुमार, पूजा कुमारी, नीलम कुमारी, धनअंजय कुमार, रीता दयाल, मायाशंकर कुमार, इशरत बनो और सुफरा आलिया का नाम प्रमुख रूप से शामिल है।इन सभी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, विद्यार्थियों में सकारात्मक बदलाव लाने की भूमिका और सामाजिक सरोकारों में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।समारोह में शिक्षकों की सराहना की। यह कार्यक्रम अरवल जिले के शिक्षा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण था।

# 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन करने मढ़ौरा पहुंचे मंत्री मंटू सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा। बिहार के विकास में बाधक बनने वाले दल और नेता को जनता उखाड़कर फेंक देगी। यह बात गुरुवार को बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने मढ़ौरा प्रखंड परिसर में नवनिर्मित 20 सूत्री कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा की बिहार के लोग सड़क बिजली सहित अन्य क्षेत्रों में विकास की रफ्तार को देख चुके हैं और अगर कोई पार्टी या किसी दल का नेता बिहार के विकास की रफ्तार में ठोकर बनने की कोशिश करेगा तो उसे यहां की जनता उखाड़कर फेंक देगी। उन्होंने कहा कि विकसित मढ़ौरा और विकसित बिहार के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि वे जनता और सरकार के बीच का एक सेतु हैं और वे आम जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के अपने दायित्व को समझ रहे हैं। उन्होंने विकसित बिहार के लिए विकसित पंचायत, विकसित प्रखंड और विकसित जिले का निर्माण करने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र राज्य या राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए पुरुषों से कम महिलाओं की भागीदारी नहीं होती है।इसलिए नारी शक्ति को भी इस कार्य में आगे आना होगा। मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार को एक व्यक्ति नहीं बल्कि विचारधारा करार देते हुए कहा कि इस बार के कैबिनेट ने बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्र में ई लाइब्रेरी की स्थापना के लिए करीब 95 करोड रुपए को स्वीकृत किया है। मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर और सोफिया कुरैशी के पराक्रम की चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने नीतीश कुमार की साइकिल योजना की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा में ऐसी ताकत है की साधारण व्यक्ति भी बड़े-बड़े लोगों के आंखों में आंखें डालकर बात कर सकता है। उन्होंने अपने फंड से मढ़ौरा अंबेडकर पार्क में बनाए गए सीढ़ी की चर्चा करते हुए कहा कि एनडीए के नेता, मंत्री जो बात बोलते हैं उसे पूरा करके दिखाते भी हैं।

# अस्पताल उद्घाटन के बाद निरीक्षण करने पहुंचे स्थानीय विधायक



प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा। अनुमंडलीय अस्पताल मढ़ौरा के उद्घाटन होने के एक दिन बाद गुरुवार को स्थानीय विधायक व पूर्वमंत्री जितेंद्र कुमार राय ने अस्पताल का भ्रमण कर रियलिटी चेक किया।

पूर्वमंत्री के निरीक्षण के दौरान अस्पताल से डॉक्टरो और अधिकांश कर्मचारियों को गायब पाया। अस्पताल निरीक्षण के बाद मीडिया कर्मियों से बात करते हुए पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार राय ने कहा कि उन्होंने दो बजे के आसपास मढ़ौरा के नवनिर्मित अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। उस वक्त मेन गेट बंद था और अधिकांश डॉक्टर कर्मचारी अस्पताल से गायब थे। इस दौरान असोइया निवासी विद्या लाल नामक एक बुजुर्ग मरीज ने विधायक से डॉक्टर के नहीं होने और दवा नहीं मिलने की भी शिकायत की। पूर्वमंत्री ने कहा कि चुनाव को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री नए अस्पताल का आनन-फानन में उद्घाटन कर दिया किंतु इस अस्पताल में अनुमंडलीय अस्पताल की जरूरी कोई भी सुविधा मौजूद नहीं है।

उन्होंने सरकार से अनुमंडलीय अस्पताल में विभिन्न डिपार्टमेंट के विशेषज्ञ डॉक्टर के साथ अन्य कर्मचारी और टेक्नीशियन आदि को तैनात करने की मांग करते हुए कहा कि वे अनुमंडलीय अस्पताल भवन और इसमें मौजूद सुविधाओं से संतुष्ट नहीं है।

## कुर्था पुलिस ने थाना क्षेत्र में घूम-घूम कर जमानत पर छूटे अपराधियों का किया सत्यापन

कुर्था, स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में घूम-घूम कर जमानत पर छूट पूर्व के हत्या डकैती लूट कांड आर्म्स एक्ट ब शराब कारोबार समेत विभिन्न कांडों के अपराधी जो न्यायालय से जमानत पर रिहा किए गए हैं वैसे अपराधियों के घर-घर जाकर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार समेत विभिन्न पुलिस कर्मियों के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अरवल पुलिस अधीक्षक डॉ0 इनामुल हक मैगनु के निर्देश पर थाना क्षेत्र के विभिन्न हत्या डकैती लूट आर्म्स एक्ट शराब कारोबारी समेंत विभिन्न कांडों के अपराधियों के घर जा जाकर भौतिक सत्यापन किया गया साथ ही उन अपराधियों को निर्देश दिया गया कि इन आपराधिक मामलों को छोड़कर मुख्य धारा में लौटे इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावा कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## रेलवे पुल के पास अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मांझी। माझी थाना पुलिस ने शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार की देर शाम मांझी रेल पुल के समीप रामघाट से दो शराब तस्करों को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के पारु थाना क्षेत्र के कोआरी गांव निवासी बच्चा चौधरी के पुत्र टिंकू कुमार तथा मनियारी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर आलम गांव निवासी अजय ठाकुर के पुत्र नेहाल कुमार के रूप में हुई है।बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप रामघाट के रास्ते पार की जा रही है, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। थानाध्यक्ष अविनाश झा ने बताया कि यह शराब तस्करी का एक संगठित नेटवर्क हो सकता है जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों तस्करों से पूछताछ की जा रही है ।

# ब्रैंडन टेलर 42 महीने बैन के बाद टेस्ट खेलने उतरे

## आईसीसी से स्पॉट फिक्सिंग की जानकारी छिपाई थी ; जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी



**हरारे (एजेंसी)।** आईसीसी का बैन पूरा होने के बाद जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर ली है। वे शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेलने उतरे। टेलर को 30 जुलाई को टीम में शामिल किया गया था। 39 साल के टेलर पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने एंटी करप्शन और एंटी डोपिंग नियम तोड़ने के लिए साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया था। टेलर को जनवरी 2022 में एक भारतीय व्यवसायी ने 2019 में स्पॉट फिक्सिंग के लिए संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इसकी सूचना एंटी करप्शन यूनिट को नहीं दी।टेलर को उस समय कोकीन के सेवन से जुड़ी डोप जांच में विफल होने के कारण भी एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। उन पर 2019 में 15,000 अमेरिकी डॉलर लेने की बात स्वीकार करने के आरोप थे।प्रतिबंध लगने से पहले टेलर लाल गेंद के क्रिकेट में शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने अपनी पिछली तीन टेस्ट पारियों में क्रमशः 92, 81 और 49 रन बनाए थे।ब्रैंडन टेलर जिम्बाब्वे की ओर से ओपन करने उतरे।बुलवायो में चल रहे इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की ओर से 3 खिलाड़ियों ने टेस्ट डेब्यू किया है, इनमें जैकब डफी, मैट फिशर और जैक फैल्कस शामिल हैं। डफी 289, फिशर 290 और फैल्कस को 291 नंबर की टेस्ट कैप मिली।टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। फिलहाल, टीम 2 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है। न्यूजीलैंड ने पहला मुकाबला 9 विकेट से जीता था।

# रोहित ने जायसवाल को मुंबई में ही बने रहने की सलाह दी, अध्यक्ष नाइक का बड़ा खुलासा



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल को घरेलू क्रिकेट के लिए गोवा जाने के बजाय मुंबई के साथ बने रहने के लिए मनाने में अहम भूमिका निभाई। यह खुलासा तब हुआ जब यशस्वी जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी (एनओसी) लिया, जिसके बाद उन्होंने मुंबई टीम छोड़कर गोवा जाने का फैसला किया।हालांकि जायसवाल ने आश्चर्यजनक रूप से यू-टर्न लेते हुए घरेलू प्रतियोगिता के लिए मुंबई टीम के साथ बने रहने का फैसला किया है। 23 वर्षीय इस खिलाड़ी के मन बदलने का कारण किसी को पता नही था, लेकिन अब मुंबई मिरर की एक रिपोर्ट ने इस मामले पर स्पष्टता प्रदान किया है। रिपोर्ट के अनुसार जायसवाल को मुंबई के साथ बने रहने के लिए मनाने वाले कोई और नही बल्कि रोहित ही है और इस बात का खुलासा एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने किया।नाइक के कहा, रोहित ने यशस्वी से अपने करियर के इस पड़ाव पर मुंबई में ही बने रहने को कहा। रोहित ने यशस्वी को समझाया कि मुंबई जैसी टीम के लिए खेलना बहुत गर्व और प्रतिष्ठा की बात है, जिसने रिकॉर्ड 42 बार रणजी ट्रॉफी जीती है।उन्होंने आगे कहा, मुंबई में ही उसने मैदान पर क्रिकेट खेलना शुरू किया और फिर मुंबई की सभी आयु वर्ग की टीमो के लिए चुना गया। रोहित ने यशस्वी से यह भी कहा कि उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि मुंबई क्रिकेट की वजह से ही उसे अपनी प्रतिभा दिखाने और भारत के लिए खेलने का मंच मिला, और इसके लिए उसे इस शहर का आभारी होना चाहिए।

# घर गिरवी रखकर एवरेस्ट पर चढ़ा, 'अनदेखी' से शीर्ष खेल पुरस्कार से चूका पर्वतारोही

**इंदौर(एजेंसी)।** वर्ष 2017 में महज 20 साल की उम्र में दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले मध्यप्रदेश के पर्वतारोही मधुसूदन पाटीदार ने आरोप लगाया कि अफसरों की अनदेखी से वह राज्य के सबसे बड़े खेल अलंकरण 'विक्रम पुरस्कार' से चूक गए। पाटीदार की याचिका पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली राज्य की अन्य पर्वतारोही भावना डेहरिया को साहसिक खेलों की श्रेणी में वर्ष 2023 का विक्रम पुरस्कार प्रदान किए जाने पर मंगलवार (पांच अगस्त) को अंतरिम रोक लगा दी थी।

उच्च न्यायालय ने यह स्थगन आदेश सूबे की राजधानी भोपाल में राज्य सरकार के शिखर खेल अलंकरण समारोह के आयोजन के चंद घंटे पहले जारी किया था। इस आयोजन के दौरान ही मंगलवार शाम डेहरिया को साहसिक खेलों की श्रेणी में विक्रम पुरस्कार प्रदान किया जाना था, लेकिन अदालत के आदेश के मद्देनजर इस श्रेणी में पुरस्कार वितरण नहीं किया गया। पाटीदार (29) ने इंदौर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि वह महज 20 साल की



उम्र में 21 मई 2017 को माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचे थे और इस बेहद मुश्किल पर्वतारोहण अभियान के खर्च के इंतजाम के लिए उन्हें अपना घर गिरवी रखकर कर्ज लेना पड़ा था जिसकी किस्तें वह अब भी चुका रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'प्रदेश में साहसिक खेलों की श्रेणी में पहला विक्रम पुरस्कार 2021 के लिए दिया गया था। वर्ष 2022 के लिए किसी भी खिलाड़ी को इस श्रेणी में यह पुरस्कार नहीं दिया गया। 2023 के 'विक्रम पुरस्कार' (साहसिक खेल श्रेणी) के लिए डेहरिया का नाम घोषित कर दिया गया, जबकि वह मेरे दो साल बाद 2019 में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंची थीं। पाटीदार ने आरोप लगाया कि सरकारी अफसरों ने पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनकी वरिष्ठता की अनदेखी की जिसके कारण वह अब तक 'विक्रम पुरस्कार' से वंचित हैं।

उधर, डेहरिया (33) ने कहा कि तमाम पैमानों पर खरे उतरने के बाद ही उनका नाम 'विक्रम पुरस्कार' के लिए घोषित किया गया था और सूबे का सबसे बड़ा खेल अलंकरण ऐन मौके पर हाथ से फिसल जाने के कारण वह बेहद दुःख और मानसिक पीड़ा से गुजर रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं रिहर्सल के बाद राज्य सरकार के शिखर खेल अलंकरण समारोह में 'विक्रम पुरस्कार' लेने पहुंच गई थी, लेकिन ऐन मौके पर खेल विभाग के अधिकारियों ने मुझे उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बारे में जानकारी दी।

आप समझ ही सकते हैं कि बिना 'विक्रम पुरस्कार' लिए घर लौटने पर मेरी और मेरे परिवार के लोगों की स्थिति क्या रही होगी? डेहरिया ने कहा कि उन्हें अदालत से न्याय मिलने का पूरा भरोसा है। 'विक्रम पुरस्कार' पर दावे को लेकर पाटीदार की याचिका पर उच्च न्यायालय में 17 सितंबर को अगली सुनवाई होनी है। प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने राजपत्र में प्रकाशित 'मध्यप्रदेश पुरस्कार नियम 2021 के हवाले से बताया कि साहसिक खेलों की श्रेणी में वे खिलाड़ी शासकीय पुरस्कार के आवेदन के पात्र होते हैं जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में साहसिक खेल गतिविधियों में निरंतर भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विशेष उपलब्धि अर्जित की हों।

अधिकारी के मुताबिक इन नियमों में यह भी कहा गया है कि साहसिक खेल श्रेणी में पुरस्कार की अनुशंसा 'उपलब्धि और वरिष्ठता' के आधार पर की जाएगी। 'विक्रम पुरस्कार', राज्य का सबसे बड़ा खेल अलंकरण है जिसे वर्ष 1972 से प्रदान किया जा रहा है। अलग-अलग खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 वरिष्ठ खिलाड़ियों को 'विक्रम पुरस्कार' से नवाजा जाता है। 'विक्रम पुरस्कार' से सम्मानित किए जाने वाले हर खिलाड़ी को 2 लाख रुपए और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। 'विक्रम पुरस्कार' से सम्मानित खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करके शासकीय सेवा में नियुक्ति भी दी जाती है।

# इंडिया दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम का किया ऐलान

## कोंस्टास-मैकस्वीनी को जगह मिली, हैरिस-बैनक्रॉफ्ट बाहर, 16 सितंबर से सीरीज

**सिडनी (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंडिया टूर के लिए ऑस्ट्रेलिया ए का ऐलान कर दिया है। टीम में पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टेस्ट डेब्यू कर चुके सैम कोंस्टास, नाथन मैकस्वीनी, ओलिवर पीक और कैंपबेल केलावे को शामिल किया है। श्रीलंका दौरे में टीम का हिस्सा रहे जेक वेदराल्ड, जेसन सांघा और कर्टिस पैटरसन को मौका नहीं मिला। इतना ही नहीं, टेस्ट अनुभव रखने वाले ओपनर्स मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मैट रेनशॉ को बाहर रखा गया है।

ऑस्ट्रेलिया की युवा टीम सितंबर महीने में भारत का दौरा करेगी। 16 सितंबर से शुरू हो रहे दौरे में दो 4 दिनी मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियन सिलेक्टर्स अपने युवा खिलाड़ियों भारत में खेलने का अनुभव दिलाना चाहते थे, ताकि 2027 में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में इसका फायदा मिल सके।

19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने फिफ्टी लगाई। इसी मैच में कोहली ने उन्हें धक्का मारा था और बहस भी की थी।नाथन मैकस्वीनी ने ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्हें खराब प्रदर्शन के कारण ड्रॉप कर दिया गया था।

### एशेज के लिए टीम का चयन शेफील्ड शील्ड के आधार पर

चयनकर्ताओं का कहना है कि भारत में यह सीरीज आगामी एशेज चयन को प्रभावित नहीं



करेगी। एशेज के लिए टीम का चयन अक्टूबर में शुरू होने वाले शेफील्ड शील्ड के शुरुआती तीन राउंड के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा- उपमहाद्वीप में खेलना चुनौतीपूर्ण होता है। हम चाहते हैं कि खिलाड़ी बार-बार इन परिस्थितियों में खेलकर अपनी तकनीक और रणनीति विकसित करें।

### टॉड मर्फी और कूपर कॉनॉली भी टीम में शामिल

टेस्ट स्पिनर टॉड मर्फी, जिन्होंने 2023 में भारत के खिलाफ डेब्यू पर 7 विकेट लिए थे, को भी टीम में शामिल किया गया है। उनके साथ ऑफस्पिनर कोरी रोचिचिओली को भी मौका मिला है। लेफ्ट आर्म ऑलराउंडर कूपर कॉनॉली, जिन्होंने श्रीलंका में टेस्ट डेब्यू किया था, भी इस दौरे में रहेंगे।वहीं, तेज गेंदबाज लांस मॉरिस, जेवियर बार्टलेट और फर्गस ओ-नील भी टीम में हैं। जोश फिलिप एकमात्र विकेटकीपर हैं।

### 4 दिवसीय सीरीज के बाद वनडे भी खेलेंगे

चार दिवसीय मैचों के बाद कुछ खिलाड़ी कानपुर में तीन वनडे मैच भी खेलेंगे। कूपर कॉनॉली, मर्फी, हार्डी, एडवर्ड्स और स्कॉट वनडे टीम में भी रहेंगे, जबकि बाकी खिलाड़ी भारत से लौटकर शील्ड सीजन में खेलेंगे।

वनडे टीम में जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर, विल सदरलैंड, टैनवीर संगा, और लॉकी शॉ जैसे युवा चेहरे शामिल हैं। फ्रेजर-मैकगर्क को पहली बार लिस्ट ए में विकेटकीपिंग का मौका मिल सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया ए चार दिवसीय टीम

जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, एरॉन हार्डी, कैंपबेल केलावे, सैम कोन्स्टास, नाथन मैकस्वीनी, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, फर्गस ओ-नील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोक्कीचोली, लियाम स्कॉट।

### ऑस्ट्रेलिया ए वनडे टीम

कूपर कोनोली, हैरी डिक्सन, जैक एडवर्ड्स, सैम इलियट, जैक फ्रेजर-मैकगर्क, एरॉन हार्डी, मैकेंजी हार्वे, टॉड मर्फी, तनवीर सांघा, लियाम स्कॉट, लैची शॉ, टॉम स्ट्रेकर, विल सदरलैंड, कैलम विडलर।



# हिसार की इंटरनेशनल रेसलर पूजा की बिजनेसमैन से सगाई, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट को हरा चुकीं

**हिसार (एजेंसी)।** हरियाणा की इंटरनेशनल रेसलर पूजा ढांडा ने बिजनेसमैन अभिषेक बूरा से सगाई कर ली है। गुरुवार को हिसार में तोशाम रोड पर स्थित ताज पैलेस में दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाई। इससे पहले पूजा और अभिषेक ने फोटोशूट भी कराया। 13 नवंबर को इसी पैलेस में इनकी शादी होगी।

पूजा अरेंज मैरिज कर रही हैं। उनके पिता अजमेर ढांडा ने रिश्ता तय किया है। इससे पहले 23 फरवरी को रोके की रस्म हुई थी। पूजा फिलहाल हिसार के सुंदर नगर में रह रही हैं और हिसार में बतौर सीनियर कुश्ती ट्रेनर अपनी सेवाएं दे रही हैं।

पिता अजमेर ढांडा पशुपालन विभाग से ड्राइवर रिटायर्ड हुए थे। हिसार के महावीर स्टेडियम से पूजा ने कुश्ती की शुरुआत की थी। आज वह इस स्टेडियम में बच्चों को कुश्ती की ट्रेनिंग देती हैं। पूजा की मां कमलेश ढांडा गृहिणी हैं।पूजा ढांडा ने यूथ ओलिंपिक में भारत के लिए रजत पदक भी जीता था। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीत चुकी हैं। उन्होंने दंगल फिल्म का ऑफर ठुकराया था।

जूडो से की शुरुआत बाद में कुश्ती में आई- हिसार जिले के गांव बुडाना की रहने वाली पूजा शुरुआती दिनों में अपने पिता अजमेर ढांडा के साथ दौड़ने जाया करतीं थीं। वहीं से खेल को लेकर इनमें रुचि बढ़ती गई। आगे चलकर इन्होंने खेल को ही अपना करियर बनाया। पूजा ढांडा ने जूडो से अपने खेल जीवन की शुरुआत की। जूडो में पूजा ने नेशनल लेवल पर कई मेडल अपने नाम किए। साथ ही इंटरनेशनल लेवल पर भी 3 मेडल हासिल किए हैं।

# वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इस बार तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की वनडे टीम में वापसी हुई है। अल्जारी जोसेफ को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी आराम दिया गया था। टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें लगातार ब्रेक दे रहा है। वहीं, रोमारियो शेफर्ड ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में वनडे मैच खेला था। इस साल इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा नहीं थे। वेस्टइंडीज फिलहाल वनडे रैंकिंग में 10वें स्थान पर है और उनकी नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए डायरेक्ट क्वालिफिकेशन हासिल करने पर है। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा,पाकिस्तान एक अलग तरह की चुनौती है। उनके खिलाफ खेलने से हमें अहम रैंकिंग अंक मिल सकते हैं जो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए जरूरी हैं।अल्जारी जोसेफ की जगह 23 वर्षीय लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज जेडियाह ब्लेड्स को मौका मिला है। ब्लेड्स ने अभी तक सिर्फ 1 वनडे और 4 टी-20 मैच खेले हैं और वे नई गेंद से स्विंग कराने में सक्षम हैं।हाल ही में वेस्टइंडीज को पाकिस्तान से टी-20 सीरीज 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन वनडे में उनका घरेलू प्रदर्शन मजबूत रहा है। उन्होंने घर में पिछली तीन वनडे सीरीज जीती हैं।सीरीज की सभी तीन मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट अकैडमी में 8, 10 और 12 अगस्त को खेले जाएंगे।

# दो-स्तरीय वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के खिलाफ ईसीबी

## कहा- इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और भारत से अलग नहीं किया जा सकता

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को दो-स्तरीय मॉडल में बदलने की योजना का विरोध किया है।

ईसीबी का मानना है कि अगर इंग्लैंड का प्रदर्शन कुछ समय के लिए खराब होता है और टीम दूसरी श्रेणी (डिवीजन-2) में चली जाती है, तो इससे ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसी बड़ी टीमों के साथ उनके मुकाबले नहीं हो पाएंगे., जो उनके सबसे अहम और मुनाफे वाले मुकाबले होते हैं।

दरअसल, ईसीबी ने हाल ही में एक वर्किंग ग्रुप बनाया है, जिसका नेतृत्व न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी रोजर ट्वोज़ कर रहे हैं। यह समूह 2027 से शुरू होने वाले अगले डब्ल्यूटीसी साइकिल से पहले इस टूर्नामेंट को बेहतर बनाने के उपायों पर काम कर रहा है। दो-स्तरीय प्रणाली (जहां शीर्ष और निचले स्तर की टीमें अलग-अलग डिवीजन में खेलेंगी) इस बार चर्चा का बड़ा विषय रहा है।



ईसीबी अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, अगर इंग्लैंड एक खराब दौर से गुजरता है और डिवीजन-2 में चला जाता है, तो क्या हम ऑस्ट्रेलिया और भारत से नहीं खेल पाएंगे? यह स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने माना कि डब्ल्यूटीसी ने टेस्ट क्रिकेट को एक नई पहचान दी है, लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है। उनके अनुसार, समय पर बदलाव और बेहतर शेड्यूलिंग से डब्ल्यूटीसी को और बेहतर बनाया जा सकता है । इसके लिए जरूरी नहीं कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में बांटा जाए।

थॉम्पसन ने इस ओर भी इशारा किया कि 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट शामिल होने जा रहा है, जिससे जुलाई में शेड्यूल को लेकर बड़ी चुनौतियां सामने आ सकती हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बड़ी टीमों की जिम्मेदारी है कि वे छोटे देशों को टेस्ट क्रिकेट में मजबूत बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा,अगर दो-स्तरीय मॉडल से छोटे देशों को बेहतर संसाधन और अवसर मिलते हैं, तो मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन अगर इससे नुकसान होता है, तो मैं इसका समर्थन नहीं करूंगा।आईसीसी की योजना है कि बड़े और छोटे क्रिकेट बोर्ड मिलकर यह तय करें कि आगे से जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी का चक्र शुरू हो तो उसमें 2 टियर सिस्टम लागू हो।

# ओलिंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर लवलीना बोलीं- बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया

## जूम पर मुझसे कहा– सिर नीचे करो, जैसा हम कहते हैं वैसा करो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन ने इंडियन बॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। टीओआई के अनुसार, लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा- कर्नल मलिक ने 8 जुलाई को टॉप्स की जूम मीटिंग में मेरे साथ अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।



इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। आईओए ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टॉप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं।

लवलीन ने 2 पेज का शिकायत पत्र खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई डीजी टॉप्स, आईओए और बॉक्सिंग फेडेरेशन को भेजी। उन्होंने शिकायत में लिखा-

मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं?

उन्होंने लिखा-मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बॉक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है।

लवलीना ने आगे लिखा- 8 जुलाई को बीएफआई और टॉप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाते हुए कहा- चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो। उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था।

लवलीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं।

विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा- मुझे बदनाम किया जा रहा है। अरुण ने बताया कि मीटिंग में लवलीना ने 2 डिमांड की थी।

हंगरी में वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रेनिंग वह हंगरी में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जाकर ट्रेनिंग करना चाहती थी। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम का ऐलान नहीं हुआ था। इस पर मैंने कहा था- टीम घोषित होने के बाद इस पर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसमें दिक्कत यह है कि आयोजन कमेटी (ब्रिटेन बॉक्सिंग एसोसिएशन) ने वीजा के लिए 20 वर्किंग दिन चाहिए। वहां के वीजा के लिए पासपोर्ट जमा करना होगा। अगर हंगरी के लिए करते हैं, तो फिर ब्रिटेन के वीजा के लिए दिक्कत आ जा सकती है।

हंगरी में पर्सनल कोच ले जाना चाहती थी लवलीना ने हंगरी में पर्सनल कोच और फीजियो को ले जाने की बात कही थी। जूम कॉल में उनकी पर्सनल कोच भी जुड़ी थी। हमने उनको बताया कि सरकार और बीएफआई के नियमानुसार बॉक्सिंग में पर्सनल कोच अलाउ नहीं है।

# सिर्फ दो घंटे में लूटकांड का पर्दाफाश

## मधेपुरा पुलिस ने दो शातिर अपराधी किया गिरफ्तार हथियार व लूटे गए मोबाइल बरामद



प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा में 6 अगस्त की सुबह सदर थाना क्षेत्र में राहगीरों से हथियार के बल पर मोबाइल लूटने वाले दो कुख्यात अपराधियों को मधेपुरा पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। घटना भेलुवा चौक से पश्चिम खोनमा पुल के पास की है, जहां राहगीरों को निशाना बनाया गया था। एसपी मधेपुरा के दिशा-निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम ने सखुआ स्थित सड़क पर वाहन चेकिंग के दौरान दोनों अपराधी क्रांति कुमार व चंदन कुमार को धर-दबोचा।

गिरफ्तार अपराधियों के पास से चार लूटे गए मोबाइल, एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल और एक अन्य मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इन दोनों अपराधियों पर पूर्व में भी कई संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

एएसपी प्रवेंद्र भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अपराध पर कड़ा शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और लूट जैसी घटनाओं में शामिल अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार दोनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# आप लोग सही आदमी को चुनकर बिहार में सीएम बनाएं : तेजप्रताप

## पूर्व मंत्री ने उज्जैना गांव में बोले-केवल भाषण देने से सामाजिक न्याय नहीं होता

प्रातः किरण संवाददाता



बहेड़ी(दरभंगा)।पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने कहा कि पांच साल के पर्व में आप लोग सही आदमी को चुनकर बिहार में मुख्यमंत्री बनाएं जिससे सामाजिक न्याय मजबूत हो और बिहार में हत्या, दुष्कर्म,लूट जैसी घटनाएं रुक सके। वे बुधवार की शाम भच्ची पंचायत की उज्जैना गांव में सभा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री यादव कहा कि वैसे तो हम अभी राजद से अलग हैं लेकिन आप लोग इस चुनाव जैसे पर्व में वैसे आदमी को वोट दें जो रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा के बारे में काम करें। ताकि लोगों के प्रवासन पर रोक लग सके। अगर बिहार में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तो बिहार के लोगों को दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। हम अपने पिता को ही गुरु मानते हैं और उनके विचार की अनुसरण कर उन्हीं के सामाजिक न्याय पर चल रहे हैं। हम अपने यहां प्रत्येक दिन जनता दरबार लगाकर जनता का कार्य करते हैं। आप लोग भी जनता से मिलकर उनकी समस्या सुनकर उनका निदान करें जिससे जनता का कार्य हो सके।

उन्होंने कहा कि केवल भाषण देने से सामाजिक न्याय नहीं होता है। दलित, गरीब-गुरबा यदि बीमार है तो उसकी जिंदगी को बचाइए। वह जिंदा रहेगा तो वोट देगा। कोई बीमार है तो उसको हमारे आवास पर लेकर आइए, उसका इलाज कराएंगे। युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि केवल राजनीति नहीं कीजिए। लोगों की समस्या को जानिए, उसको उठाइए और समाधान कराइए। वर्तमान सरकार लूट खसोट में लगी है।

चाचाजी पूरी तरह फेल हैं। रोज हत्या हत्या व दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। अस्पताल में घुसकर अपराधी गोली मार रहे हैं। सभा की अध्यक्षता पूर्व मुखिया मणिकांत यादव ने की। मौके पर ललित सिंह,संतोष यादव,पिंकू खान, विकास कुमार,दीपक कुमार, आशुतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# विशेष प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ की बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

जमुई संवाददाता । भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा बिहार राज्य में अहर्ता तिथि 1 जुलाई 2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण हेतु जमुई जिला के लिए नियुक्त स्पेशल रोल ऑब्जर्वर भरत खेरा की अध्यक्षता में 07 अगस्त 2025 को जिला समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक किया गया।

सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवीन द्वारा माननीय विशेष प्रेक्षक मतदाता सूची को पौधा एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।

तदोपरांत जमुई जिला के मतदाता सूची के संबंध में पी०पी०टी० के माध्यम से संक्षिप्त परिचय दिया गया।

श्री खेरा द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किया। उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा पुनरीक्षण प्रकिया के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए और जिला प्रशासन की कार्यों की सराहना की गई और दावा/आप्ति के क्रम में अपेक्षित सहयोग देने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा लगातार विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित सूचनाओं को साझा किया जाता रहा है।

उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जमुई एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव उपस्थित थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा । दिल्ली पब्लिक स्कूल कादिराबाद, दरभंगा में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से तीन तक के सभी बच्चों ने राधा और कृष्ण के वेशभूषा में संगीत और नृत्य के माध्यम से राधा-कृष्ण के जीवन आधारित विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दही-हांडी रहा जिसमें भाग लेते हुए सभी बच्चे उत्साहित दिखे। विद्यालय के निदेशक डॉ. शोएब अहमद खान, चेयरमैन तुफैल अहमद खान, प्रधानाचार्य संजय कुमार झा एवं उप प्रधानाचार्य मोहम्मद अली अंदलिब ने छात्रों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान कृष्ण की शिक्षाएं हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की मदद से आज के इस कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# ससुराल गई पत्नी दो बच्चों को लेकर हुई फरार जेवर और नकद राशि भी कर दिया गायब

सहरसा। सदर थाना क्षेत्र के भारतीय नगर, वार्ड नंबर - 26/35 निवासी मो रोजित के पुत्र मो मेराज ने अपनी पत्नी को दो बच्चों के साथ फरार हो जाने की शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि उनकी शादी सदर थाना क्षेत्र के गंगजला चौक, नियामत टोला निवासी मो सैयद की पुत्री रुखसाना खातून से हुई थी। उन दोनों के चार बच्चे हैं। जिनमें मेंमुना, मनतशा, मारिया और मोआविया बच्चे हैं। कुछ दिन पूर्व उनकी पत्नी चारों बच्चों के साथ मायके गई थी। वे भी अपनी पत्नी से मिलने उनके मायके आया जाया करते थे। लेकिन बीते दिनों जब वे ससुराल पहुंचे तो देखा उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे मारिया और। मोआवियां घर से गायब है। पता करने पर जानकारी मिली कि एक दिन पूर्व ही वे घर से पड़ोसी के यहां जाने की बात कह कर निकली थी। तब से वे गायब है। उन्होंने आगे बताया कि उनकी पत्नी मायके जाने से पूर्व उनके द्वारा दिया गया तीन-चार लाख का जेवर और नकद 10 लेकर गई थी। जिसे भी वे लेकर फरार हो गई है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

## ई रिक्शा की भर दी सारी किस्त, नहीं दे रहे एनओसी, गाड़ी चलाने में हो रही परेशानी

सहरसा। सदर थाना क्षेत्र के शाहपुर पंचायत के मुरली बसंतपुर गांव, वार्ड नंबर - 7 निवासी दामोदर राम के पुत्र राजेश राम ने ब्रजेश ऑटोमोबाइल के प्रबंधक और उनके एक कर्मी पर धोखाधड़ी करने एवं ई-रिक्शा की सारी किस्त चुका देने के बावजूद एनओसी सर्टिफिकेट नहीं देने की शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2019 में पटुआहा गांव स्थित ब्रजेश ऑटोमोबाइल शोरूम पर पहुंचे थे। जहां ई रिक्शा फाइनेंस करने की बात पूछी थी। जिसके बाद दो वर्षों तक उक्त फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक और उनके एक कर्मी उन्हें सरकारी अनुदान दिलाने के नाम पर बुलाते रहे। फिर वर्ष 2021 में उन्हें ई-रिक्शा दी गई। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर - बीआर 19 ई 1426 थी। उक्त रिक्शा को वे अब तक चला रहे है। समय-समय पर उसकी किस्त भरी थी। लोन पूरी तरह चुकता कर दिया गया था। लेकिन प्रबंधन और उक्त कर्मी द्वारा आज तक उक्त ई रिक्शा का न तो एनओसी सर्टिफिकेट दे रहे है। और न ही लोन बंद होने के प्रमाण पत्र ही दिए जा रहे हैं। जिससे उन्हें ई रिक्शा चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

# संस्कृत अध्ययन-अध्यापन ईश्वरीय कार्यः अध्यक्ष

## कुलपति ने कहा राष्ट्र की ज्ञान परम्परा संस्कृत में ही समाहित है

प्रातः किरण संवाददाता



दरभंगा।बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने आज कहा कि संस्कृत है तो संस्कृति है, संस्कार है और तभी राष्ट्र भी है।इसलिए इस देव भाषा के उत्थान व विकास का प्रयास जरूरी है और हम इसमें दिलोजान से लगे हुए हैं। संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में आयोजित संस्कृत सप्ताह समारोह के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने बुधबार को यह बातें कही। अध्यक्ष श्री झा ने अंग्रेजी के तीन शब्द पॉजिटिव, नैरेटिव के साथ साथ मैसिव पर बहुत जोर दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ शिक्षण संस्थानों का माहौल व परिवेश बदलिए और समाज मे प्रभावी भूमिका को बढ़ाते हुए संस्कृत की रक्षा करें। अगर पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाएगा तो संस्कृत के प्रति सोच व माहौल में अवश्य बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अध्ययन व अध्यापन ईश्वरीय कार्य है। अब सभी स्कूलों में संस्कृत में ही प्रार्थना की अनिवार्यता कर दी गयी है। इसी क्रम में अध्यक्ष ने कहा कि वे गुरुकुल परम्परा के हिमायती रहे हैं।

इसी क्रम में अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि राष्ट्र की ज्ञान परम्परा संस्कृत में ही समाहित है । इसलिए भी इसका संरक्षण जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि इस भाषा व ज्ञान को प्रसारित करने का बड़ा दायित्व हम संस्कृतज्ञों पर है। उन्होंने कहा कि पहले संस्कृत व्यवहार की भाषा थी ,अब नही रही। बीच के काल खंड के विद्वानों ने ध्यान नही दिया इसलिए यह सिर्फ सभा की भाषा बन कर रह गयी और समाज को इससे लाभ भी नही मिला। यही कारण रहा कि यह जनभाषा नही बन सकी। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो0 देवनारायण झा ने कहा कि संस्कृत सिर्फ भाषा नहीं बल्कि विद्या है। विद्या संरक्षित होगी तो शास्त्र संरक्षित रहेगा और राष्ट्र भी सुरक्षित होगा। ऐसे में जन जन भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे इस तरह अध्ययन करें कि विश्वविद्यालय का मान व सम्मान बढ़े। वहीं, सारस्वत अतिथि पुराण संकायाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार झा ने संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता को विस्तार से प्रतिपादित किया। उन्होंने वर्तमान समय में संस्कृत की उपयोगिता पर भी फोकस किया। अतिथियों का स्वागत डीन डॉ शिवलोचन झा ने और धन्यवाद ज्ञापन कुलानुशासक प्रो पुरेन्द्र वरिक ने किया। मंच संचालन सहायक प्रध्यापक डॉ रामसेवक झा ने किया।

# डीलर्स एसोसिएशन के अनुमंडल अध्यक्ष एमामुल हक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई गोदाम पर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन पीरों के अनुमंडल अध्यक्ष एमामुल हक के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता देवीदयाल सिंह ने की।वहीं संचालन चरपोखरी प्रखंड अध्यक्ष श्रीनिवास सिंह ने किया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।श्रीनिवास सिंह ने कहा कि एमामुल हक के निधन से संगठन के साथ-साथ समाजिक स्तर पर हुई क्षति को पूरा नहीं किया जा सकेगा।श्रद्धांजलि सभा में राम इकबाल सिंह,बरुण सिंह,उमत हुसैन,दीपक कुमार,अवधेश राम,श्री राम सिंह,जितेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह,मनमोहन सिंह,अजीत सिंह,कृष्ण सिंह,डब्लू सिंह,विजय सिंह,दीपक सिंह और प्रेमनाथ साह सहित कई लोग मौजूद थे।

## होमियोपैथी मे है बांझपन का सफल इलाज : डॉ पटेल

पीरो। बांझपन लाइलाज नहीं है यदि इसके वास्तविक कारणों का सही तरीके से पहचान कर ईलाज किया जाए तो इस समस्या को दूर किया जा सकता है । होम्योपैथी में इसका सटीक व शर्तिया ईलाज है। ये बातें होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ कुंदन पटेल ने यहां बांझपन कारण व निदान विषय पर आयोजित सेमिनार में अपनी राय रखते हुए ये बातें कहीं ।

# मां सीता मंदिर भूमि पूजन पर दीपोत्सव का आह्वान

बेनीपुर(दरभंगा)। बेनीपुर प्रखंड के पोहद्दी गांव स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, निभा देवी ने एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पुनौराधाम में होने वाले मां सीता मंदिर के भव्य शिलान्यास और भूमि पूजन के अवसर पर समस्त मिथिलावासियों से दीपोत्सव मनाने की अपील की।निभा देवी ने इस ऐतिहासिक अवसर को पूरे मिथिलांचल के लिए सौभाग्य और गौरव का दिन बताया। उन्होंने पुनौराधाम को ऐतिहासिक और आस्था का केंद्र बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के साथ मां जानकी माता सीता का यह पुण्य धाम हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।इस अवसर पर विजयलक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, राधा देवी, सुनीता देवी, संतोष देवी, कल्याणी देवी, ममता देवी, शिखा देवी, कोमल देवी, संगम देवी, राखी देवी, ललिता देवी, रामलड्डू देवी, काजल कुमारी, बमबम चौधरी, निखिलेश चौधरी, अनिल झा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बंद लॉ कॉलेज के खिड़की को तोड़ ग्रिल की हुई चोरी, मामला दर्ज

सहरसा। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एमएलटी कॉलेज सहरसा परिसर में अवस्थित राजेंद्र मिश्र स्मारक विधि महाविद्यालय के खिड़की में लगे ग्रिल को तोड़कर चोरी कर ली गई है। जिसको लेकर सदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार दास एवं सहायक प्रमोद कुमार ने बताया कि इन दोनों लॉ कॉलेज को बंद कर दिया गया है। सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मी को पद से हटा दिया गया है। रात्रि प्रहरी भी कार्यरत नहीं है। ऐसे में सुनसान और बंद महाविद्यालय के खिड़की को तोड़कर उसमें लगे ग्रिल की चोरी कर ली गई है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है।

## पड़ोसी के घर में घुसकर की गाली गलौज, मारपीट और लूटपाट

सहरसा। सदर थाना क्षेत्र के पटुआहा, वार्ड नंबर - 36/21 निवासी रामचंद्र सादा के पुत्र संजय सादा ने अपने पड़ोसी कन्हैया शर्मा, पिंकू सादा, विजेंद्र सादा, राहुल सादा सहित अन्य परिजनों के खिलाफ घर में घुसकर गाली गलौज करने, मारपीट करने एवं लूटपाट मचाने की शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाना में मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी।

# प्रीमियम सुविधाओं वाली किफायती ट्रेनः अमृत भारत

प्रातः किरण संवाददाता

सीतामढ़ी। बैरगनिया रक्सौल सिकटा नरकटियागंज और बगहा के लोगों को भारतीय रेल से बड़ी सौगात मिलने वाली है। माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार की यात्रा पर आएंगे तो सीतामढ़ी से हरी झंडी दिखाकर सीतामढ़ी से दिल्ली के लिए साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेन को रवाना करेंगे।

भारतीय रेल की ओर से बिहार को मिलने वाली यह सातवीं अमृत भारत ट्रेन है। इससे पहले जब देश में पहली बार अमृत भारत ट्रेनें बनकर तैयार हुई थी, तो उनका परिचालन दरभंगा से वाया अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच किया गया था। सहरसा और मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन भी मोदी जी के द्वारा हरी झंडी दिखाई जाने के बाद किया गया। इसके अलावा पटना और नई दिल्ली के बीच दैनिक अमृत भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ मोतिहारी से आनंद विहार के लिए और दरभंगा तथा मालदा टाउन से भाया भागलपुर, गया,सासाराम लखनऊ के लिए अमृत भारतीय एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे बिहार के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में किया गया है। इसे खास तौर पर मध्य एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें स्लीपर और जनरल क्लास के डिब्बे लगे हुए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण में कई-नई सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं, जिससे अमृत भारत 2.0 पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक और हाईटेक हो गई है।

अमृत भारत ट्रेन लो बजट में यात्रा करने का एक सुविधाजनक और विश्वसनीय माध्यम बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में जानकारी दी थी कि देश में 100 नए अमृत भारत रेक निर्माणाधीन हैं, जिन्हें भारतीय रेल के विभिन्न रूटों पर चलाया जाएगा।

विदित हो कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन के कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इनमें हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, एयर स्प्रिंग बॉडी जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिससे सफर आरामदायक होता है।

इस ट्रेन के प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सॉप डिस्पेंसर और एरोसॉल आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम लगाया गया है, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। शौचालयों के निर्माण में शीट मेटल कंपाउंड सामग्री का उपयोग किया गया है जिससे रखरखाव आसान होगा।

# पटना शहर में लगातार चौथे दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

## प्रभावी ढंग से अभियान चलायें; व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करें, आयुक्त ने दिया सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार चौथे दिन अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.35 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ गोलम्बर से स्टेशन गोलम्बर, एक्जीविशन रोड, डाकबंगला चौराहा, बंदर बगीचा, इस्कॉन मंदिर तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 10,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।पाटलिपुत्र अंचल में 11.00 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ ए.जी. कॉलोनी 90 फीट रोड, आईजीएमएस हॉस्पीटल के पीछे तक स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान नाला पर से लगभग 50 से 60 स्थायी झोपड़ी को तोड़कर हटाया गया तथा 3 हाइवा एवं 1 टीपर मिट्टी जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 13,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

कंकड़बाग अंचल में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ पोस्टल पार्क चौराहा से होते हुए मीठापुर बस स्टैण्ड एवं मीठापुर से न्यू बाईपास तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 स्टॉल, 2 ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 12,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।नगर परिषद् दानापुर निजामत में 11.30 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ सगुना मोड़ से आर. के. पुरम खगौल रोड तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 15 अवैध पोस्टर/बैनर, 10 बाँस, 15 चाली हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 4,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।आज के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 39,500/- जुमार्ना वसूला गया।

आयुक्त के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आयुक्त ने कहा कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा।

आयुक्त के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है।

आयुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें।

आयुक्त डॉ. सिंह ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। आयुक्त डॉ. सिंह के निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा विशेष अभियान के तहत प्रभावशाली ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान संचालित करने के लिए एक पाँच-सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। यह निम्नवत हैः-(क) पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना,(ख) अपर जिला दण्डाधिकारी, नगर व्यवस्था, पटना (ग) पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, पटना ,(घ) अपर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम,(च) सिटी मजिस्ट्रेट-सह-प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना ,आयुक्त डॉ. सिंह ने निदेश दिया कि मल्टी एजेंसी अभियान में मॉनिटरिंग सेल के सभी पदाधिकारी संयुक्त रूप से क्रियाशील रहकर विशेष निगरानी रखेंगे।गौरतलब है कि आयुक्त द्वारा सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु पटना में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निदेश दिया गया था। उनके निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री कार्तिकेय के. शर्मा तथा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम श्री अनिमेष कुमार पराशर/संबंधित नगर निकाय द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए कई टीम का गठन किया गया है।

आयुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत नगर निकायों के क्षेत्र में विशेष टीम का गठन कर अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाने का निदेश दिया है।

आयुक्त ने विशेष अभियान में शामिल सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर अभियान को तार्किक परिणति तक पहुँचाने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।यातायात व्यवधान, अतिक्रमण एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध प्रशासन शून्य सहिष्णुता के सिद्धांत पर काम करता है। निदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555